3 बस्तर संभाग
आदिवासियों के हितों के संरक्षण के लिए राज्य सरकार ...

6 अभिमत
प्रभावी उपचार हैं मीठी गोलियां

10 संस्कारधानी
सांकरदाहरा के लिए जर्जर व दुर्गम पुल मार्ग से सफर

11 छत्तीसगढ़
दर्रीघाट में ग्रामीणों ने लोकवाणी का प्रसारण उत्साह से ...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 14 जून 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-05, अंक- 293 मूल्य 3.00 ₹

हसदेव अरण्य पर संकट के बादल

कोल ब्लाक को शुरु करने की प्रक्रियाएं जोरों पर

- केन्द्र सरकार देश भर के 41 कोल ब्लाकों की व्यवसायिक नीलामी कर रही है। जिसमें से 9 कोल ब्लाक छत्तीसगढ़ में
- करीब एक हजार आठ सौ बासठ हेक्टेयर निजी और शासकीय भूमि सहित सात हजार सात सौ तीस हेक्टेयर वनभूमि का भी अधिग्रहण होना है
- अगर कोल खनन का काम आगे बढ़ता है तो 15-20 गांव एवं 8-10 हजार लोग प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रुप से होंगें प्रभावित। सभी का विस्थापन किया जा सकता है
- इस इलाके में जंगली हाथी, भालू, हिरण और अन्य दुर्लभ वन्य जीवों के प्राकृतिक निवास हैं। खदानों से इनके अस्तित्व पर भी संकट आ जाएगा
- पिछले 20 सालों में तकरीबन 160 से अधिक हाथियों की मौत हो चुकी है और अधिकांश मौत हाथी, मानव संघर्ष का परिणाम हैं। 2005 में राज्य में लेमरू हाथी अभ्यारण्य बनाने की योजना पर काम शुरु हुआ था लेकिन यह अभ्यारण्य अभी भी फाइलों में दम तोड़ रहा है
- स्थानीय जनप्रतिनिधि कहते हैं 2015 में मदनपुर में कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी ने कहा था कि अगर आदिवासी और ग्रामसभा नहीं चाहेगी तो इस इलाके में कोयला खनन नहीं होने दिया जायेगा
- प्रदेश में वर्तमान में कांग्रेस की सरकार है लेकिन हसदेव अरण्य को बचाने अभी तक एक भी बड़े नेता ने आवाज बुलंद नहीं की

पायनियर संवाददाता ✍ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य का हसदेव अरण्य क्षेत्र एक ऐसा वन क्षेत्र है जो छत्तीसगढ़ ही नहीं मध्यभारत की जान है। इस क्षेत्र की देश में अपनी एक अलग पहचान है। जैव विविधता के नाम से भी यह वन क्षेत्र जाना जाता है। पूरे वन क्षेत्र में मिश्रित साल के पौधों की बहुतायत संख्या है। इस क्षेत्र में हाथी बहुतायत संख्या में पाये जाते हैं हाथियों के साथ ही भालू, हिरण और अन्य दुर्लभ वन्य जीवों के प्राकृतिक निवास हैं। इसी कारण से छत्तीसगढ़ सरकार ने लेमरु हाथी अभ्यारण्य बनाने का खाका तैयार किया था, लेकिन कई वर्ष बीत जाने के बाद भी लेमरु हाथी कारिडोर परियोजना फाइलों में ही दम तोड़ रही है। पर्यावरण- वन प्रेमी नितिन सिंहवी कहते हैं कि पूरा विश्व 2035 से 2050 तक कार्बन की उपयोगिता को कम करने का लक्ष्य लेकर चल रहा है लेकिन हमारे देश में जंगलों को तबाह किया जा रहा है। सिंहवी कहते हैं कि बिना जैव विविधता के मानव नहीं रह सकता क्योंकि प्रकृति पेड़-पौधे जंगल, वन्य प्राणी, पक्षियां सभी बैलेंस करते हैं। जैव विविधता के दृष्टि से भी एक-एक पौधे महत्वपूर्ण है। जो शायद एक बार उजड़ गए तो उसकी भरपाई कर पाना संभव नहीं होगा।



पायनियर खास

लेकिन अब हसदेव के अरण्य क्षेत्र में संकट के काले बादल मंडराने लगे हैं। इस क्षेत्र में कोल के अपार भंडार हैं जहां पर वर्तमान में कुछ खदानें संचालित भी हैं, लेकिन अब एक-एक करके अन्य खदानों के नीलामी की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। कोयला खनन को मंजूरी मिलते ही इन जंगलों का तेजी से उजड़ना प्रारम्भ हो जाएगा। जिसकी भरपाई शायद पीढ़ियों तक नहीं की जा सकती। हालांकि इस क्षेत्र में कोल खनन का विरोध ग्रामीण लगातार करते आये हैं लेकिन राज्य तथा केन्द्र सरकार तक इन ग्रामीणों की आवाज शायद नहीं पहुंच पा रही है। कई बार आंदोलन हुए सैकड़ों ग्रामीण कई दिन तक आंदोलन में बैठे रहे लेकिन राज्य का कोई भी बड़ा नेता आंदोलन के साथ खड़ा नहीं हुआ



जिसके कारण अभी तक यह आंदोलन जन का आन्दोलन का बड़ा रुप नहीं ले सका, नतीजन लाख विरोध के बाद भी एक-एक करके कोल ब्लाकों की नीलामी होते जा रही है। और छत्तीसगढ़ की वन संपदा उजड़ते जा रही है। जैव विविधता नष्ट हो रही है। स्थानीय जनप्रतिधि तो लगातार कोल खनन का विरोध करते आ रहे है। और करें भी क्यों न वनवासियों-आदिवासियों के जीविका का एकमात्र साधन वन है। जिसे बचाने के लिए वे कई बार सड़कों पर उतरे लेकिन कोल ब्लाकों की नीलामी नहीं रुकी। छत्तीसगढ़ के वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने भी 01.07.2020 को केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री प्रकाश जावेड़कर को पत्र लिखकर कुछ ब्लाकों को पृथक करने की बात कही थी, मोहम्मद अकबर ने भी वन एवं पर्यावरण की सुरक्षा की दुहाई दी है। यूपीए सरकार के कार्यकाल के दौरान पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तत्कालीन मंत्री जयराम रमेश द्वारा वर्ष 2009 में हसदेव अरण्य क्षेत्र को **'नो गो'** क्षेत्र घोषित किया गया था। हालांकि साल 2011 में परसा ईस्ट केते बासेन और तारा कोल ब्लॉक में खनन की अनुमति यह कहते हुए दी कि ये बाहरी भाग में हैं और इनमें खनन परियोजनाओं से जैव विविधता को ज्यादा असर नहीं पड़ेगा, लेकिन इसके बाद किसी भी अन्य परियोजना को अनुमति नहीं दी जा सकती, अब जैसे-जैसे समय बीतते गया फिर से इस क्षेत्र में परियोजनाएं शुरू की जा रही हैं। प्रस्तावित परियोजनाएं सरगुजा, सूरजपुर और कोरबा जिले के अंतर्गत हैं। तीनों ही जिले पांचवीं अनुसूचित क्षेत्र में शामिल हैं, जहां पेसा कानून 1996 का प्रावधान है। इन क्षेत्रों में ग्राम सभा का निर्णय ही सर्वोपरि होता है। पूरे क्षेत्र की 20 ग्राम सभाओं ने अक्टूबर 2014 में कोल परियोजनाओं के विरोध में प्रस्ताव पारित किया था। कई ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी पत्र लिखकर सीधा विरोध किया। यहां तक कि कुछ परियोजना के लिए फर्जी ग्राम सभा के माध्यम से अनुमति की प्रक्रिया की गई है, इसकी लिखित शिकायत भी कलेक्टर सरगुजा से की गई थी लेकिन इस मामले में कार्रवाई तो दूर जांच तक नहीं की गई है।

त्विक न्यूज

कांग्रेस की वरिष्ठ नेता इंदिरा हृदयेश का निधन

नयी दिल्ली। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता इंदिरा हृदयेश का रविवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया है। हृदयेश कांग्रेस हाईकमान के साथ होने वाली बैठक में शामिल होने दिल्ली आई थी। यहां उनकी तबीयत खराब होने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उनका निधन गया। वह 80 वर्ष की थीं। वह उत्तराखंड विधानसभा में प्रतिपक्ष की नेता और हल्द्वानी से विधायक थीं।

मीराबाई चानू को मिला ओलम्पिक टिकट

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ (आइ डब्ल्यू यू एस) ने शनिवार को भारतीय भारोतोलक मीराबाई चानू के महिलाओं के 49 किलोग्राम भर वर्ग में टोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की पुष्टि कर दी है। चानू ने अप्रैल में ताशकंद में एशियाई चैंपियनशिप में क्लीन एंड जर्क में विश्व रिकॉर्ड के साथ कांस्य पदक जीतकर टोक्यो ओलंपिक में अपना स्थान सुरक्षित किया था।

दिल्ली और पड़ोसी राज्य में कोरोना के बढ़ते मामलों से सावधान रहने की जरूरत : भूपेश

पायनियर संवाददाता ✍ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नई दिल्ली और छत्तीसगढ़ के पड़ोसी राज्य में फिर बढ़ रहे कोरोना-प्रकरणों को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेशवासियों से विशेषकर बस्तर संभाग में विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। मुख्यमंत्री बघेल ने नई दिल्ली का उदाहरण देते हुए कहा है कि नई दिल्ली में लॉकडाउन खुलने के बाद पॉज़ीटीविटी दर फिर से 0.5 प्रतिशत बढ़ गयी है । इसी तरह पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र के बस्तर की सीमा से लगे ज़िलों में भी कोविड संक्रमण में वृद्धि की जानकारी मिल रही है । इससे सबक़ लेने की ज़रूरत है । छत्तीसगढ़ में इस समय हालात बहुत बेहतर हैं। संक्रमण दर 02 प्रतिशत से भी नीचे है, मृत्युदर भी बहुत कम है। राज्य में नये मरीजों तथा कुल सक्रिय प्रकरणों की संख्या भी बहुत थोड़ी रह गई है। श्री बघेल ने कहा है कि हमने कोरोना की दूसरी लहर के दौरान बहुत से प्रियजनों को खो दिया है।



अपनी अर्थव्यवस्था को बचाए रखने के लिए हमें बहुत संघर्ष करना पड़ा है। राज्य में अब जाकर विकास ने फिर रफ्तार पकड़ी है। हमें हर हाल में छत्तीसगढ़ में कोरोना को दुबारा फैलने से रोकना होगा। कोविड एप्रोप्रिएट बिहेवियर का सतत रूप से पालन करते रहना जरूरी है। छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। श्री बघेल ने कहा है कि सभी पात्र लोग टीका जरूर लगवाएं, क्योंकि कोरोना से बचने का यही सबसे मजबूत उपाय है। टीके को लेकर किसी भी तरह के अफवाह या भ्रम में पड़ने से बचें।

रक्षा उत्कृष्टता में नवाचार के लिए 498 करोड़ रूपये की बजटीय सहायता मंजूर

वार्ता ✍ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अगले पांच वर्षों के लिए रक्षा उत्कृष्टता में नवाचार (आई-डीईएक्स)- रक्षा नवाचार संगठन (डीआईओ) के लिए 498.8 करोड़ रुपये की बजटीय सहायता को मंजूरी दी है। इस बजटीय सहायता से 'आत्मनिर्भर भारत अभियान' को बढ़ावा मिलेगा क्योंकि आई-डीईएक्स- डीआईओ का देश की रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और स्वदेशीकरण का प्राथमिक उद्देश्य है। रक्षा उत्पादन विभाग (डीडीपी) द्वारा आई-डीईएक्स के निर्माण और डीआईओ की स्थापना का उद्देश्य एमएसएमई, स्टार्ट-अप, व्यक्तिगत नवोन्मेषकों, अनुसंधान एवं विकास संस्थानों और शिक्षाजगत समेत उद्योगों को शामिल करके रक्षा और एयरोस्पेस में नवाचार और प्रौद्योगिकी विकास को बढ़ावा देने के लिए एक ईको सिस्टम का निर्माण करना और उन्हें अनुसंधान और विकास करने के



लिए अनुदान तथा वित्तपोषण और अन्य सहायता प्रदान करना है। अगले पांच वर्षों के लिए 498.8 करोड़ रुपये की बजटीय सहायता वाली इस योजना का उद्देश्य डीआईओ फ्रेमवर्क के तहत लगभग 300 स्टार्ट-अप्स, एमएसएमई, व्यक्तिगत नवोन्मेषकों और 20 साझेदार इनक्यूबेटर को वित्तीय सहायता प्रदान करना है। यह रक्षा जरूरतों के बारे में भारतीय नवाचार पारितंत्र में जागरूकता बढ़ाने और इसके विपरीत भारतीय रक्षा प्रतिष्ठान में उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए अभिनव समाधान देने की उनकी क्षमता के प्रति जागरूकता पैदा करने में सहायता करेगा। इस योजना का उद्देश्य रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्र के लिए नई, स्वदेशी और अभिनव प्रौद्योगिकियों के तेजी से विकास को सुगम बनाना है ताकि कम समय सीमा में उनकी जरूरतों को पूरा किया जा सके, रक्षा और एयरोस्पेस के लिए सह-निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए अभिनव स्टार्ट-अप्स के साथ संबंध स्थापित करने की संस्कृति का विकास करना, रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्र के भीतर प्रौद्योगिकी सह-निर्माण और सह-नवाचार की संस्कृति को सशक्त बनाना और स्टार्ट-अप के बीच नवाचार को बढ़ावा देकर उन्हें इस ईको सिस?टम का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित करना है। डीडीपी पार्टनर इनक्यूबेटर (पीआई) के रूप में आई-डीईएक्स नेटवर्क की स्थापना और प्रबंधन के लिए डीआईओ को धन जारी करेगा यह रक्षा और एयरोस्पेस जरूरतों के बारे में विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के पार्टनर इनक्यूबेटर सहित पार्टनर इनक्यूबेटर के माध्यम से एमएसएमई के नवोन्मेषकों, स्टार्ट-अप तथा प्रौद्योगिकी केंद्रों के साथ संवाद करेगा।

मोदी का जी-7 से ट्रिप्स समझौते में छूट दिये जाने का आह्वान

एजेंसी ✍ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

भारत ने विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं वाले सात देशों के समूह जी-7 की बैठक में कोविड-19 महामारी के टीके के विनिर्माण के लिए ट्रिप्स समझौते रियायत दिये जाने तथा टीका बनाने के लिए आवश्यक कच्चे माल की आपूर्ति श्रृंखला को खुला रखने का आह्वान किया जिसे व्यापक समर्थन मिला। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिटेन में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन के पहले सत्र में वीडियो लिंक के माध्यम से भाग लिया जिसका शीर्षक बिल्डिंग बैक स्ट्रॉन्गर -हैल्थ था जो कोविड महामारी से वैश्विक अर्थव्यवस्था को उबारने तथा भविष्य में होने वाली महामारियों के विरुद्ध प्रतिरोधक क्षमता सशक्त करने पर केन्द्रित था। प्रधानमंत्री ने 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' का नारा दिया जिसका जर्मनी की चांसलर एंगेला मर्केल ने

समर्थन किया। श्री मोदी ने कोविड-19 जैसी महामारियों की भविष्य में रोकथाम के लिए लोकतांत्रिक एवं पारदर्शी समाजों को विशेष रूप से जिम्मेदार बताते हुए वैश्विक नेतृत्व एवं एकजुटता कायम करने का आह्वान किया। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री ने महामारी से मुकाबले में भारत के पूरे समाज की भागीदारी तथा हर स्तर पर सरकार, उद्योग एवं नागरिक समाज के बीच गहन समन्वय के व्यवहार को रेखांकित किया। उन्होंने संक्रमित लोगों के संपर्क में आने वालों की पहचान एवं टीकाकरण प्रबंधन के लिए डिजीटल माध्यम के उपयोग की सफलता की जानकारी दी और कहा कि भारत इस बारे में अपने अनुभव एवं विशेषज्ञता को साझा करने का इच्छुक है। सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री ने वैश्विक स्वास्थ्य प्रशासन को सुदृढ़ करने के सामूहिक प्रयास का समर्थन करने के भारत की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

घायलों को राजिम अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रेफर किया गया

पेड़ से टकराई कार, एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत, 7 घायल

पायनियर संवाददाता ✍ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

जिले के ग्राम कोपरा के पास बीती रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। कोपरा नर्सरी के पास एक इको कार पेड़ से टकरा गई। हादसे में 5 महिलाओं की मौत मौके पर ही हो गया। वही 6 लोग घायल हैं जिसमें वाहन चालक भी शामिल है। घायलों को राजिम अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रेफर किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी सदस्य गरियाबंद से लगे ग्राम मालगांव के एक ही परिवार के रहने वाले हैं , जो अभनपुर खट्टी से नहावन कार्यक्रम के बाद वापस मालगांव लौट रहे थे। कोपरा नर्सरी के पास अचानक गाड़ी अनियंत्रित होने पर पेड़ से टकरा गई। जिसमें सवार 5 लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई वही 6 लोग घायल हो गए। वाहन चालक भी हादसे में घायल हो गया। वही एक युवक को भी गंभीर चोटें आई हैं। वाहन में कुल 12 लोग सवार थे एक 12 साल की बच्ची सुरक्षित है। मौके पर मौजूद लोगों के मुताबिक 12 वर्षीय बच्ची ने ही सड़क से गुजरने वाले वाहनों को रोक कर अपने घर और पुलिस को सूचना दी। उसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीण भी बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचकर मदद में जुट गए। शवों को पीएम के लिए राजिम मचुरी भेजा गया। वही घायलों को भी इलाज के लिए राजिम समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रिफर कर दिया गया। अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार ज्यादातर घायलों को हेड इंजरी हुई है। घायलों के चेहरे और हाथ पांव में भी चोटों के गंभीर निशान हैं। वही एक ही परिवार की 5 महिलाओं की मौत हो जाने से मालगांव में मातम पसर गया है।

अनाथ बच्चों के शिक्षा, आश्रय और भोजन की व्यवस्था करेगी सरकार : शिवराज

पायनियर संवाददाता ✍ भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कहा कि राज्य सरकार अनाथ हुए बच्चों की शिक्षा, आश्रय और भोजन की व्यवस्था करेगी और इससे संबंधित योजना शीघ्र ही घोषित की जाएगी। श्री चौहान यहां वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सभी 52 जिलों में कोरोना की स्थिति की समीक्षा के साथ ही जिलों के क्राइसिस मैनेजमेंट समितियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। श्री चौहान ने कहा कि सरकार ने कोरोना संकटकाल के दौरान कोरोना के कारण अनाथ हुए बच्चों के संबंध में निर्णय लिए हैं, लेकिन ऐसे बच्चों की भी चिंता सरकार करेगी, जो कोविड के अलावा अन्य कारणों से अनाथ हुए हैं। श्री चौहान ने कहा कि यह सरकार संवेदनशीलता के साथ कार्य करने वाली है। इसलिए हम

कोविड के अलावा भी अनाथ हुए बच्चों की चिंता कर रहे हैं। सरकार इनके आश्रय, आहार और शिक्षा की व्यवस्था करेगी। इससे संबंधित योजना बनाकर शीघ्र ही घोषित की जाएगी। उन्होंने संकेत दिए कि इस संबंध में समाज का सहयोग भी लिया जा सकता है। इसके पहले श्री चौहान ने कहा कि राज्य में कोरोना की स्थिति और नियंत्रण में आ रही है। आज 274 नए कोरोना संक्रमित मिले। सिर्फ इंदौर, भोपाल और जबलपुर में ही दहाई की संख्या में प्रकरण हैं। संक्रमण दर घटकर 0 3 प्रतिशत हो गयी है। ब्लैक फंगस के इलाज की व्यवस्थाएं भी की गयी हैं। सरकार प्रतिदिन लगभग 80 हजार कोरोना जांच करने का प्रयास जारी रखेगी। राज्य के प्रत्येक कोने में जांच की जाएंगी। राज्य में कोविड केयर सेंटर चलते रहेंगे और किल कोरोना अभियान भी चलता रहेगा। श्री चौहान ने कोरोना संक्रमण पर बेहतर काबू पाने के लिए वैक्सीनेशन अभियान पर भी जोर दिया और कहा कि क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी भी इस दिशा में कार्य करें। जनजागरुकता भी इसके लिए जरुरी है। हम बार बार लॉकडाउन नहीं कर सकते हैं, इसलिए सभी इस बात को समझें और कोरोना रोकने के लिए आवश्यक सभी दिशानिर्देशों का पालन करें। बैठक में विभिन्न जनप्रतिनिधि और सभी 52 जिलों के प्रशासन भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जुड़े।

किसानों के विकास के लिए मील का पत्थर है राजीव गांधी किसान न्याय योजना : मुख्यमंत्री बघेल

साल भर के भीतर 18.45 लाख किसानों को चार किस्तों में 5 हजार 628 करोड़ रूपए की पूरी राशि का भुगतान

■ प्रदेश में विगत दो वर्षों में किसानों की संख्या 5 लाख 50 हजार बढ़ी

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आकाशवाणी से प्रत्येक माह प्रसारित होने वाली 'लोकवाणी' की 18वीं कड़ी में बातचीत की शुरूआत जय जोहार के अभिवादन के साथ करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ किसानों का, खेती-किसानी का राज्य है। हमारा मानना है कि किसान खुशहाल होगा, तभी प्रदेश खुशहाल होगा। विकास की इसी दूरगामी सोच के साथ हमने छत्तीसगढ़ में 21 मई 2020 को 'राजीव गांधी किसान न्याय योजना' की शुरूआत की है। यह योजना हमारी सरकार की कृषक हितैषी सोच को साफ-साफ दर्शाती है। इससे छत्तीसगढ़ में किसानों की आय बढ़ेगी और वे आर्थिक रूप से सक्षम बनेंगे।उन्होंने कहा कि यह योजना छत्तीसगढ़ के किसानों के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि हमने छत्तीसगढ़ में 21 मई 2020 को राजीव गांधी किसान न्याय योजना की शुरूआत की और साल भर के भीतर चार किस्तों में पूरी राशि 5 हजार 628 करोड़ रूपए का भुगतान 18 लाख 45 हजार किसानों के खाते में कर दिया। जो लोग पहले चार किश्तों में राशि देने को लेकर आपत्ति कर रहे थे, उन लोगों ने कोरोना संकट को देखते हुए यह कहना शुरू कर दिया था कि खरीफ 2021 में धान बेचने वाले किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना का लाभ नहीं दिया जाएगा। कोरोना के कारण देश और प्रदेश की आर्थिक स्थिति पर निश्चित तौर पर बुरा असर पड़ा है। लेकिन

मैंने स्पष्ट कहा कि इसका नुकसान किसानों को नहीं होने देंगे। इस तरह हमने राजीव गांधी किसान न्याय योजना 2021 के लिए बाकायदा बजट में 5 हजार 703 करोड़ का प्रावधान किया है और विगत वर्ष की तरह ही 21 मई अर्थात राजीव जी के शहादत दिवस पर, ठीक पिछली बार की तरह पहली किश्त की राशि 1500 करोड़ रूपए का भुगतान किसानों के खाते में कर दिया गया। इसमें 20 लाख 53 हजार 482 किसानों ने धान बेचा है तथा शेष लगभग डेढ़ लाख किसानों ने मक्का व गन्ना बेचा है। कोरोना महासंकट के बावजूद योजना के क्रियान्वयन में एक दिन की भी देरी नहीं की गई।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि हमारी सरकार के कृषक हितैषी निर्णय के फलस्वरूप प्रदेश में लोगों ने खेती में निवेश भी बढ़ाया है। यहां विगत दो वर्षों में किसानों की संख्या 5 लाख 50 हजार बढ़ी है। कई प्रदेशों में लोग जब खेती को छोड़कर अन्य काम-धंधा अपना रहे है, तब हमारे यहां किसानों की संख्या बढ़ना एक अच्छा संकेत है। इसका अर्थ है कि हमारे प्रयास किसानों के घर तक पहुंच रहे है। प्रदेश में वर्ष 2017-18 की तुलना में वर्ष 2020-21 में पंजीकृत किसानों की संख्या 15 लाख से बढ़कर 21 लाख 52 हजार, समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों का प्रतिशत 76.47 से बढ़कर 95.38 प्रतिशत हो गई है। यहां किसानों की रूचि और उत्साह के कारण ही सर्वाधिक कृषि ऋण वितरण का लक्ष्य भी हासिल किया गया है। प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 56.88 मीट्रिक टन से बढ़कर 92 लाख मीट्रिक टन हो गई है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि कृषकों के हित में राजीव गांधी किसान न्याय योजना का कुछ नए प्रावधानों के साथ विस्तार किया गया है। इसके तहत 'राजीव गांधी किसान न्याय योजना' में आदान सहायता की राशि के लिए मुख्यतः तीन प्रावधान हैं। पहला प्रावधान यह है कि पिछले साल की तरह धान के साथ खरीफ की प्रमुख फसल मक्का, कोदो, कुटकी, सोयाबीन, अरहर, गन्ना फसल लेने वाले किसानों को 9 हजार रूपए प्रति एकड़ आदान सहायता राशि हर साल दी जाएगी। दूसरा प्रावधान उन किसानों के लिए जो धान के बदले अन्य निर्धारित फसलें लेना चाहते हैं। उन्हें 10 हजार रूपए प्रति एकड़ की दर से अनुदान सहायता राशि दी जाएगी।

राजीव गांधी किसान न्याय योजना किसान हित में दूरगामी सोच का परिचायक

■ नगर निगम गार्डन में लोगों ने उत्साह के साथ सुना लोकवाणी

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश के सभी रिले केन्द्रों से प्रसारित मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के लोकवाणी कार्यक्रम को आज नगर निगम गार्डन में नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने उत्साह के साथ सुना। मुख्यमंत्री बघेल ने लोकवाणी के माध्यम से राजीव गांधी किसान न्याय योजना, मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना और फसल चक्र से किसानों को होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से बताया। रेडियो वार्ता लोकवाणी सुनकर नगर निगम रायपुर के सभापति प्रमोद दुबे ने कहा कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना में किसान हित में दूरगामी सोच का परिचायक है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार बनते ही सर्वप्रथम किसानों का कर्ज माफ किया, किसानों के लिए किए गए वादे पूरा किया और राजीव गांधी किसान न्याय योजना लाकर किसानों का आर्थिक सुदृढ़ीकरण करने का काम किया है। कोरोना काल में भी बिना देर किए समर्थन मूल्य में खरीदे गए धान की बड़ी अंतर की राशि की प्रथम किस्त प्रदान कर किसानों के हित का ख्याल रखा है। रेडियो वार्ता लोकवाणी सुनकर नवनियुक्त एल्डरमेन नम्मू रजा ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल किसानों के हित में राजीव गांधी किसान न्याय योजना लाकर किसानों की आय बढ़ाने का काम किया है। इससे प्रदेश के किसान खुशहाल हैं। इसके लिए मैं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को धन्यवाद देता हूं। 'लोकवाणी' सुनकर गांधी नगर, कालीबाड़ी निवासी सुकल्पना सागर ने कहा कि मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना के माध्यम से राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ को हरियर बनाने और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है।

यूएनडीपी और नीति आयोग ने मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान को सराहा

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) और नीति आयोग ने प्रदेश के बस्तर संभाग में मलेरिया उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ द्वारा संचालित मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान की सराहना की है। यूएनडीपी ने नीति आयोग को सौंपे अपनी रिपोर्ट में कहा है कि आकांक्षी जिलों बीजापुर और दंतेवाड़ा में इस अभियान के बहुत अच्छे नतीजे आए हैं। मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान के असर से बीजापुर जिले में मलेरिया के मामलों में 71 प्रतिशत और दंतेवाड़ा में 54 प्रतिशत की कमी आई है। यूएनडीपी ने इस अभियान को आकांक्षी जिलों में संचालित सबसे बेहतर अभियानों में से एक बताया है। उसने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि मलेरिया को खत्म करने देश के अन्य आकांक्षी जिलों में भी इस तरह का अभियान संचालित किया जाना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि बस्तर संभाग को मलेरिया से मुक्त करने राज्य शासन द्वारा शुरु किए गए मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान का व्यापक असर देखने को मिला है। बस्तर क्षेत्र में इसके बेहतरीन परिणाम देखे जाने के बाद इस अभियान का मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के रूप में पिछले वर्ष के अंत में सरगुजा संभाग में भी क्रियान्वयन किया गया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ द्वारा चलाए गए दोनो संभागों में इन विशेष अभियानों से मलेरिया के प्रकरणों में लगातार कमी आ रही है।

छत्तीसगढ़ में जेंडर इक्वेलिटी देने किन्नर समुदाय ने मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायपुर जिले के लोकार्पण और भूमिपूजन के वर्चुअल कार्यक्रम में किन्नर समुदाय के लाभार्थियों से भी चर्चा की। इस समुदाय की श्रीमती विद्या राजपूत ने किन्नर समुदाय को आवास और सामुदायिक भवन की सुविधा, शासकीय नौकरियों में आरक्षण देने के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज छत्तीसगढ़ पूरे विश्व में किन्नर समाज को सम्मानजनक स्थान दिलाने और जेंडर इक्वेलिटी के लिए जाना जा रहा है। किन्नर समुदाय की विद्याराजपूत ने मुख्यमंत्री को बताया कि किन्नर समुदाय के लोगों को शहरी क्षेत्रों में विभिन्न आयोजनों के लिए अनेक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। राजधानी रायपुर में

किन्नर समुदाय के लिए शहर के जोन क्रमांक 8 में सामुदायिक भवन तैयार किया गया है जिसका आज लोकार्पण हुआ, इससे काफी सहुलियत मिलेगी। उन्होंने बताया कि किन्नर समुदाय को आवास के लिए अनेक प्रकार की दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। शहर में किन्नर समुदाय के लोगों को 160 नये आवास दिए गए हैं, इससे समुदाय के लोग बहुत प्रसन्न हैं। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। चर्चा के दौरान किन्नर समुदाय की तनुसाहू ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनका चयन पुलिस आरक्षक के पद के लिए हुआ है। उन्होंने कहा कि किन्नर समुदाय को शासकीय नौकरी में आरक्षण दिए जाने से देश दुनिया में छत्तीसगढ़ सरकार का नाम रोशन हो रहा है।उल्लेखनीय है कि रायपुर शहर में बीएसयूपी योजना के तहत किन्नर समुदाय के लोगों को आवास उपलब्ध कराने के लिए 160 आवास बनाए गए हैं। इसके अलावा रायपुर शहर के जोन क्रमांक 8 में नया सामुदायिक भवन बनाया गया है।

उच्च न्यायालय का फैसला, प्रदेश सरकार को करारा तमाचा : उपासने

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यसमिति विशेष आमंत्रित सदस्य सच्चिदानंद उपासने ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के उस फैसले ,जिसमें प्रदेश सरकार ने पूर्व शासन द्वारा पिछड़ा वर्ग आयोग के नियुक्त अध्यक्ष डॉक्टर सियाराम साहू को हटाकर राजनैतिक विद्वेषवश हटाकर उनके स्थान पर धनेश्वर साहू को अध्यक्ष बनाए जाने के निर्णय को निरस्त किए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय प्रदेश सरकार के लोकतंत्र व संविधान विरोधी कार्यवाही पर सरकार को करारा तमाचा है। उपासने ने कहा कि जहां शासन रिक्त पड़े निगम आयोगों में ढाई साल बीत जाने के बाद भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं की नियुक्ति गुटबाजी के चलते नहीं कर पा रही है वहीं पूर्व सरकार के विधिवत नियुक्त अध्यक्षों व सदस्यों को निर्धारित समयावधि का कार्यकाल समाप्त होने से पूर्व ही राजनीतिक दुर्भावना से हटाकर असंवैधानिक कार्य तो कर ही रही है वहीं कांग्रेस कार्यकर्ताओं जिनको नियुक्त कर बिठाया गया उनको भी जानबूझकर अपमानित करने का कुत्सित षड्यंत्र यह सरकार कर रही है। उपासने ने कहा कि पूर्व में भी ऐसे ही निर्णय इन ढाई वर्षों में शासन द्वारा लिए गए उन निर्णयों को भी उच्च न्यायालय ने विपरीत टिप्पणी के साथ निरस्त किया है। उपासने ने मांग की है कि अब जबकि उच्च न्यायालय ने शासन के इस निर्णय को निरस्त कर दिया है तो विधिवत नियुक्त अध्यक्ष डॉक्टर सियाराम साहू को वैधानिक लडाई लड़ने में जितना समय नष्ट हुआ इतनी अवधि तक के कार्यकाल का लाभ डॉ साहू को प्रदान किया जावे व उनके स्थान पर अवैध रूप से नियुक्त किए गए अध्यक्ष ने जो भी लाभ इस अवधि में शासन से प्राप्त किए हैं उसे उनसे वसूल किया जाकर शासन के खजाने में जमा किया जाए।

कांग्रेस के बाद अब भाजपाई कर रहे हैं प्रदर्शन की तैयारी

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिले के सभी 16 मंडलो में 32 स्थानो पर कांग्रेस की वादाखिलाफी के खिलाफ़ प्रदर्शन करेगा। इस दौरान आम जनता के बीच जा कर पूछा जायेगा कि क्या कांग्रेस की सरकार ने आपको किये गये वादे पूरे कियेढ़ क्या शराबबंदी , धान का बोनस , बेरोज़गारी भत्ता , बिजली बिल हाफ़ , सम्पत्ति कर हाफ़ , किसानो बुज़ुर्गों को पेंशन, आवासहीनों को आवास , पट्टा , महिला स्वसहायता समूहों का क़र्ज़ा माफ़ जैसे झूठे वादे पूरे हुये ? इस प्रदर्शन को लेकर

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा रायपुर जिला की बैठक एकात्म परिसर में सम्पन्न हुई। बैठक में भाजपा ज़िलाध्यक्ष श्रीचन्द सुंदरानी, ज़िला महामन्त्री ओमकार बैस, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के ज़िलाध्यक्ष सुनील चौधरी व प्रदेश मंत्री देवदत्त साहू ने कार्यकर्ताओं को मर्गदर्शन दिया।

टीका तुंहर द्वार कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ, चार टीमों के सहयोग से 28 तक चलेगा

■ नगर निगम रायपुर के 10 जोन के 70 वार्ड किये जायेंगे कवर

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

कोविड संक्रमण से बचाव के लिए देशभर में कोविड-19 टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है । इस अभियान के अंतर्गत एक नई पहल करते हुऐ स्वास्थ विभाग ने कोविड टीकाकरण कार्यक्रम को डोर स्टेप तक पहुंचाने के लिए ''टीका तुंहर द्वार'' अभियान के शुरू किया है । इस कार्यक्रम का क्रियान्वयन राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) की टीम के माध्यम से किया गया है ।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम(आरबीएसके) की चार टीमों को विधायक ग्रामीण सत्यनारायण शर्मा, विधायक उत्तर कुलदीप जुनेजा, नगर निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर, द्वारा हरी झंडी दिखाकर कोविड टीकाकरण महा अभियान टीका तुंहर द्वार का शुभारंभ किया गया। इस अवसर कलेक्टर सौरभ कुमार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मीरा बघेल के साथ-साथ जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ आशीष वर्मा और सीएमएचओ कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे ।

टीका तुंहर द्वार कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी गजेंद्र डोंगरे ने बताया: कोविड संक्रमण से बचाव के लिए देशभर में टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है रायपुर स्वास्थ विभाग ने नई पहल करते हुए कोविड टीकाकरण कार्यक्रम को डोर स्टेप तक पहुंचाने के लिए टीका तुंहर द्वार कार्यक्रम को महा अभियान के रूप में चलाने का निर्णय लिया है । यह कार्यक्रम राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) की टीम के माध्यम से किया जा रहा है। टीकाकरण के लिए चार टीमें बनाई गई है । जिसमें चार से पांच सदस्य होगें । टीम मेडिकल ऑफिसर (आरबीएसके), फार्मेसिस्ट, लैब टेक्नीशियन एवं एएनएम इनमें सदस्य के रूप में होगें । जो रायपुर नगर निगम के 10 जोन के 70 वार्ड में टीकाकरण करेंगी । यह कार्यक्रम 28 जून तक चलाया जाएगा । युक्तिका रजक 7828040046, तरुण 8223018724, ममता साहू 6267654466, मोहित कुमार 7000192593 अपनी अपनी टीम का नेतृत्व करेगें । साथ ही इस दौरान टीमों द्वारा टीकाकरण के उपरांत भी कोविड-19 अनुरूप व्यवहार का पालन करने की सीख भी दी जायेगी 7 जैसे शारीरिक दूरी बनाए रखना मास्क और सैनिटाइजर का उपयोग करना एवं निश्चित समय उपरांत हाथों को साबुन से धोना आवश्यक है।

टीका लगवाने के बाद हो सकता है हल्का बुखार

टीका लेने के बाद बुखार आ सकता है। इससे घबराने की जरूरत नहीं है। टीका लगवाने के बाद ऐसा नहीं है कि कोरोना नहीं होगा। कोरोना हो सकता है लेकिन यह गंभीर नहीं होगा । इसलिए टीकाकरण के उपरांत भी कोविड-19 अनुरूप व्यवहारों का पालन करना अति महत्वपूर्ण है संभावित तीसरी लहर से बचना है तो सबसे पहले अपने घर से टीकाकरण की शुरूआत करें। अपने परिवार के सभी सदस्यों का टीकाकरण कराएं। फिर गांव-मुहल्ला और समाज के सभी व्यक्तियों का टीकाकरण कराएं तभी हम सब खुद को सुरक्षित रख सकेंगे।

यूपी सहित अन्य 5 राज्यों में चुनाव के कारण किसानों के लिए एमएसपी एक जुमला

मोदी सरकार द्वारा महज 72 रुपए एमएसपी बढ़ाना किसानों के साथ धोखा : विकास

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सरकार में संसदीय सचिव मोदी सरकार द्वारा महज 72 रुपये एमएसपी बढ़ाए जाने को किसानों के साथ धोखा बताया। उन्होंने पिछले एक साल के महंगाई दर का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इस बीच 7-8 प्रतिशत के आसपास महंगाई बढ़ चुकी है। ऐसे में फ़सलों के दाम तीन-साढ़े तीन प्रतिशत बढ़ाना किसानों के साथ मज़ाक़ नहीं है तो क्या है?

विकास उपाध्याय ने कहा कि मोदी सरकार की तरफ़ से बढ़ाई गई MSP से किसानों को कोई लाभ नहीं होने वाला। उन्होंने कहा कि इससे तो यही लगता है कि सरकार ने किसानों को आंदोलन करने की सज़ा दी है, जिसे इन दो महत्वपूर्ण कारणों से समझ जा सकता है। पहला तो ये क्योंकि एक तरफ़ तो ये बहुत कम है। दूसरा किसानों के पास एमएसपी पर फ़सल बेचने की गारंटी नहीं है।

विकास उपाध्याय ने इसे मोदी सरकार का बहुत बड़ा चाल बताया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश समेत पांच राज्यों में अगले एक साल के भीतर चुनाव होने वाले हैं। इन पांच राज्यों में भाजपा की हालत किसान आंदोलन के कारण और भी दुर्गति हो गई है। ऐसे में भाजपा की मोदी सरकार किसानों को साधने की कोशिश कर रही है।

विकास उपाध्याय ने आरोप लगया इस मामूली बढ़ोतरी से स्पष्ट है कि मोदी सरकार को किसानों के आर्थिक हितों की परवाह नहीं है। बल्कि इन राज्यों में सत्ता की चिंता है। कृषि करने डीज़ल, मशीनरी, बीज, खाद सब महंगा हो गया है। कृषि क्षेत्र को मज़दूर भी नहीं मिल रहे हैं। किसानों पर डीज़ल के ज़रिए टैक्स का बोझ भी बहुत ज़्यादा हो गया है।

पिछले एक साल के भीतर ही डीज़ल के दामों में 26 प्रतिशत की वृद्धि हो चुकी है। इसके अलावा खाद के दाम भी बढ़े हैं। ऐसे में सरकार ने MSP बढ़ाते समय महंगाई और किसानों की लागत बढ़ने का ध्यान नहीं रखा है।

विकास उपाध्याय ने रिज़र्व बैंक के आकलन का जिक्र करते हुए बताया इस साल कंज़्यूमर प्राइस इंडेक्स 5।1 प्रतिशत रहने वाला है। सरकार ने जो 72 रुपये एमएसपी बढ़ाई है उससे महंगाई की भी पूर्ति नहीं होती है, इससे साफ़ है कि मोदी सरकार जो बार-बार बोलती है कि किसानों की आमदनी दोगुना करने वाली है। वह महज एक जुमला है। किसानों को कोई आर्थिक लाभ नहीं होने वाला है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण बात ये भी है की मोदी सरकार एमएसपी की घोषणा जब करी वो प्रतिशत में इसे नहीं बताई है। क्योंकि प्रतिशत का आंकड़ा बहुत शर्मनाक होता है। अभी मूंग की फ़सल का रेट्कलगभग एक प्रतिशत बढ़ा है। वहीं जब वेतन भत्ते बढ़ाए जाते हैं तो प्रतिशत में बताया जाता है, क्योंकि उसका प्रतिशत ज़्यादा होता है।

विचार करिए आपका एक प्रतिशत वेतन बढ़ेगा तो कैसा लगेगा? क्या सरकारी और निजी क्षेत्र के कर्मचारी एक प्रतिशत की बढ़ोत्तरी स्वीकार करेंगे। किसान की दुर्दशा ये है कि जो MSP सरकार घोषित कर रही है, वो उसे क़ानूनी अधिकार के तौर पर मांग भी नहीं सकता है। बीजेपी को किसान आंदोलन की वजह से पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में राजनीतिक नुक़सान उठाना पड़ा है। आगे और भी नुकसान होने वाला है। किसान आंदोलन की वजह से बीजेपी में अंदरूनी कलह बन गया है, लेकिन फिर भी केंद्र सरकार कॉर्पोरेट हित छोड़कर किसानों के हित में बात करने को तैयार नहीं है।

विधायक और कलेक्टर ने स्कूटर में घूमकर रायपुर में जारी योजनाओं का किया आकलन

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के उत्तर विधानसभा से विधायक एवं छग हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष कुलदीप सिंह जुनेजा आज एक बार फिर अपने चिर-परिचित अंदाज में अपनी स्कूटर से ही रायपुर में जारी योजनाओं की प्रगति पर नजर डालने निकल पड़े। खास बात यह रही कि विधायक जुनेजा की स्कूटर पर आज रायपुर के नव पदस्थ कलेक्टर सौरभ कुमार भी विराजमान थे। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर ना तो विधायक जुनेजा के लिए नया है और ना ही कलेक्टर सौरभ कुमार के लिए। रायपुर नगर निगम आयुक्त रहते हुए कलेक्टर सौरभ कुमार राजधानी से बेहतर परिचित हो चुके हैं। इसके अलावा रायपुर में जारी योजनाओं को लेकर भी उन्हें बेहतर जानकारी है। लिहाजा उन्हें अनावश्यक भी घुमते रहने की आवश्यकता नहीं पड़ी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक राजधानी में एक साथ कई योजनाओं पर एक साथ काम हो रहा है। जिसका लाभ जल्द ही राजधानी के लोगों को मिलने वाला है। कोरोना काल की वजह से विभिन्न योजनाओं पर गतिरोध जरूर लगा था, लेकिन सभी ने दोबारा गति पकड़ ली है। विधायक जुनेजा छग गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष हैं। इस नाते उन्हें राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त है। इसके बावजूद वे आमजन की तरह ही एक्टिवा पर सवार होकर आमलोगों के बीच पहुंच जाते हैं। उनका यह स्वभाव है, जो उनके समर्थकों को रास आता है। वहीं राजधानी के कलेक्टर होने के बावजूद आईएएस अफसर सौरभ कुमार भी सरकारी सुविधाओं को त्याग सच्चे लोकसेवक की भूमिका में नजर आ रहे हैं, जिसका बेहतर लाभ राजधानी को मिलने की पूरी उम्मीद है।

आदिवासियों के हितों के संरक्षण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध : भूपेश बघेल

मुख्यमंत्री ने बीजापुर और सुकमा जिले के जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों, समाज प्रमुखों से क्षेत्र के विकास के संबंध में की वर्चुअल चर्चा

- ग्रामीणों की मांग पर जगरगुण्डा में 30 बिस्तरों के अस्पताल की घोषणा

पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बीजापुर और सुकमा जिले के ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और समाज प्रमुखों के साथ वर्चुअल संवाद कार्यक्रम में चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आदिवासियों के हितों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस बैठक में सभी लोगों के साथ सार्थक चर्चा हुई। सभी लोग क्षेत्र में शांति, विकास और न्याय चाहते हैं। बघेल ने सिलगेर की घटना को दुर्भाग्यजनक बताते हुए इस घटना पर दुःख प्रकट किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परिस्थितिजन्य घटना थी, इस घटना की दण्डाधिकारी जांच की घोषणा की गई है। आप सभी लोग इसमें सहयोग करें। राज्य सरकार भी यह चाहती है कि तथ्य सामने आए और जो भी तथ्य सामने आएंगे उन पर कार्रवाई में कोई कोताही नहीं होगी।

मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों की मांग पर जगरगुण्डा में 30 बिस्तरों के अस्पताल की स्वीकृति की घोषणा की। इसी तरह उन्होंने बीजापुर जिले के गंगालूर क्षेत्र में लाल पानी की समस्या से प्रभावित 10 ग्राम पंचायतों गंगालूर, बुरजी, गोंगला, पुसनार, पीडिया, तोडका, गमपुर, कैका, रेड्डी और पालनार को इस समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए 5 करोड़ रूपए की लागत से वहां सिल्टेशन फिल्ट्रेशन स्ट्रक्चर और सोलर ड्यूल पम्प की स्थापना की घोषणा की। इस प्लांट की स्थापना से इस क्षेत्र के 6 हजार परिवारों के लगभग 20 हजार लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सकेगा।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कार्यक्रम में बीजापुर और सुकमा जिले के विभिन्न ग्रामों में प्राथमिक शाला, आंगनबाड़ी, ग्राम पंचायत भवनों, उचित मूल्य की दुकानों, देवगुड़ी निर्माण, सोलर ड्यूल पम्प स्थापना, सीसी रोड निर्माण, हैण्ड पम्प स्थापना के लगभग 43 करोड़ 08 लाख रूपए की लागत के 104 कार्यों की स्वीकृति प्रदान करते हुए कार्यक्रम में ही इन कार्यों का भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों से अपील की कि

गांवों में ग्राम विकास समिति का गठन किया जाए, जिसमें पढ़े लिखे युवाओं को शामिल किया जाए। विशेष परिस्थितियों में जहां सरपंच नहीं रहते हैं, वहां इस समिति को निर्माण कार्य सौंपे जाएंगे। उन्होंने सभी समाज प्रमुखों, जनप्रतिनिधियों से अपील की कि जिस भूमि पर मूल निवासी काबिज हैं, उनका नक्शा तैयार करा कर वन अधिकार मान्यता अधिनियम के तहत काबिज जमीन का पट्टा दिलाने की पहल की जाए। उन्होंने ग्रामीणों के आग्रह पर उन्हें रायपुर आकर उनसे मिलने के लिए आमंत्रित किया।

वर्चुअल कार्यक्रम में मुख्यमंत्री बघेल ने सुकमा जिले में 11 करोड़ 2 लाख रूपए की लागत के 16 कार्यों की स्वीकृत करने के साथ इनका भूमिपूजन भी किया। इन कार्यों में एक करोड़ 65 लाख रूपए की लागत से सिलगेर ग्राम में विद्युत लाईन विस्तार, 2 करोड़ 35 लाख रूपए की लागत से ग्राम उरसांगल में 100 सीटर आश्रम भवन का निर्माण, एक करोड़ 78 लाख रूपए की लागत से सिलगेर में 50 सीटर आश्रम भवन का निर्माण, 20 लाख रूपए की लागत से ग्राम विकास समिति भवन दरनदरभा तक 7 किलोमीटर डब्ल्यूबीएम सड़क, 10 लाख रूपए से ग्राम पंचायत पेंटाचिल्ली में सार्वभौमिक पीडीएस भवन निर्माण, 10 लाख रूपए की लागत से ग्राम पंचायत कुन्देड़ में सार्वभौमिक पीडीएस भवन निर्माण, 5 लाख रूपए की लागत से ग्राम पंचायत सिलगेर, कुन्देड़, पेंटाचिल्ली में देवगुड़ी निर्माण, ग्राम पंचायत कुन्देड़, ग्राम उरसांगल और सिलगेर में 6 लाख 45 हजार रूपए की लागत से आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

मुख्यमंत्री ने बीजापुर जिले में 27 करोड़ 6 लाख रूपए की लागत के 87 कार्यों की स्वीकृति दी और भूमिपूजन किया। इन कार्यों में उसूर क्षेत्र में 15 करोड़ 41 लाख रूपए की लागत के कार्यों, तर्रेम में 2 करोड़ 10 लाख रूपए की लागत के कार्यों, चिपुरभट्टी में 83 लाख 71 हजार रूपए की लागत के कार्यों, कोरसागुड़ा में 67 लाख 71 हजार रूपए की लागत के कार्यों, मलेपल्ली में 52 लाख 13 हजार रूपए की लागत के कार्यों, लिंगागिरी में एक करोड़ 22 लाख 93 हजार रूपए की लागत के कार्यों, फुतकेल में 75 लाख 76 हजार रूपए की लागत के कार्यों, बासागुड़ा में एक करोड़ 21 लाख रूपए की लागत के कार्यों, पुसबाका में 11 लाख 68 हजार रूपए की लागत के कार्यों, चिन्नागेल्लूर में 17 लाख 36 हजार रूपए की लागत के कार्यों, कोण्डापल्ली में 8 लाख 68 हजार रूपए की लागत के कार्यों, गगनपल्ली में 18 लाख 86 हजार रूपए की लागत के कार्यों, नम्बी में 13 लाख 82 हजार रूपए की लागत के कार्यों की स्वीकृति देने के साथ उनका भूमिपूजन भी किया। श्री बघेल ने क्षेत्र में अधोसंरचना, आजीविका संवर्धन एवं पेयजल से संबंधित 3 करोड़ 60 लाख 60 हजार रूपए की लागत के कार्यों की स्वीकृति देने के साथ उनका भूमिपूजन किया। इन कार्यों में तर्रेम क्षेत्र में सोलर ड्यूल पंप, हैण्ड पंप खनन कार्य, बाजार शेड निर्माण, व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स, सोलर स्ट्रीट लाईट 2 किलो मीटर देवगुड़ी का निर्माण प्राथमिक शाला भवन, जल जीवन मिशन अंतर्गत नल जल योजना, इसके अतिरिक्त चिकुरभटटी में सोलर ड्यूल पंप, हैण्ड पंप पंचयात भवन, आंगनबाड़ी, राशन दुकान, देवगुड़ी कोरसागुड़ में सोलर ड्यूल पंप, साकरेगुडा में सोलर ड्यूल पंप, हैण्ड पंप पंचायत भवन, आंगनबाड़ी, राशन दुकान राजपेटा में देवगुड़ी निर्माण, मल्लेपल्ली पंचायत अंतर्गत सोलर ड्यूल पंप, हैण्ड पंप, राशन दुकान, पंचायत भवन देवगुड़ी निर्माण लिंगागिरी पंचायत में सोलर ड्यूल पंप हैण्ड पंप उपस्वाथ्य केन्द राशन दुकान पंचायत भवन देवगुड़ी निर्माण धरमापुर में हैण्ड पंप सुरनार, बडे सुकनपल्ली, ग्राम पंचायत पुतकेल से सोलर ड्यूल पंप, हैण्ड पंप आंगनबाड़ी राशन दुकान, पंचायत भवन देवगुड़ी निर्माण बासागुड़ा पंचायत में सोलर ड्यूल पंप हैण्ड पंप बाजार शेड, देवगुड़ी, पंचायत भवन नल जल योजना पुसबाका में सोलर ड्यूल पंप एवं हैण्ड पंप, चिन्नागेलूर में सोलर ड्यूल पंप, हैण्ड पंप, कोण्डापल्ली में सोलर ड्यूल पंप, हैण्ड पंप, गगनपल्ली में सोलर ड्यूल पंप, हैण्ड पंप, नम्बी सोलर ड्यूल पंप, हैण्ड पंप एवं विभिन्न पंचायतों में आजीविका संवर्धन एवं पेय जल कार्य स्वीकृत किया।

माहेश्वरी समाज की ओर से केशकाल अस्पताल में दान किया गया ऑक्सीजन कन्सट्रेटर मशीन

पायनियर संवाददाता ➤ केशकाल
www.dailypioneer.com

कोरोनाकाल की विषम परिस्थितियों को देखते हुए बस्तर संभाग माहेश्वरी समाज की ओर से एक अनूठी पहल की गई है। माहेश्वरी समाज के पदाधिकारियों ने शनिवार को केशकाल समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आम जन की सुविधा हेतु ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर मशीन दान में दी गयी है। ताकि आपातकालीन स्थिति में ऑक्सीजन की कमी को लेकर केशकाल नगरवासियों को किसी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े।

इस विषय पर कोंडागांव माहेश्वरी समाज के जिला सचिव नंदकिशोर राठी ने बताया कि प्रदेश में कोरोना महामारी की दूसरी लहर को देखते हुए माहेश्वरी समाज ने सर्वसहमति से तय किया था कि बस्तर संभाग के सभी 9 संगठन सभी जगहों पर ऑक्सीजन कॉन्सट्रेटर मशीन निःशुल्क रूप से उपलब्ध करवाएं। जिसके तहत शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केशकाल में माहेश्वरी समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष स्व. जगदीश राठी जी की स्मृति में माहेश्वरी समाज के सम्भाग अध्यक्ष गजेंद्र चांडक की मौजूदगी में नंद किशोर राठी व राजकिशोर राठी के द्वारा केशकाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. डी.के बिसेन के समक्ष ऑक्सीजन कन्सट्रेटर मशीन दान दिया गया। इस कार्यक्रम में अशोक जी राठी, अनिल केला, धनराज जी चांडक उपस्थित थे।

सड़क दुर्घटना में घायल ग्रामीणों से मिलने पहुंचे मुडामी

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

विगत दिनों कटेकल्याण ब्लॉक के गुडरा ग्राम पंचायत में ट्रेक्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से रेंगानार के 3 ग्रामीणों की मौत हो गई थी,एवं कई ग्रामीण घायल हो गए थे।घायलों का इलाज जिला अस्पताल में जारी है।

अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश महामंत्री नंदलाल मुडामी ने जिला अस्पताल दंतेवाड़ा में जाकर घायलों से मुलाकात की एवं उनके स्वास्थ का हाल-चाल जाना । मुडामी ने घायल परिवारों के सदस्यों को हर प्रकार से इलाज में सम्पूर्ण मदद देने का भरोसा दिलाया। मुड़ामी ने अस्पताल में डॉक्टरों से संपर्क कर सभी घायल मरीज के उचित इलाज के लिए चर्चा की एवं घायलों की स्थिति के बारे में जानकारी ली।उन्होंने घायलों के परिजनों से चर्चा में कहा कि,घायलों को आवश्यकता पड़ने पर इलाज के लिए बड़े अस्पताल भी भेजा जाएगा। मुड़ामी ने मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए दुख के समय परिवार के साथ होने की बात कही।

चारामा में बेखौफ चल रहा है सट्टे का कारोबार

पायनियर संवाददाता ➤ चारामा
www.dailypioneer.com

फिर बेखौफ हुआ चारामा में सट्टे का कारोबार और जहां देश और दुनिया कोरोना के कहर से लड़ रहे हैं वहीं दूसरी ओर देश को अंदर से खोखला करने का अवैध काम धड़ल्ले से चल रहा है देश में करोना से लड़ाई देर सवेरे जीत की जाएगा लेकिन देश को भीतर से कैंसर की तरह खाए जाने वाले सट्टा जुआ का कारोबार चारामा क्षेत्र में अपराध के गर्त मैं जरूर डूबा जाएगा। इस लॉकडाउन में जहाँ लोगो घर से बाहर नहीं निकाल पा रहे हैं ऐसे में क्षेत्र के युवा एवं बुजुर्ग अधिक पैसे कमाने की लालसा लिए सट्टा के अवैध कारोबार के दलदल में फंसते जा रहे हैं यूं तो सट्टा एक अवैध कारोबार है लेकिन सट्टा लिखने वाले सटोरियों अपना धंधा बेखौफ चलाते हैं सटोरियों लोगों को कानून का कोई भय नहीं अचंभित करने वाली बात है। चारामा में सट्टा गुप्त रोगी से चल रहा है ये जो ब्लाक है शासन के आँखों में धूल झोक कर लिखाया जाता है मिली जानकारी के अनुसार अपने घर से ही सट्टा का अवैध कारोबार संचालित कर रहा है साथ ही चारामा आसपास के क्षेत्र में भी शासन प्रशासन की आंखों में धूल झोंक कर मोबाइल फोन पर से सट्टे का कारोबार लिखा जाता है चारामा क्षेत्र में सट्टे की कारोबार संचालित कर रहा है जबकि ब्लॉक के आसपास के एरिया में लिखा जाता है जो सट्टा का लेखा जोखा हजारो ,लाखों में होता है और सट्टे खाईवाल के इशारे में सट्टा खेलने वाले लोग को मोटा कमीशन भी मिलता है लोगों की माने तो क्षेत्र में लगातार वर्ष भर पहले से भी खाईवाल सक्रिय होकर सट्टा के कारोबार को फलीभूत कर रहा है अब देखना यहाँ है कि खबर प्रसारित होने के बाद चारामा में सट्टेबाजी करवाने वाले के ऊपर जांच पड़ताल होता है कि नहीं।

डीहीपारा केशकाल निवासी पूर्व रेंजर मंगलुराम नेताम का केशकाल में निधन

पायनियर संवाददाता ➤ केशकाल
www.dailypioneer.com

डीहीपारा वार्ड नम्बर 08 नगर पंचायत केशकाल निवासी एवं पूर्व रेंजर मंगलूराम नेताम का पिछले कई महीनों से विभिन्न बीमारियों से ग्रसित होकर अपना निवास डीहीपारा में दिनांक 10 जून 2021 को निधन हुआ है, मृतक का जन्म स्थान विकासखण्ड केशकाल अंतर्गत ग्राम मस्सुकोकोडा के मूल निवासी रहे किन्तु स्व. मंगलुराम नेताम वर्ष 2014 से नगर पंचायत केशकाल अंतर्गत वार्ड क्रं. 08 डीहीपारा (बोरगांव) में स्वयं का क्रय भूमि पर घर बनाकर निवासरत रहे। परिवार सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्व. मंगलूराम नेताम का धर्म पत्नी पिछले 2 साल पूर्व स्वर्गवास हुआ था जिनका कोई संतान नहीं था, अपना परिवार के एक लडका षरानंद मरकाम को बचपना से अपना पास रखकर उनका भरण पोषण किया जा रहा था 64 वर्षीय स्व. मंगलूराम नेताम सन् 1980-81 से वन विभाग के वनपाल पद में सर्वप्रथम दक्षिण बस्तर सुकमा तथा सन 1995 में वन परिक्षेत्र केशकाल में डिप्टी रेंजर पद पर अपना सेवा दी। तत्पश्चात् इनका स्थानांतरण फरसगांव में हुआ फरसगांव से रेंजर पद पर अंतागढ़ ब्लॉक के आमाबेडा में वन परिक्षेत्र अधिकारी रहे आमाबेड़ा से कोण्डागांव तथा कोण्डागांव से वन सेवा से रिटायरमेंट हुए। मृतक मंगलूराम नेताम को स्वास्थ्य खराब होने पर इन्हे विशाखापटनम् आंध्राप्रदेश की एक निजी अस्पताल में लेजाकर चेकअप कराने पर डॉक्टर द्वारा इन्हे कैंसर बीमारी होने की शंका जाहीर किया था। तत्पश्चात् वर्ष 2019 में रामकृष्ण केयर अस्पताल रायपुर में चेक कराने पर कैसंर होने की पुष्टि की थी। साथ ही कैंसर बीमारी के साथ टी.बी. व पत्थरी का भी बीमारी था। जिससे वे कमजोर होने के साथ डीहीपारा निवास में दिनांक 10 जून 2021 दिन गुरूवार को इनका स्वर्गवास हुआ है। विधि के विधान के आगे हम सभी नतमस्तक है। ईश्वर की चरणों में इनके आत्मा की शांती के लिये स्थान मिले। पूर्व वन परिक्षेत्र अधिकारी स्व. मंगलूराम नेताम का पंचनहावन कार्यक्रम दिनांक 13 जून 2021 दिन रविवार को गृह ग्राम मस्सुकोकोडा घर में हो गया। स्वं मंगलूराम नेताम का निधन से वनमंडल केशकाल के अधिकारी/कर्मचारियों सहित केशकाल नगर वासियों ने भी मृत आत्मा की शांती के लिये श्रद्धा सूमन अर्पित की है।

जोगी कांग्रेस ने ज्ञानप्रकाश कोर्राम को कोण्डागांव जिलाध्यक्ष की सौंपी कमान

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

बस्तर संभाग के पांच जिले में युवा जोगी टीम की विस्तारीकरण के तहत युवा जिलाध्यक्षों की हुई नियुक्ति, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे पार्टी द्वारा संगठन को मजबूत करने के लिए नियुक्तियां की गई जिसमें ज्ञानप्रकाश कोर्राम संभालेंगे कोण्डागांव के8 कमान। बस्तर संभागीय अध्यक्ष टंकेश्वर भारद्वाज, संभागीय सयुंक्त महासचिव नरेंद्र भवानी, और संभागीय अजित जोगी युवा मोर्चा अध्यक्ष संतोष सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दिए की जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष अमित जोगी के आदेश एवं अजित जोगी युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष प्रदीप साहू ने बस्तर संभाग के पांच जिलों में युवा जिलाध्यक्षों की नियुक्ति किया गया ! जगदलपुर शहर से सूर्यपाल शर्मा, जगदलपुर ग्रामीण से नीलाम्बर सेठिया, नारायणपुर से रौशन ठाकुर, कोंडागांव से ज्ञानप्रकाश कोर्राम और बीजापुर से रौशन झाडी को अजित जोगी युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है।

स्कूलों के बंद होने के बावजूद बच्चों को शिक्षा प्राप्त हो इस बाबत सभी शिक्षकों से अनुरोध किया

संभाग के खंड शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर यादव को 'हमारे नायक' सम्मान से किया गया सम्मानित

पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

पढ़ई तुम्हर द्वार वेबसाइट में कोरोना वैश्विक महामारी के दौर में भी शिक्षा के क्षेत्र में अलख जलाये रखने में सतत प्रयत्नरत रहने वाले विकास खंड लोहंडीगुड़ा के खंड शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर यादव को 'हमारे नायक' सम्मान से सम्मानित किया गया। बस्तर संभाग में प्रथम खंड शिक्षा अधिकारी है जिन्होंने इस सम्मान को हासिल किया है।

कोरोना महामारी के दरम्यान चंद्रशेखर यादव ने अपने कार्यकुशलता का परिचय देते हुए अपने विकास खंड के सभी शिक्षक समुदाय व कर्मचारियों को विश्वास में लेते हुए स्कूलों के बंद होने के बावजूद बच्चों को शिक्षा प्राप्त हो इस बाबत सभी शिक्षकों से अनुरोध किया । जिसके चलते विकास खंड लोहंडीगुड़ा में सभी पंचायत के पारा मोहल्ला में शिक्षकों द्वारा स्वेच्छा से मोहल्ला क्लास का संचालन किया गया। रेडियो कनेक्टिविटी के तहत माइक सेट की व्यवस्था कराते हुए बच्चों के मध्य शिक्षा के प्रति रुचि बनाये रखने का प्रयास किया चंद्रशेखर यादव ने अपने कायानुभव को साझा करते हुए बताया कि उन्हें विकास खंड लोहंडीगुड़ा में शिक्षा के क्षेत्र में विकास के लिए पूर्व कलेक्टर महोदय तम्बोली जी, वर्तमान कलेक्टर रजत बंसल , मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत इंद्रजीत चंद्रवाल , ज़िला शिक्षा अधिकारी व सभी उच्चाधिकारियों का पूरा पूरा सहयोग और मार्गदर्शन मिला जिसका परिणाम आज विकास खंड लोहंडीगुड़ा में जो स्मार्टक्लास व अन्य कार्य राज्य स्तर पर रोल मॉडल बना है।

विकास खंड लोहंडीगुड़ा में शिक्षा के नए आयामों को साकार करने में सांसद दीपक बैज व माननीय विधायक राजमन बेंजाम ने जो सहयोग, सुझाव और मार्गदर्शन दिया है निश्चित ही आज लोहंडीगुड़ा शिक्षा की दिशा में अपना परचम लहराया है।

जनप्रतिनिधियों की सकारात्मक भूमिका, पहल से ही विकास कार्य सम्भव हो पा रहा है। आज मुझे जो सम्मान प्राप्त हुआ है उसके लिए मैं सभी उच्चाधिकारियों व अपने विकासखंड के शिक्षक व कर्मचारियों का दिल से आभार व्यक्त करता हूँ।

चन्द्रशेखर यादव ने आगे कहा कि शिक्षा का क्षेत्र ही उनका मूल है और इन विपरीत परिस्थितियों में भी शिक्षा क्षेत्र के विकास लिए वे सदैव प्रयासरत रहेंगे।

भूपेश सरकार में कृषि ऋण माफी और धान के समर्थन मूल्य का लाभ भाजपाइयों ने जमकर उठाया : ज्योति कुमार

पायनियर संवाददाता ➤ बीजापुर
www.dailypioneer.com

भाजपा द्वारा कांग्रेस पर लगाए गए सारे आरोपों का खण्डन करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता ज्योति कुमार ने कहा है कि प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार किसानों, युवाओं, ग़रीबों, पिछड़ों, आदिवासियों, छोटे व्यापारियों, छोटे दुकानदारों, के अलावा आम नागरिकों सहित प्रत्येक वर्ग के आर्थिक उत्थान के लिए लगातार काम कर रही है यही कारण है कि बीजापुर सहित प्रदेश का हर वर्ग आज खुशहाल है। पिछले दो से तीन वर्षों में ही कृषि क्षेत्र में कृषि जोत का रक़बा सहित धान उत्पादन व किसानों की संख्या में वृद्धि होना यह दर्शाती है कि प्रदेश की भूपेश बघेल की सरकार किसानों के लिए बेहतर से बेहतर काम कर रही है। सत्ता परिवर्तन के बाद भूपेश बघेल की सरकार ने अपने वादों को पूरा करते हुए किसानों के कर्ज़ माफ़ किये जिसका सर्वाधिक लाभ भाजपाइयों ने जमकर उठाया यही स्थिति धान के समर्थन मूल्य की भी है जिसका लाभ भी भाजपाई जमकर उठा रहे है।

जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता ने आगे कहा कि भाजपा और भाजपा के नेता सुभाऊ कश्यप का कृषि ऋण पर दिया गया बयान पूरी तरह झूठ, ज़ुमला और किसानों को गुमराह करने वाला है। प्रदेश सरकार ने किसानों के कृषि ऋण को माफ़ किए है। इसे भाजपा या कांग्रेस के नज़रिए से देखना सुभाऊ कश्यप और भाजपा के बाँटने की राजनीति को स्पष्ट करती है। भाजपा नेताओ को सलाह है कि वे कम से कम किसानों को भाजपा और कांग्रेस के नज़रिए से देखना बंद करें किसानों को किसान ही रहने दें किसान देश को भोजन खिलाते है इनका सम्मान करना सीखें।

आम के पेड से गिर कर ग्रामीण की हुई मौत

जगदलपुर। शहर के निकट स्थित ग्राम उलनार मे एक ग्रामीण की आम के पेड़ से गिर कर मौत हो गई बताया जा रहा की सुकु कश्यप 55 वर्षीय ग्रामीण आम तोडने पेड मे चढ़ा हुआ था की अचानक ग्रामीण का पैर फिसल गया जिसके बाद ग्रामीण नीचे गिर गया परिजन ग्रामीण के गिरने की जानकारी मिलने पर ग्रामीण के नजदीक आये तब तक ग्रामीण की मौत हो चुकी थी उसे अपने घर मे रख कर परिजनों ने डायल112 की टीम को सुचित किया जिसके बाद डायल 112 ने परपा थाने मे घटना की जानकारी थाना प्रभारी को दी जिसके बाद मृतक को परिजनों सहीत ऐबुलेंस से नानगुर स्वास्थ्य केन्द्र पहुँचाया गया।

कोरोना की संभावित तीसरी लहर से निपटने प्रशासनिक तैयारी शुरू

बच्चों के इलाज के लिए तैयार किए जा रहें दो अलग वार्ड

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने कोरोना की संभावित तीसरी लहर से निपटने प्रशासनिक तैयारी शुरू करनें के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों को दिए है। उन्होंने जिलें में कोरोना की मौजूदा स्थिती के साथ भविष्य की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में मुख्य रूप से संभावित तीसरी लहर के दौरान बच्चों को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने एवं और.अधिक चिकित्सा संसाधनों को जुटाने का लक्ष्य रखा गया है। इस दौरान बैठक में विषय विशेषज्ञों से चर्चा कर कुछ महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए है।

इसके तहत मरीज बच्चों को उम्र के हिसाब से 2 वर्गों में विभाजित किया गया है। पहला शून्य से लेकर 5 वर्ष तक के बच्चों एवं 5 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों में। शून्य से लेकर 5 वर्ष के बच्चों का इलाज जिला मुख्यालय में स्थित डेडिकेटेड कोविड हॉस्पिटल (एमसीएच बिल्डिंग) में एवं 5 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों का इलाज 500 बिस्तर नवीन कोविड हॉस्पिटल मंडी परिसर में होगा। डेडिकेटेड कोविड हॉस्पिटल में दो शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ योगेंद्र वर्मा एवं डॉ भूपेंद्र साहू तैनात रहैंगे इसी तरह 500 बिस्तर हॉस्पिटल में वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.के टेम्भूरने की तैनाती रहेंगी। इसके साथ ही शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों के सहयोग के लिए नवपदस्थ 3 एमबीबीएस डॉक्टरों की भी तैनाती रहेंगी। बच्चों के लिए अलग डाइट की निःशुल्क व्यवस्था डॉक्टरों की सलाह पर बच्चों के लिए निःशुल्क लिक्विड डाइट की व्यवस्था रहेंगी।इसके लिए सीएचएमओ को निर्देशित करतें हुए अलग से रसोईयों की व्यवस्था करनें कहा है। भोजन की गुणवत्ता में किसी भी तरह समझौता नही करनें के निर्देश दिए है। बच्चों के साथ अभिभावकों के लिए भी व्यवस्था* कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने बच्चों के साथ अभिभावकों को भी रुकवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करनें के निर्देश दिए है। इस हिसाब से मंडी हॉस्पिटल में अतिरिक्त बिस्तर अलग से लगाई जा रहीं है। बच्चों के साथ बिस्तर में माँ अथवा कोई भी अभिवादक को केयर टेकर के रूप में रह सकतें है। दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें। कलेक्टर जैन ने सीएचएमओ को निर्देश दिए की बच्चों के इलाज में उपयोग होने वाली सभी दवाईयां पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होनी चाहिए। अभी से सीजीएमएससी एवं लोकल पर्चेस के माध्यम से दवाइयों को खरीद कर स्टोर करना प्रारंभ कर दे। ताकि परिस्थिति बिगड़ने पर पूर्व की तरह किसी भी प्रकार के दवाईयों की कमी ना हो। साथ ही पर्याप्त मात्रा में बच्चों की वेंटिलेटर की व्यवस्था की जा रही है। अभी वर्तमान में 10 वेंटिलेटर बच्चों के लिए मौजूद है।बैठक में जिला मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ खेमराज सोनवानी ने आईसीएमआर के द्वारा जारी कोविड से संक्रमित बच्चों की इलाज की नयी गाइडलाइन के बारे मे विस्तृत जानकारी दी गयी। इसी तरह सिविल सर्जन डॉ राजेश अवस्थी ने मौजूदा दौर में पोस्ट कोविड इफे क्ट्स के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ फरिहा आलम सिद्की,सँयुक्त कलेक्टर टेकचंद अग्रवाल,सीएचएमओ डॉ खेमराज सोनवानी,सिविल सर्जन डॉ राजेश अवस्थी, डीपीएम सृष्टि मिश्रा, बीएमओ डॉ राकेश प्रेमी, सहित तीन शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.के टेम्भूरने,योगेंद्र वर्मा एवं डॉ भूपेंद्र साहू उपस्थित थे।

सनातन धर्म मंडल द्वारा वर्चुअल बैठक आयोजित

■ गौ सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

मानव सेवा गौ सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं ,भारतीय सनातन धर्म मंडल राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ हौसिला जी महाराज के मार्गदर्शन में सेवा कार्य से सनातन धर्म के इतिहास को संरक्षित एवं संवृद्ध करने का प्रयास करेगा व इसके लिए कार्ययोजना तैयार करेगा उक्त बातें भारतीय सनातन धर्म मंडल छत्तीसगढ़ प्रदेश की प्रदेश स्तरीय वर्चुअल बैठक में भारतीय सनातन धर्म मंडल के प्रदेश अध्यक्ष पूणार्नंद मिश्रा ने कही, यह बैठक प्रदेश अध्यक्ष भारतीय सनातन धर्म मंडल छत्तीसगढ़ से पूणार्नंद मिश्रा की अध्यक्षता तथा राष्ट्रीय महासचिव डिंगर दास वैष्णव तथा राष्ट्रीय प्रवक्ता लक्ष्मी नारायण दास वैष्णव के विशेष उपस्थिति मैं हुई।

बैठक में प्रदेश प्रदेश स्तर पर संगठन के विस्तार पर विस्तृत चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष पूणार्नंद मिश्रा द्वारा प्रदेश तथा जिलों के पदाधिकारियों से संगठन विस्तार तथा नए योग्य ऊजार्वान पदाधिकारियों के चयन के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया एवं वर्तमान तथा भविष्य की कार्य योजनाओं के बारे में संक्षेप में जानकारी दी।राष्ट्रीय महासचिव डिंगरदास वैष्णव ने समाज तथा धर्म के लिए कार्य करने हेतु उत्साही जनों को संगठन से जोड़ने की अपील की। साथ ही राष्ट्रीय प्रवक्ता लक्ष्मी नारायण दास ने समाज हित के लिए संगठन के महत्व पर प्रकाश डाला।और सनातन धर्म की रक्षा के लिए तन मन धन से आगे आने तथा सेवा कार्य के लिए तत्पर रहने की अपील की,प्रदेश उपाध्यक्ष रविंद्र नाथ तिवारी ने संगठन के विस्तार पर बल दिया,भारतीय सनातन धर्म मंडल की महिला शाखा मां शक्ति वाहिनी के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष शांति मिश्रा ने कहां यह संगठन एक ऐसा प्लेटफार्म है जिससे जुड़कर देश हित धर्म हित तथा समाज हित हेतु कार्य कर के आत्मिक प्रसन्नता का अनुभव हुआ। तथा उन्होंने तथा उन्होंने किसी भी संगठन एवं सामाजिक कार्यों की सफलता हेतु महिलाओं की सहभागिता के महत्व को बताया। इस अवसर पर उन्होंने सम्पा बोस को महासमुंद माँ शक्तिवाहिनी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष हेतु नियुक्ति की घोषणा की जिसका सभी सदस्यों ने स्वागत किया, प्रदेश उपाध्यक्ष योगेश सिंह ठाकुर ने अधिक से अधिक युवाओं को संगठन से जुड़ने की अपील की बैठक में राजनांदगांव जिला अध्यक्ष अचल कुमार वैष्णव, रायपुर जिलाध्यक्ष हरीश दीवान, कोरिया जिलाध्यक्ष हरिनारायण पांडे, महासमुंद जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र नायक, रायगढ़ जिलाध्यक्ष भूपेश पंडा ने अपने जिले के सांगठनिक स्थिति पर प्रकाश डाला, धमतरी जिलाध्यक्ष डॉ भूषण चन्द्राकर ने रचनात्मक कार्यों से लोगों से लोगों की जुड़ाव की बात रखते हुए इसके कार्य योजना का प्रस्ताव दिया।

भाजपा मडंल बेलरगांव की हुई बैठक

पायनियर संवाददाता ➤ बेलरगांव
www.dailypioneer.com

भाजपा मडंल बेलरगांव का बैठक आयोजित किया गया। पटेल समाज भवन में जिसमें बैठक में कांग्रेस पार्टी के ढाई साल पूर्ण होने पर उनके द्वारा वादाखिलाफी का जिक्र करते हुए शक्ति केन्द्र में मोर्चा प्रकोष्ठो के द्वारा कार्यक्रम किया जाना है। जिसके बैठक में पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, मडंल अध्यक्ष अकबर कश्यप, महामंत्री मनोहर मानिकपुरी, महामंत्री राकेश चौबे, जनपद उपाध्यक्ष हुमिंत लिमजा, पूर्व मडंल अध्यक्ष अमरसिंह पटेल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सत्यवती नेताम, जिला अनुसूचित जाति मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सुनदर टण्डन, युवा मोर्चा मडंल अध्यक्ष मौर्यधवज सेन, किसान मौर्चा जिला मंत्री अनिता मरकाम,मडंल मंत्री सीमा देवागंन, जिला कार्यकारिणी सदस्य उमेंश साहू, युवा मोर्चा महामंत्री लिलेश प्रजापति, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष मौनू साहू, कवंल साहू, मनोहर सोनवानी, कलेशवर साहू,केशांत गुप्ता, दिनेश मरकाम, बिरेन्द्र मिश्रा, खेमन साहू सहित भाजपा कार्यकर्ता बैठक में शामिंल हुए।

प्रदेश की विफल कांग्रेस की भूपेश सरकार को समय आने पर जनता करारा जवाब देगी : संजय श्रीवास्तव

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता संजय श्रीवास्तव ने जिला मुख्यालय बलौदाबाजार के भाजपा कार्यालय में प्रदेश के भूपेश बघेल सरकार के 17 जून को ढाई वर्ष पूरे होने पर विभिन्न असफलताओं के मुद्दे को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता में कहा की प्रदेश में कांग्रेस की भूपेश सरकार हर मोर्चे पर विफल है, विफल सरकार की असत्य बातों से प्रदेश की जनता पीड़ित व परेशान है। समय आने पर जनता इसका क़रारा ज़वाब देगी। श्रीवास्तव ने पत्रकारों के सवालों का ज़वाब देते हुए कहा कि कांग्रेस की विफलताओं की गाथा अनंत है, शराब के मामले में इस सरकार का जो आचरण रहा है उसकी जितनी भर्त्सना की जाय वह काम है, आज ढाई वर्षों में अक्सर ऐसा लगा कि शराब बेच कर अवैध कमाई करना ही सरकार का अकेला लक्ष्य रह गया है, गंगाजल हाथ मे लेकर पूर्ण शराबबंदी का वादा करने वाली सरकार ने शराब की होम डिलीवरी शुरू कर दी, इससे शर्मनाक और क्या हो सकता है, इस सरकार की दोहरी नीति है एक तरफ यह सरकार किसानों की हितैषी होने का ढोंग करती है और दूसरी तरफ खेत के रकबे को काट कर किसानों को आर्थिक नुकसान पहुँचाती है, श्रीवास्तव ने आगे कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार की बहुप्रतीक्षित योजना जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना में मोदी जी द्वारा प्रदेश को दिये 6 लाख आवास में से 4 लाख 80 हजार आवास कांग्रेस ने वापिस कर दिया छत्तीसगढ़ियों के हक पर डाका डालने वाली, उन्हें मिले छत तक हड़प लेने वाली कांग्रेस की इस सरकार की जितनी निन्दा की जाय वह कम है न केवल आवास बल्कि मोदी जी द्वारा दी गई तमाम राहतों को दुराग्रहवश लोगों तक नहीं पहुंचने देने का अभियान चलाया हुआ है जनता अब इनसे सवाल पूछेगी की 'क्या हुआ तेरा वादा' भूपेश सरकार जवाब दो?, ढाई साल का हिसाब दो?, जैसे प्रश्न इनसे किए जाएंगे।

उक्त प्रेसवार्ता मे प्रमुख रूप से पूर्व विधायक व जिलाध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े, भाजपा नेता द्वय टेसुलल धुरंधर, विजय केसरवानी, नपा अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, जिला मंत्री कृष्णा अवस्थी, जिला मीडिया प्रमुख रितेश श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष द्वय डोमन वर्मा, संकेत शुक्ला, आलोक अग्रवाल, नेतरंजन निर्मलकर, अभिषेक तिवारी, संकेत वर्मा, प्रणव अवस्थी, गौतम यादव, योगी वर्मा, कृष्णा द्विवेदी, सुनील यादव सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पिंकी शिवराज ने केन्द्र सरकार द्वारा धान का समर्थन मूल्य बढ़ाए जाने पर किया स्वागत

पायनियर संवाददाता ➤ नगरी
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय मंत्री भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा एवं पूर्व विधायक पिंकी शिवराज ने केन्द्र सरकार द्वारा धान का समर्थन मूल्य 1940-1960 किए जाने का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया है वहीं प्रदेश के मंडियों में किसानों को रवि फसल के धान का सही दाम नही मिलने की कड़ी निंदा करते हुए कहा भूपेश बघेल की सरकार सिर्फ केन्द्र सरकार पर जबरिया आरोप मढ़ने का एवं गाल बजाने का काम करती है।आज किसानों का धान औने पौने दाम में बिक रहा है इस ओर कोई ठोस कदम उठाने में प्रदेश की कांग्रेस सरकार पुरी तरह असफल है।किसानों को एम एस पी का कोई लाभ नही मिल रहा। यह राज्य सरकार की जिम्मेदारी है कि किसानों को एम एस पी का लाभ मिले। शाह में कहा की असमय बारिश से किसानों को काफी नुकसान हुआ है उसका मुआवजा किसानों को जल्द मिले और किसानों को खरीब फसल के लिए सरकार मुफ्त में बीज उपलब्ध करावे।बीज एवं खाद का भंडारण एवं वितरण समय पर हो।इसके लिए सरकार का ध्यान आकृष्ट किया है।

ट्रेन में कटकर छह लोगों की मौत हृदयविदारक, सरकार शराबबंदी वादा पूर्ण करें : चंद्रशेखर साहू

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

महासमुंद में विगत दिनों पति के शराबखोरी से तंग आकर पत्नी ने अपनी पांच बच्चियों के साथ ट्रेन से कटकर अपनी जान दे दी थी। इस हृदयविदारक घटना के बाद पूरे छत्तीसगढ़ में मातम छा गया था। चहुँओर इस घटना पर पत्थर दिल भी पिघल गया था आखिरकार शराब ने एक और परिवार को बर्बाद कर दिया। इस घटना के बाद से प्रदेश में फिर से शराबबंदी की मांग ने जोर पकड़ लिया है। जिले के भाजपा नेता एवं जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने प्रदेश सरकार की शराब नीति की कड़ी भर्त्सना करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार घर घर शराब परोस रही है उन्हें माँ, बहन और बेटियों के सम्मान व भावनाओं की कोई चिंता नहीं है। चुनाव के पूर्व प्रदेश की कांग्रेस पार्टी ने शराबबंदी का वादा कर सत्तासीन हुई थी और जिस महासमुंद की धरती से कांग्रेस के बड़े नेताओं ने शराबबंदी के संकल्प लिया था उसी महासमुंद में पति की शराबखोरी से त्रस्त होकर अपनी पांच बच्चियों के साथ ट्रेन से कटकर अपनी ईहलीला समाप्त कर ली। इतनी बड़ी घटना पर प्रदेश सरकार के जिम्मेदार व्यक्तियों के कान में जूं तक नहीं रेंगना यह दशार्ता है कि प्रदेश सरकार और इसके मुखिया पूरी तरह संवेदनहीन हो चुके हैं। जब लॉकडाउन में दो शराबियों की मौत स्प्रिट पीने से हो गई थी तब सरकार ने शराबियों की चिंता करते हुए तत्काल प्रभाव से शराब दुकानों को खोल दिया और शराब की घर पहुंच सेवा शुरू कर दी लेकिन इसी शराब के कारण तंग आकर एक माँ अपने पांच बच्चियों के साथ ट्रेन में कटकर जान दे देती है उस पर कोई चर्चा नहीं होती। गंगाजल को हाथ में लेकर कसम खाने वाले कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री जी घर घर शराब की होम डिलवरी कराने में व्यस्त हैं। जिन महिलाओं ने शराबबंदी के खुला स्वागत कर कांग्रेस पार्टी का समर्थन किया था आज वे ठगी हुई महसूस कर रही हैं। शराब पूरे प्रदेश के लिए अभिशाप बन गई है और रोज रोज पारिवारिक कलह का कारण भी बन चुकी है जिससे तंग आकर एक माँ अपने पांच बच्चों के साथ ट्रेन के सामने जान दे देती है। प्रदेश की भूपेश बघेल नीत कांग्रेस सरकार ने अपनी नैतिकता खो दी है, यदि उनमें थोड़ी सी हया और नैतिकता बची हुई है तो प्रदेश की महिलाओं के भावनाओं का सम्मान करते हुए तत्काल अपने चुनावी घोषणा पत्र में किए गए शराबबंदी के वादे को पूर्ण करे अन्यथा आने वाले दिनों में प्रदेश की जनता इसका माकूल जवाब देगी।

जिला चिकित्सालय गरियाबंद में 14 को रक्तदान शिविर

गरियाबंद । जिला स्वास्थ्य समिति जिला गरियाबंद के द्वारा 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय गरियाबंद में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि विश्व रक्तदाता दिवस 14 जून 2021 का थीम एवं स्लोगन है गीव ब्लड एंड कीप द वर्ल्ड बीटिंग जनमानस को आपातकालीन चिकित्सा, प्रसव के समय तथा हिमोग्लोबीनपैथी पीड़ित मरीजों को निरंतर रक्त की आवश्यकता होती है। अतः वैश्विक महामारी कोविड-19 के समय भी रक्त की निरंतर उपलब्धता बनाये रखना ब्लड बैंकों के लिए अति आवश्यक है। रक्तदान करने से रक्तदाता के स्वास्थ्य पर इसका कोई भी विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता। प्रत्येक स्वस्थ्य व्यक्ति को वर्ष में एक या दो बार रक्तदान जैसा पुनीत कार्य अवश्य किया जाना चाहिए, इससे शरीर में नए रक्त का संचार होता है, जो सेहत के लिए काफी लाभप्रद है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जिला गरियाबंद के द्वारा उक्त शिविर में अधिकाधिक संख्या में रक्तदान कर पुनीत कार्य के सहभागी बनने की अपील की है।

ढाई साल में प्रदेश की जनता उदास, निराश और हताश, राज्य सरकार वादों को पूरा करने में पूरी तरह से रही फेल

गोधन न कोई योजना है न ही बजट में कोई प्रावधान यह केंद्र सरकार की गोवर्धन योजना : अशोक बजाज

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के सहकारिता प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक बजाज ने राज्य की कांग्रेस सरकार के ढाई साल पूरे होने पर भूपेश सरकार जवाब दो ढाई साल का हिसाब दो को लेकर प्रेस कांफ्रेंस लेकर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश की जनता इस ढाई साल में उदास, निराश और हताश है, अपने आपको ठगा महसूस कर रही है। पूरे प्रदेश में विकास कार्य ठप पड़े हैं, कहीं कोई कार्य दिख नहीं रहा है। गंगाजल को हाथ में लेकर शराबबंदी करने का वादा किया था, लेकिन शराब तुम्हर द्वार हो गई है, जिसमें अब शराब की घर पहुंच से सेवा दी जा रही है।बेरोजगारी, किसान पेंशन योजना सहित अनेक लोक-लुभावन वादा जनघोषणा पत्र में कांग्रेस ने सत्ता में आने से पहले किए थे उसे अब तक पूरा नहीं कर पाई है। बजाज ने ढाई-ढाई साल के मामले में तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस में केवल कुर्सी की लड़ाई चल रही है। कहा कि नेतृत्व कोई भी करें, लेकिन आमजनता का हित होना चाहिए। किसानों को समुचित बीज, खाद, संसाधन मिलें और खरीदी की व्यवस्था हो, इसकी चिंता सरकार को करनी चाहिए। जिसमें राज्य सरकार पूरी तरह से विफल रही है। इस दौरान पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश साहू, महामंत्री अनिल चंद्राकर, पालिका अध्यक्ष गफ्फू मेमन, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके मौजूद थे। प्रेसवार्ता में बजाज ने कहा कि गोधन योजना न कोई योजना है और न ही बजट में कोई प्रावधान है, यह केंद्र सरकार की गोवर्धन योजना है। प्रधानमंत्री ने फरवरी 2018 को इसकी घोषणा की थी। इस योजना के अंतर्गत गोबर का समुचित उपयोग हो, इससे गोबर गैंस, कंपोस्ट खाद एवं स्वच्छता बनी रहे, इसके लिए स्वच्छ भारत मिशन में इस गोवर्धन योजना को मर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि यह केंद्र सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी योजना है। इसके अंतर्गत आबंटित राशि का उपयोग गोबर के इस्तेमाल के लिए हो रहा है। इसका लाभ छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि पूरा देश ले रहा है। इस योजनांतर्गत जो संयंत्र लगा रहे हैं, उन्हें केंद्र सरकार से अनुदान राशि दी जा रही है, जो कि गोबर की खरीदी कर रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार के पास 68 विधायक हैं, उन्हें तो बेफिक्र होकर कार्य करने चाहिए, लेकिन आपस में ही उलझे हुए हैं। ढाई-ढाई साल के कार्यकाल की बात सोशल मीडिया में चल रही है, जिसमें मंत्री सफाई दे रहे हैं। कहा कि खरीफ सीजन शुरू हो गया है, मानसून ने दस्तक दे दी है। किसानों को बीज चाहिए, लेकिन बीज नहीं है। जानकारी देते हुए बताया कि बीज निगम से जिले को 65 हेक्टेयर (162 एकड़) के लिए बीज उपलब्ध हुआ है। इससे साफ जाहिर होता है कि निजी बीज कंपनियों को लाभ पहुंचाने और गुणवत्ताहीन बीज लेने किसानों को मजबूर किया जा रहा है। बीज का आबंटन कम कर दिया गया है। खाद की दर केंद्र की मोदी सरकार ने साढ़े 12 सौ कर दिया है, उसे इन्होंने 18 सौ रुपए में बेचा है। उनके घोषणा के बाद जब मामला तूल पकड़ा तब इन्होंने उस निर्णय को सुधारा है। कुल मिलाकर किसानों, नौजवानों के साथ अन्याय हो रहा है। राज्य में अराजकता भी बढ़ी है, कानून व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह डगमगा गई है। ढाई साल के कार्यकाल में कांग्रेस सरकार ने कोई भी उपलब्धि भरा कार्य नहीं किया है।

युवा मोर्चा मंडल ने शंकर अग्रवाल से की मुलाकात

पायनियर संवाददाता ➤ पिथौरा
www.dailypioneer.com

युवा मोर्चा पिथौरा मंडल की नयी कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने नवनियुक्त अध्यक्ष विजय राज पटेल के नेतृत्व में भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री शंकर अग्रवाल से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया।इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रीत राम सूर्ये भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेश सिंघल मंडल महामंत्री आशीष शर्मा अशोक चौधरी अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रियरंजन कोसरिया सांसद प्रतिनिधि पूर्व जिला कोषाध्यक्ष युवा मोर्चा स्वप्निल तिवारी पिछड़ावर्ग मोर्चा जिला महामंत्री दुलीकेशन साहू जिला कार्यकारिणी सदस्य संजय सिंग पिछड़ा वर्ग मंडल अध्यक्ष महेंद्र डड़सेना अनुसूचित मोर्चा जनजाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष योगेंद्र दीवान प्रमुख रूप से उपस्थित थे। नवनियुक्त पदाधिकारियों में युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष विजय पटेल, उपाध्यक्ष जयपाल ध्रुव, महामंत्री सौरव अग्रवाल, महामंत्री दुर्गेश सिन्हा,मंत्री प्रतीक बोस, मंत्री धीरेंद्र नायक,कोषाध्यक्ष गौरव चौधरी, प्रशिक्षण प्रमुख प्रिंस सलूजा,सोसल मीडिया प्रभारी सागर बोस,शा.यो.मण्डल सचिन चौहान, कमलेश पटेल, नँदलाल पटेल, रोशन सावड़े, तिलक यादव, सन्तोष प्रधान,कुलदीप सिंह, बंटी पटेल, अभिषेक भोई,राकेश मरावी उपस्थित थे।

किसानों के विकास के लिए राजीव गांधी किसान न्याय योजना को दे रहे है नया स्वरूप : मुख्यमंत्री बघेल

कवर्धा के भारत माता चौक के सामने मुख्यमंत्री लोकवाणी को कार्यक्रम को सुना गया

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आकाशवाणी से प्रत्येक माह प्रसारित होने वाली 'लोकवाणी' की 18वीं कड़ी में बातचीत की शुरूआत जय जोहार के अभिवादन के साथ करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ किसानों का, खेती-किसानी का राज्य है। हमारा मानना है कि किसान खुशहाल होगा, तभी प्रदेश खुशहाल होगा। विकास की इसी दूरगामी सोच के साथ हमने छत्तीसगढ़ में 21 मई 2020 को 'राजीव गांधी किसान न्याय योजना' की शुरूआत की है। आकाशवाणी की एफएम चैनल और विभिन्न टीवी चैनल में प्रसारित कार्यक्रम को कबीरधाम जिले के लोगों ने बड़े उत्साह और उमंग के साथ सुना। कवर्धा नगर पालिका द्वारा शहर के भारत माता चौक के सामने नीम पेड़ के नीचे मुख्यमंत्री के लोकवाणी कार्यक्रम को आम जनता को सुनाने के लिए विशेष व्यवस्था की गई। आम जनता के साथ कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा, जलीम खान, प्रमोद लूनिया, भीखम कोसले, सुनील साहू, संतोष यादव, राजकुमार तिवारी, बिलाल खान, नीरज चंद्रवंशी, मनीष, कौशल कौशिक नगर पालिका सीएमओ वर्मा सहित अन्य गणमान्य नागरिकों की लोकवाणी कार्यक्रम को सुना गया। मुख्यमंत्री बघेल ने मासिक लोकवाणी कार्यक्रम मे में प्रदेश के जनता को संबोधित करते हुए राजीव गांधी किसान न्याय योजना, मुख्यमंत्री वृक्षा रोपण

प्रोत्साह योजना की विस्तार से जानकारी दी। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि हमने छत्तीसगढ़ में 21 मई 2020 को राजीव गांधी किसान न्याय योजना की शुरूआत की और साल भर के भीतर चार किस्तों में पूरी राशि 5 हजार 628 करोड़ रूपए का भुगतान 18 लाख 45 हजार किसानों के खाते में कर दिया। जो लोग पहले चार किश्तों में राशि देने को लेकर आपत्ति कर रहे थे, उन लोगों ने कोरोना संकट को देखते हुए यह कहना शुरू कर दिया था कि खरीफ 2021 में धान बेचने वाले किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना का लाभ नहीं दिया जाएगा। कोरोना के कारण देश और प्रदेश की आर्थिक स्थिति पर निश्चित तौर पर बुरा असर पड़ा है। लेकिन मैंने स्पष्ट कहा कि इसका नुकसान किसानों को नहीं होने देंगे। इस तरह हमने राजीव गांधी किसान न्याय योजना 2021 के लिए बाकायदा बजट में 5 हजार 703 करोड़ का प्रावधान किया है और विगत वर्ष की तरह ही 21 मई अर्थात राजीव जी के शहादत दिवस पर, ठीक पिछली बार की तरह पहली किश्त की राशि 1500 करोड़ रूपए का भुगतान किसानों के खाते में कर दिया गया। इसमें 20 लाख 53 हजार 482 किसानों ने धान बेचा है तथा शेष लगभग डेढ़ लाख किसानों ने मक्का व गन्ना बेचा है। कोरोना महासंकट के बावजूद योजना के क्रियान्वयन में एक दिन की भी देरी नहीं की गई। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि कृषकों के हित में राजीव गांधी किसान न्याय योजना का कुछ नए प्रावधानों के साथ विस्तार किया गया है। इसके तहत 'राजीव गांधी किसान न्याय योजना' में आदान सहायता की राशि के लिए मुख्यतः तीन प्रावधान हैं। पहला प्रावधान यह है कि पिछले साल की तरह धान के साथ खरीफ की प्रमुख फसल मक्का, कोदो, कुटकी, सोयाबीन, अरहर, गन्ना फसल लेने वाले किसानों को 9 हजार रूपए प्रति एकड़ आदान सहायता राशि हर साल दी जाएगी। दूसरा प्रावधान उन किसानों के लिए जो धान के बदले अन्य निर्धारित फसलें लेना चाहते हैं। उन्हें 10 हजार रूपए प्रति एकड़ की दर से अनुदान सहायता राशि दी जाएगी। इसी तरह तीसरा प्रावधान उन किसानों के लिए जो धान के बदले वृक्षारोपण करेंगे तो उन्हें भी 10 हजार रूपए प्रति एकड़ की सहायता राशि दी जाएगी, यह तीन वर्ष के लिए होगी। इस योजना में समस्त श्रेणी के भू-स्वामी एवं वन पट्टाधारी कृषक लाभ प्राप्त करने हेतु पात्र होंगे।

राजीव गांधी किसान न्याय योजना का बढ़ा दायरा

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में होने वाली बहुत सी ऐसी फसलें हैं, जिन्हें सेहत के लिए बहुत उपयोगी और औषधियुक्त माना जाता है, लेकिन उनके समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए कोई प्रणाली विकसित नहीं की गई है। ऐसी स्थिति में धान, गन्ना और मक्का के अलावा बहुत सी फसलें लेने वाले किसानों को सरकार से सहयोग की जरूरत है। इस बात को हमने बहुत गंभीरता से महसूस करते हुए, राजीव गांधी किसान न्याय योजना का दायरा बढ़ाया है। हम चाहते हैं कि धान के बदले अन्य निर्धारित फसलें लेने वाले किसानों को किसी न किसी प्रकार की आर्थिक मदद व उनकी फसल को बाजार में बेचने की सुविधा मिले। खरीफ 2021 से धान के साथ खरीफ की प्रमुख फसल मक्का, कोदो-कुटकी, सोयाबीन, अरहर तथा गन्ना उत्पादक कृषकों को प्रति वर्ष 9 हजार रुपए प्रति एकड़ आदान सहायता राशि दी जाएगी।

आमाराईट ग्रीष्मकालीन प्रायोजना से बच्चों में शिक्षा के प्रति दिखी सक्रियता

पायनियर संवाददाता ➤ केशकाल
www.dailypioneer.com

कोरोना महामारी के कारण वर्तमान में स्कूल बंद है। ऐसे में छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग की महत्वाकांक्षी योजना पढ़ाई तुंहर द्वार के माध्यम से विभिन्न नवाचारों से बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से बनाये रखे है। इसी कड़ी में एक महत्वपूर्ण नवाचार आमाराईट ग्रीष्मकालीन प्रायोजना कक्षा 2 से 12वी तक बच्चो के लिए कक्षा नुरूप प्रायोजना कार्य विकासखंड केशकाल के 308 शासकीय प्राथमिक ,माध्यमिक,हाइ,हायर सेकेंडरी शालाओ में दिया जा रहा है। प्रायोजना कार्य शिक्षको के मार्गदर्सन व पालको के सहयोग से विद्यार्थियों द्वारा फाइल तैयार कर30 जून 2021 तक स्कूलो में जमा करना है । शिक्षक विद्यार्थियों के प्रायोजना कार्य का आकलन कर इसका अंक ग्रेड प्रगति पत्रक में प्रविष्ट करेंगे।समस्त शालाओ के विद्यार्थियों तक पहुचे इसके लिए विकासखंड स्तर एवम संकुल स्तर पर जिला शिक्षा अधिकारी राजेश मिश्रा ,डीएमसी महेंद्र पांडेय, ए पिसी आर,एस सलाम के मार्गदर्शन में वर्चुअल मीटिंग का आयोजन कर कार्ययोजना तैयार किया गया। विद्यार्थी अपने पालको ,मैगजीन व शिक्षक के सहयोग से प्रायोजना कार्य कर रहे है। आमाराईट में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक त्योहार ,लोकगीत ,पकवान,पहनावा विषयक प्रश्नो के उत्तर तैयार कर उत्साहित हो रहे है।विकासखंड स्तर पर बीआरओ सीएल मंडावी ,एबीईओ मनोज दुबे बीआरसी प्रकाश साह बीआरपी बलराम नाग एवम समस्त संकुल समन्वयकों के माध्यम से प्रत्येक संस्था में शिक्षकों द्वारा आमाराईट प्रायोजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। पालको में भी उत्साह देखने को मिल रही है।

शहर को जल्दी ही मिलेगी सिटी बस की सौगात

तिल्दा नेवरा। छ. ग.शासन के परिवहन विभाग से तिल्दा नेवरा शहर को जल्दी ही मिलेगी सिटी बस की सौगात- एल्डरमैन शरद वर्मा तिल्दा नेवरा शासन की योजना को अमलीजामा पहनाने वाला ,जनहित के कार्य में एक कदम आगे जुझारू योद्धा तिल्दा नेवरा के एल्डरमैन शरद वर्मा ने विगत दिनों 20 फरवरी 2021 को ,मुख्यमंत्री जनचौपल कार्यालय, एवं कार्यालय परिवहन आयुक्त, छत्तीसगढ़ एवं कलेक्टर सह अध्यक्ष रायपुर अरबन पब्लिक सर्विस सोसायटी,विशेष कर्तव्य अधिकारी को सूचनार्थ कर सिटी बस परिचालन संबंद्ध में शासन को आवश्यक कार्यवाही के लिए प्रतिवेदन उपलब्ध कराया था। तत्पश्चात पुनः छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय, कार्यालय परिवहन आयुक्त छत्तीसगढ़,तथा राज्य शहरी विकास अभिकरण, छत्तीसगढ़ का पत्र सिटी बस परिचालन के लिए आवश्यक कार्यवाही पत्र शरद वर्मा को प्राप्त हुआ है। अतः इस तार तम्य में कहा जा सकता है,देर सबेर बहुत जल्द तिल्दा नेवरा शहर के आमजन को सिटी बस सुविधा राजधानी जाने के लिए उपलब्ध होने वाली है और यह हमारे नगर के लिए गौरव की बात होगी।

माहेश्वरी समाज की ओर से केशकाल अस्पताल में दान किया गया ऑक्सीजन कन्संट्रेटर मशीन

पायनियर संवाददाता ➤ केशकाल
www.dailypioneer.com

कोरोनाकाल की विषम परिस्थितियों को देखते हुए बस्तर संभाग माहेश्वरी समाज की ओर से एक अनूठी पहल की गई है। माहेश्वरी समाज के पदाधिकारियों ने शनिवार को केशकाल समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आम जन की सुविधा हेतु ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर मशीन दान में दी गयी है। ताकि आपातकालीन स्थिति में ऑक्सीजन की कमी को लेकर केशकाल नगरवासियों को किसी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े। इस विषय पर कोंडागांव माहेश्वरी समाज के जिला सचिव नंदकिशोर राठी ने बताया कि प्रदेश में कोरोना महामारी की दूसरी लहर को देखते हुए माहेश्वरी समाज ने सर्वसहमति से तय किया था कि बस्तर संभाग के सभी 9 संगठन सभी जगहों पर ऑक्सीजन कॉन्संट्रेटर मशीन निःशुल्क रूप से उपलब्ध करवाएं। जिसके तहत शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केशकाल में माहेश्वरी समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष स्व. जगदीश राठी जी की स्मृति में माहेश्वरी समाज के सम्भाग अध्यक्ष गजेंद्र चांडक की मौजूदगी में नंद किशोर राठी व राजकिशोर राठी के द्वारा केशकाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. डी.के बिसेन के समक्ष ऑक्सीजन कन्संट्रेटर मशीन दान दिया गया। इस कार्यक्रम में अशोक राठी,अनिल केला, धनराज जी चांडक उपस्थित थे।

लक्ष्य बीमा सेवा केन्द्र के सामने से मोटर सायकल चोरी करने वाले आरोपी को सिटी कोतवाली पुलिस ने किया 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

चोरी, नकबजनी, अवैध शराब, जुआ, सट्टा के विरुद्ध सिटी कोतवाली पुलिस के द्वारा अभियान चलाकर अपराधों पर अंकुश लगाने अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही किया जा रहा है। इसी तारतम्य में प्रार्थी घनश्याम साहु पिता मोहन साहु उम्र 21 साल सा 0 रामनगर कवर्धा थाना कवर्धा ने दिनांक 12.05.2021 को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि मैं लक्ष्य बीमा सेवा केन्द्र में कार्यरत हूँ तथा अपने मोटर सायकल बजाज पल्सर 160 क्र 0 - सी 0 जी 0 09 - जेजे - 2959 से कार्यालय गया था। और अपने मोटर सायकल को कार्यालय के सामने खडा किया था। जिसे करीब 03:30 बजे देखने पर मोटर सायकल खडे स्थान पर नहीं था जिसका आसपास पतासाजी किया जिसका कोई पता नहीं चला।

प्रार्थी के मोटर सायकल को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर थाना कवर्धा में अपराध क्रमांक 383/2021 धारा 379 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए, पुलिस अधीक्षक महोदय शलभ कुमार सिन्हा, अति 0 पुलिस अधीक्षक महोदय ऋचा मिश्रा, उप पुलिस अधीक्षक (मुख्या . महोदय पी.आर.कुजूर, उप पुलिस अधीक्षक (अजाक) महोदय बी.आर. मण्डावी के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी निरीक्षक मुकेश सोम के नेतृत्व में प्रकरण की विवेचना के दौरान संदेही नीलू उर्फ सुर्यप्रकाश कार्निक पिता स्व 0 कन्हैया कार्निक उम्र 30 साल सा 0 वार्ड नं 0 04 रविदास नगर कवर्धा थाना कवर्धा से पूछताछ करने पर उसके द्वारा घटना घटित करना स्वीकार किया है एवं चोरी किये बजाज पल्सर मोटर सायकल को पेश किया गया है। आरोपी सुर्यप्रकाश उर्फ नीलू कार्निक से कडाई से पुछताछ करने पर पूर्व में भी गुरूगोविंद सिंह चौक से दिपावली त्यौहार के समय एक डीलक्स मोटर सायकल क्र 0 सी 0 जी 0 09 जेके 0206 को चोरी करना लेकिन पकडाने के डर से भुनेश्वरी टाकिज के पास स्थित नवकार मोबाईल शॉप की बाजू वाली गली में छोडना बताया। आरोपी सुर्यप्रकाश उर्फ नीलू कार्निक के विरूद्ध अपराध सिध्द होने पर आज दिनांक 13.06.2021 को गिर्फतार कर ज्यूडिसियल रिमाण्ड पर भेजा गया है।

खाद की किल्लत से किसानों की मेहनत पर फिर रहा है पानी प्रतिदिन उर्वरक के लिए भटक रहे अन्नदाता, प्रशासन उदासीन

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

अच्छी बारिश की वजह से किसानों में इस वर्ष खरीफ की अच्छी फसल होने की आस जगी है। अभी तक मौसम की बारिश धान की फसल के लिए बेहतर साबित हो रहा है। किंतु खाद की किल्लत से किसानों की मेहनत पर पानी फिरता नजर आ रहा है। इसके लिए जिला प्रशासन भी उदासीन बना हुआ है। जिले के विकासखंड फरसगांव के अंतर्गत दूरस्थ अंचल बड़ेडोंगर एवं उरंदाबेड़ा के लैंप्स में खाद नहीं होने से किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बड़ेडोंगर क्षेत्र के किसान संतुराम मरापी, जयलाल मरापी, जुगधर मरापी, हेमचंद देवांगन, शिवलाल, बंशीलाल, मोतीराम, श्रवण शार्दूल, सुकलाल नाग, प्रभुलाल सहित अन्य किसानों का कहना है कि अपने आप को किसान हितैषी बताने वाली सरकार कहती है कि किसानों की आय दोगुनी की जाएगी। इसके लिए कृषि क्षेत्रों में नए-नए योजना बनाने का ढोल पीटा जा रहा है। लेकिन धरातल पर नजारा कुछ और ही है। किसानों को समय पर खाद बीज उपलब्ध नहीं हो पा रहा है किसान खाद बीज के लिए इधर उधर भटक रहे हैं। नतीजा जो भी हो किसानों को लाभ मिलना चाहिए। लेकिन वही मिल नहीं पा रहा है। कोंडागांव क्षेत्र के लैंप्स में कई दिनों से किसानों को खाद के लिए भटकना पड़ रहा है खाद के किल्लत से अन्नदाताओं के बीच बेचैनी बढ़ गई है। और किसान दर-दर के ठोकरें खाते हुए बाजारों में अधिक दर पर उर्वरक खरीदने को मजबूर है।

जमाखोरों पर मेहरबान है प्रशासन

सरकार द्वारा किसानों के हित में किए गए खोखली घोषणा से किसान आश्चर्यचकित हैं। जैसा कि हमेशा होते आया है। सही समय पर किसानों को उर्वरक, बीज, कीटनाशक दवा नहीं मिल पाता है। वर्तमान में इस वर्ष भी वही हो रहा है। खाद की किल्लत है लेकिन बाजारों में ऐसी नहीं हुई है। बल्कि जमाखोरों के द्वारा सही समय पर मुनाफा कमाने के लिए जानबूझकर ऐसा किया जाता है। इन पर प्रशासन की नजर नहीं रहती है या फिर रसूखदारों को फायदे के लिए प्रशासन आंखें मूंदकर बैठी हुई है।

किसानों को दुगुनी आमदनी का केवल आश्वासन

किसानों द्वारा बाजार में खाद उपलब्ध होने की बात भी बताई जा रही है। लेकिन यही लोग खुदरा कारोबारियों के माध्यम से कालाबाजारी करा रहे हैं। इस दौरान किसानों का कहना है कि कृषि विभाग किसानों के बीच कृषि चौपाल लगाकर यह आश्वासन देता है कि समय पर किसानों को बीज, उर्वरक, कीटनाशक, दवा उपलब्ध कराएगी।

जमीन विवाद से तंग आकर वृद्धा ने किया आत्महत्या

खरोरा। खरोरा के निकट ग्राम मुहरेंगा मे एक 65 साल के बुजुर्ग सरजू राम यादव ने कुछ लोगों से आपसी जमीन विवाद के चलते आत्महत्या कर लिया जमीन विवाद काफी समय से चल रहा था जिससे सरजू राम यादव काफी परेशान रहता था उन्हें बड़े अधिकारियों के पास भी अपनी समस्याओं को लेकर गुहार लगाया लेकिन वहां भी उन्हें राहत नहीं मिला और अंततः इन समस्याओं और परेशानियों से तंग आकर बुजुर्ग नेआत्महत्या कर लिया अब क्या जिस बुजुर्गों को जीते जी न्याय नहीं मिल पाया उनकी मौत के बाद उन्हें न्याय मिल पाएगा।

गुमशुदा युवक को तलाश कर सकुशल बरामद करने में चौकी दशरंगपुर पुलिस को मिली सफलता

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम पुलिस के द्वारा लगातार गुम बालक बालिकाओ के पता तलाश हेतू कबीरधाम पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री ऋचा मिश्रा तथा उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय पी.आर. कुजूर, उप. पुलिस अधीक्षक बी.आर. मंडावी के मार्गदर्शन में अभियान चलाकर थानों में दर्ज गुम बालक बालिकाओं से संबंधित अपराधों का निराकरण कर जल्द से जल्द घूम बालक बालिकाओं का पता तलाश कर परिजनों तक सकुशल पहुचाया जा रहा है। इसी तारतम्य में प्रार्थी द्वारा चौकी दशरंगपुर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि मेरा बेटा दिनांक 05,05,21 के दोपहर 12:00 बजे घर से बिना बताये कही चला

गया है। जिसके विषय में मेरे द्वारा परिवार के सभी सदस्यों एवं उसके मित्रों से भी पूछताछ किया गया है। परंतु उसका कोई पता नहीं चल पा रहा है। कि रिपोर्ट पर चौकी दशरंगपुर में गुम इंसान क्रमांक 17/21 पंजीबद्ध कर, मामले से वरिष्ठ अधिकारी गणों को अवगत कराया गया, जिनसे दिशा निर्देश प्राप्त कर थाना प्रभारी पिपरिया निरीक्षक के. के. वासनिक के कुशल नेतृत्व में चौकी प्रभारी दशरंगपुर उपनिरीक्षक बृजेश सिन्हा के द्वारा चौकी में टीम गठित कर गुमशुदा का पता तलाश प्रारंभ किया गया। जिस पर पुलिस टीम को सफलता प्राप्त हुआ और पुलिस टीम के द्वारा प्रयास कर राजेन्द्र कुमार साहू उम्र 19 वर्ष को दिनांक 13/06/21 को चौकी दशरंगपुर परिसर में बरामद कर पूछताछ करने पर राजेंद्र के द्वारा मुंबई महाराष्ट्र में जॉब करने के उद्देश्य से घर में किसी को ना बता कर जाना बताया गया। जिसे परिजनों को सकुशल सौंपा गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी पिपरिया निरीक्षक के.के. वासनिक के नेतृत्व में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक बृजेश सिन्हा, प्र0आर0 मोराजध्वज चंद्रवंशी, आर, हेमन्त चन्द्रवंशी, आर, विजय चंद्रवंशी का सराहनीय योगदान रहा।

कुरुद में हुआ सामाजिक कार्यक्रम हमदर्द

सामाजिक सदभावना के साथ आगे बढकर सभी की मदद करे : अजय

पायनियर संवाददाता ➤ कुरूद
www.dailypioneer.com

सेवा ही संगठन है संकल्प से सिद्धि तक की मूल भावना को लेकर सामाजिक कार्यक्रम हमदर्द का आयोजन भाजपा कार्यालय कुरूद के बगल में सर्वजन कुरुदक्षेत्र के द्वारा आयोजित किया गया जिसमें क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

इस समारोह का मुख्य उद्देश्य वैश्विक महामारी कोरोना से मृत हुए व्यत्तियो के परिवार तथा दोहरे हत्याकांड मे मृतक दंपति के अनाथ बच्चों को आर्थिक मदद देकर हमदर्द की भावना का संचार करना उद्देश्य रहा साथ ही सड़क दुर्घटना में घायल हुए पत्रकार धन सिंह सेन के इलाज के लिए इस कार्यक्रम के माध्यम से आर्थिक मदद भी की गई। मिली जानकारी के अनुसार कारगिल चौक कुरूद निवासी जो कोरोना की दूसरी लहर माता पिता का निधन हो जाने से अनाथ हुए बच्चे अमित पटेल निशा पटेल पाशमा पटेल को एक लाख रुपए की हमदर्द मदद के साथ कोरोना के दौरान कुंडेल निवासी रवि सेन की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनकी पांच बेटियों को एक लाख रूपये की राशि पत्रकार धन सिंह सेन सड़क दुर्घटना में घायल हुए युवराज सेन को पचास हजार रुपये इलाज के खर्च तथा कुरूद के इतिहास में पहली बार हुए दोहरे हत्याकांड में मृत्त दंपत्ति के बच्चे हिमांक एवं चार्वी चंद्राकर को एक लाख रूपए की राशि प्रदान की गयी। इस अवसर पर सभी वर्ग से उपस्थित तथा पीड़ित परिवारों के लोगों को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि कुरूद अपनी पुरानी परंपरा को भूल चुका है जिसे जीवित करने का यह प्रयास है कम से कम कुरूद विधानसभा क्षेत्र के लोग जो ऐसी आपदा से अपने परिजनों को खोए हैं वह अपने आप को अकेला एवं असहाय ना समझे कुरूद के लोग सामाजिक सद्भावना के साथ आगे बढ़कर सभी की मदद करेंगे यह आर्थिक मदद ही नहीं बल्कि ऐसे परिवारों की बीच-बीच में देखरेख करने का कार्य भी नगर के सामाजिक जन करेंगे यह परंपरा आज से पुनः प्रारंभ की गई है जो कि निरंतर जारी रहेगी।

इस अवसर पर पुर्व नपंध्यक्ष निरंजन सिन्हा, रविकांत चंद्राकर, ज्योति चंद्राकर, राजकुमार चैनवानी, डा. प्रदीप हिशीकर, डा. प्रदीप साहु, डा. राजेंद्र बजाज, डा. सत्येन्द्र श्रीवास्तव, हरिचरण अग्रवाल चंद्रशेखर चंद्राकर, मुरारी महावर, अरूण केला, त्रिलोक जैन, कुलेश्वर चंद्राकर, सुरेश अग्रवाल, रामस्वरूप साहु लोकेश्वर सिन्हा, अनिल चंद्राकर, कुशल सुखरामणी, जनक दुलारी चंद्राकर, योगिता गांधी, भुमिका सिन्हा, रश्मी केला, रामकिशोर केला, भुपेंद्र चंद्राकर, जितेंद्र अग्रवाल, राजेश पवार, दीपक गांधी, पंकज नायडु, कृष्णकांत साहु, मो. युसूफ संतोष ध्रुव, ललित चंद्राकर, भारत ठाकुर, कमलेश चंद्राकर, सत्यम चंद्राकर, दीपक चंद्राकर, धर्मेंद्र साहू, प्रकाश चैनवानी, प्रभात बैस सहित बड़ी संख्या में कोविड के नियमों का पालन करते हुये शामिल हुये। कार्यक्रम का संचालन भानु चंद्राकर ने किया।

नगर पालिका प्रशासन की ओर निहार रही है फिर भी नगर की सरकार इनकी सुध लेने में बर्बरता दिखा रही

पायनियर संवाददाता ➤ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

निस्तारी तालाब जो जलकुंभी से पटा सफाई की बांट जोहते वर्षों से नगर पालिका प्रशासन की ओर निहार रही है फिर भी नगर की सरकार इनकी सुध लेने में बर्बरता दिखा रही है लिहाजा संबंधित तालाब के समीपस्थ निवासियों में नगर पालिका प्रशासन के प्रति नाराजगी व्याप्त है। बताया जाता है कि नेवरा के कोटा मार्ग का तालाब जलकुंभी से पट चुका है जिसके चलते निस्तारी के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इस मामले को लेकर नगरपालिका प्रशासन को अवगत कराया भी जा चुका है फिर भी नगरपालिका प्रशासन मदमस्त है. संदर्भित तालाब की साफ-सफाई हेतु कोई ठोस कदम अब तक नहीं उठाई गई है। संजीवनी रक्त दाता संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश चौहान ने बताया कि इस तालाब की सफाई व्यवस्था हेतु बीते वर्ष नगरपालिका प्रशासन को लिखित में अवगत कराते हुए मांग की गई थी उस समय स्थानीय निवासियों के आक्रोश को दबाने औपचारिक तालाब की साफ-सफाई की गई थी नतीजन तालाब में जलकुंभी विकराल रूप ले रखी है। कहने को तालाब पूरा जलकुंभी से पटते जा रहा है फिर भी नगरपालिका प्रशासन चुप्पी साधे बैठी हुई है जबकि इस बसाहट के एक यही ऐसा तालाब है जहां लोगों के निस्तारी के साथ साथ मवेशियों का जल पीने का साधन भी है साथ ही शोक से संबंधित दशगात्र जैसे कार्यक्रम इसी तालाब में संपन्न किया जाता है। चौहान ने नगर पालिका प्रशासन से उक्त तालाब की मुहाने को जाली से फैन्सिग करने की मांग करते हुए कहा कि कि अगर इस बारिश के मौसम के पहले तालाब की सुरक्षा व साफ सफाई में कोताही बरती गई तो मानो जलकुंभी से पूरा तालाब पड़ जावेगा और लोगों के सामने निस्तारी के विकट समस्या खड़ी हो जावेगी।

DOC टॉक

डॉ. आनंद बालासुब्रमण्यम

कंसल्टेंट
न्यूरोसर्जन
यशोदा हॉस्पिटल्स, हैदराबाद

गंभीर स्थिति है

ब्रेन ट्यूमर बच्चों में आम ट्यूमर है और वयस्कों में कम आम है और वे मामूली (साधारण ट्यूमर या गैर-कैंसरयुक्त) या घातक (कैंसरयुक्त) हो सकते हैं। वे आमतौर पर दबे रहते हैं जब तक कि वे आकार में बढ़कर सिरदर्द और उल्टी की शिकायतों के साथ बढ़े हुए दबाव के लक्षण पैदा नहीं करते हैं, जो कि सुबह के घंटों के दौरान होने की सबसे अधिक संभावना है, और गंभीरता में धीरे धीरे वृद्धि के साथ-साथ दृश्य धुंधलापन होने,जिसमें फिर उल्टी के साथ अंततः सिरदर्द से राहत दिलाने में मदद मिलती है।

महत्वपूर्ण नसों के बगल में कुछ ट्यूमर विशेष तंत्रिका कार्य की कमजोरी का कारण बन सकते हैं और इसके परिणामस्वरूप शरीर के विशेष हिस्से के कार्य में कमी आ सकती है - जैसे आंखों की गति, दृश्य हानि, चेहरे की मांसपेशियों की गति, सुनने में समस्या, निगलने में कठिनाई, हाथों या पैरों की कमजोरी, चलने में कठिनाई या दौरे।

महामारी के कारण ब्रेन ट्यूमर के मरीज भी समय पर इलाज नहीं होने से पीड़ित हैं। ऐसे मामलों के इलाज के लिए आदर्श रूप से आवश्यक सर्वोत्तम सुविधाओं से लैस मल्टीस्पेशलिटी अस्पतालों तक पहुंचने के लिए रोगियों के लिए कोविड संक्रमण और लॉजिस्टिक्स के अनुबंध का डर - ध्यानाकर्षित करने में देरी के कुछ कारण हैं। यदि कभी इन मरीजों को कोविड संक्रमण हो जाता है, तो संक्रमण- अवधि के दौरान ऑपरेशन करना हानिकारक हो सकता है क्योंकि कोविड की जटिलता बढ़ सकती है और घातक भी हो सकती है (विशेषकर यदि सर्जरी की आवश्यकता नाक के माध्यम से होती है जैसे कि पिट्यूटरी ट्यूमर जैसे कुछ ट्यूमर मामलों में)।

चूंकि ब्रेन ट्यूमर सर्जरी कभी-कभी बहुत महत्वपूर्ण होती है और इसमें लंबे समय तक वेंटिलेशन के साथ आईसीयू देखभाल की आवश्यकता पड़ सकती है, इसलिए डाक्टरों के स्तर पर आईसीयू बेड और वेंटिलेटर (जो कि पहले से ही कोविड रोगियों के लिए बहुत मांग में है) की कमी के कारण बड़ा आपरेशन करने को लेकर संकोच की स्थिति आ सकती है। इसलिए, एक से अधिक माध्यमों से, ब्रेन ट्यूमर के रोगियों को आवश्यकतानुसार समय पर देखभाल नहीं मिल रही है। यदि ट्यूमर सामान्य (गैर-कैंसरयुक्त) है, तो कुछ महीनों तक प्रतीक्षा करने में कोई हर्ज नहीं है जब तक कि इस तरह के अस्पताल में प्रवेश व सर्जरी हेतु स्थिति उपयुक्त और सुरक्षित न हो।

यदि ट्यूमर घातक (कैंसरयुक्त) है, तो प्रतीक्षा करने से ट्यूमर और विकसित हो सकता है और संभवतः बाद के चरण में यह लाइलाज भी हो सकता है। कुछ सामान्य ट्यूमर जो नसों (पिट्यूटरी ट्यूमर द्वारा दृष्टि नसों) या रीढ़ की हड्डी पर दबाव डालते हैं और कार्य के नुकसान का कारण बनते हैं, उन्हें भी महत्वपूर्ण कार्य को संरक्षित करने हेतु जल्दी से उपचारित करने की आवश्यकता हो सकती है।

व्यक्ति को प्रदत्त परिस्थितियों में तत्काल सर्जरी के फायदों व नुकसानों को तौलना होगा, जिसमें कुछ हफ्तों से लेकर महीनों तक ट्यूमर के विकास का जोखिम उठाने के बाद होने वाली सर्जरी बनाम विलंबित सर्जरी शामिल है। निर्णय उचित परिश्रम व रोगियों और उनके रिश्तेदारों के साथ चर्चा करके लिया जाना चाहिए।

यदि महामारी की स्थिति के कारण सर्जरी को टालने की संभावना है, तो कुछ मामले विकिरण के साथ प्रत्यक्ष उपचार हेतु उत्तरदायी हो सकते हैं और ऐसे विकल्पों पर चर्चा करने व यथासंभव लाभ उठाने की आवश्यकता है, उदाहरण के लिए वेस्टिबुलर स्कवानोमा में स्टीरियोटैक्टिक रेडियोसर्जरी जो एक सौम्य ट्यूमर है। जो श्रवण वेस्टिबुलर तंत्रिका के न्यूरिल्मा म्यान से उत्पन्न होती है, जिसे आठवीं कपाल तंत्रिका के रूप में भी जाना जाता है जो आंतरिक कान से ध्वनि और संतुलन (संतुलन) की जानकारी हमारे मस्तिष्क तक पहुंचाती है।

पोस्ट-ऑपरेटिव उपचार जैसे विकिरण और कीमोथेरेपी की आवश्यकता होती है, जिन्हें वर्तमान परिदृश्य में प्रशासित करना मुश्किल हो जाता है, जहां रोगियों को छह से आठ सप्ताह तक के लंबे समय तक इलाज हेतु अस्पताल के करीब अलग-अलग शहरों में रहना पड़ सकता है। जहां उपचार स्थगित किया जा सकता है, इसे उपयुक्त रूप से माना जा सकता है, या उनके घर के पास के केंद्र में भेजा जा सकता है। कीमोथेरेपी देने से इन रोगियों की प्रतिरोधक क्षमता भी कम हो जाती है और वे संक्रमण के प्रति संवेदनशील हो जाते हैं। इन बातों को भी ध्यान में रखने की जरूरत है और रोगी को अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत है।

प्रभावी उपचार हैं मीठी गोलियां

समय-समय पर, होम्योपैथी ने जीवनशैलीगत रोगों के प्रबंधन में अपना प्रभाव साबित किया है। मुसबा हाशमी ने डॉ. कल्याण बनर्जी से बात की, जो उपचार से संबंधित मिथकों को तोड़ते हैं और बताते हैं कि यह चिकित्सा पद्धति कैसे केंद्र में है

जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के इलाज के लिए हम वास्तव में कितनी बार होम्योपैथी का सहारा लेते हैं? शायद ही कभी। क्यों? क्योंकि हम मानते हैं कि यह एक थकाऊ इलाज है। हालाँकि, सच्चाई ऐसी नहीं है।

डॉ. कल्याण बनर्जी क्लिनिक के होम्योपैथ सलाहकार डॉ. कुशाल बनर्जी कहते हैं, ''यह एक गलत धारणा है। होम्योपैथिक दवाएं सेवन के कुछ ही मिनटों में काम कर सकती हैं। तीव्र सिरदर्द, तेज बुखार और तीव्र अस्थमा के मामलों में, होम्योपैथिक दवाएं बहुत ही कम समय में राहत प्रदान कर सकती हैं। हालांकि, त्वचा के रोग उपचार में जिसे कि लाइलाज माना जाता है या उदाहरण के लिए मधुमेह का एक लंबा मामला है, ये दवाएं स्पष्ट रूप से धीमी लेकिन उत्तरोत्तर प्रभाव दिखाती हैं।''

वास्तव में, जो लोग अभी भी जीवन शैली की बीमारियों के प्रबंधन में होम्योपैथी की प्रभावशीलता पर संदेह करते हैं, उन्हें डॉ. बनर्जी बताते हैं कि जीवनशैली का महत्व तथा रोगियों को जीवनशैलीगत सलाह प्रदान करना पारंपरिक चिकित्सा से बहुत पहले होम्योपैथ द्वारा समझा गया था। डॉ. बनर्जी बताते हैं, ''होम्योपैथी में नियोजित समग्र दृष्टिकोण - उच्च रक्तचाप, उच्च कोलेस्ट्रॉल, मधुमेह, और विभिन्न अन्य विकारों जैसी जीवनशैली से जुड़ी समस्याओं की एक विस्तृत श्रृंखला का अत्यंत प्रभावी उपचार प्रदान करने में मदद करता है। अनेक मामलों में इन स्थितियों का विशेष होम्योपैथिक प्रबंधन किया जाता है। उन्नत या पुराने मामलों में, होम्योपैथी चल रही एलोपैथिक दवाओं में, स्पष्ट अतिरिक्त लाभ प्रदान करती है।''

कहा जा रहा है कि, ऐसे लोग हैं जो पारंपरिक चिकित्सा पर होम्योपैथी की प्रभावशीलता और लाभों को लंबे समय से समझ रहे हैं और वर्षों से इसकी मांग कर रहे हैं।

डॉ. बनर्जी बता रहे हैं, ''होम्योपैथिक उपचार की खोज होने के बाद से ही मरीजों ने इस पद्धति के उपचार की मांग की है। अब, पारंपरिक चिकित्सा के प्रतिकूल प्रभावों को लेकर आई अधिक जागरूकता होम्योपैथी में और भी अधिक रुचि पैदा कर रही है। मरीजों के पास उनके द्वारा ली जा रही दवाओं के हानिकारक प्रभावों के बारे में जानकारी उपलब्ध है और वे एलोपैथिक दवाओं को कम करने या बंद करने के विकल्पों पर विचार कर रहे हैं।''

इसके अलावा, चूंकि होम्योपैथी रोग के मूल कारण को दूर करने का प्रयास करती है, रोगी अपनी आवर्ती बीमारी से तंग आ चुके हैं और पारंपरिक दवाओं के साथ मिलने वाली राहत की अस्थायी प्रकृति उन्हें होम्योपैथी की ओर लेकर जा रही है। पारंपरिक चिकित्सा के चिकित्सक भी इस महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करने लगे हैं कि होम्योपैथी कठिन बीमारियों के प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

अब अगर इससे आप सोचने लगते है कि होम्योपैथी की इलाज सूची में समस्त बीमारियां कौन सी हैं, तो बनर्जी यहां आपकी मदद करते हैं।

डॉ. बनर्जी बताते हैं, ''होम्योपैथी चिकित्सा की एक संपूर्ण प्रणाली है और इसका दायरा बहुत व्यापक है। त्वचा और श्वसन प्रणाली की एलर्जी की स्थिति, जीवन शैली और अंतःस्रावी रोग, बांझपन समेत स्त्री रोग संबंधी स्थितियां, पॉली-सिस्टिक डिम्बग्रंथि रोग (पीसीओडी), मस्कुलो-स्केलेटल स्थितियां, गैस्ट्रो-आंत्र विकार और तंत्रिका संबंधी विकार कुछ ऐसे रोग हैं जो प्रभावी रूप से ठीक हो गए हैं। हालाँकि, सूची बहुत लंबी है।''

डॉ. बनर्जी का मानना है कि उपचार के लाभों को देखते हुए आयुष मंत्रालय व अन्य संबंधित विभागों की गतिविधियों के माध्यम से होम्योपैथी को और भी अधिक प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए। डॉ. बनर्जी आगे कहते हैं, ''होम्योपैथी को लोकप्रिय बनाने और इसे प्राथमिक, माध्यमिक और तृतीयक देखभाल स्तर पर उपलब्ध कराने पर स्पष्ट ध्यान दिया जाना चाहिए। सभी प्रमुख अस्पतालों में होम्योपैथी के विभाग होने चाहिए और इसे हर उस व्यकित को देना चाहिए जो इसे चाहता है। होम्योपैथी को पारंपरिक दवाओं के लिए सहयोगी के रूप में भी माना जाना चाहिए, जहां यह इसे प्रतिस्थापित नहीं कर सकती है।'' पारंपरिक चिकित्सा के चिकित्सकों को यह भी समझना चाहिए कि होम्योपैथी एक अत्यंत प्रभावी विकल्प है जिसे रोगी के इच्छुक होने पर सुझाया व समर्थित किया जाना चाहिए।

डॉ. बनर्जी के मुताबिक, ''इतना ही नहीं, होम्योपैथी में अनुसंधान की रुचि बढ़ी है और होम्योपैथिक दवाओं से जुड़े उच्च गुणवत्ता वाले शोध बढ़ रहे हैं। होम्योपैथी ने समय-समय पर उभरती नैदानिक संस्थाओं को संबोधित करने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है। मौजूदा कोविड-19 महामारी के दौरान होम्योपैथिक हस्तक्षेपों का इसके खिलाफ सुरक्षात्मक प्रभाव पाया गया और होम्योपैथिक दवाओं का उपयोग कोविड-19 के प्रबंधन में भी किया जा रहा है।''

समरकूलर

सौंफ के बीज

अक्सर माउथ फ्रेशनर के रूप में उपयोग होने वाली, सौंफ अत्यधिक सुगंधित व स्वादिष्ट जड़ी-बूटी होती है। शायद इसीलिए कुछ लोग इन्हें भोजन के बाद खाना पसंद करते हैं। सौंफ चबाने से भी सांसों की दुर्गंध से छुटकारा पाने में मदद मिल सकती है क्योंकि वे लार के उत्पादन को बढ़ाते हैं जिससे बैक्टीरिया बाहर निकल जाते हैं।

सौंफ का उपयोग कुछ सामान्य पाचन रोगों के इलाज के लिए किया जाता है जिसमें सीने में जलन, आंतों की गैस और सूजन शामिल हैं। ये मॉर्निंग सिकनेस या मतली या उल्टी को दूर करने में भी मदद करते हैं। सौंफ के एंटीऑक्सीडेंट और अन्य रोगाणुरोधी गुण बालों की कई बीमारियों का इलाज करने में मददगार होते हैं। इनमें से कुछ में डैंड्रफ, सिर की खाल में खुजली, बालों का टूटना व बालों का झड़ना शामिल हैं। इनमें नाइट्राइट भी होते हैं, यानी ऐसे यौगिक जो रक्तचाप स्तर को कम करने के लिए जाने जाते हैं। इनमें मौजूद फाइबर की मात्रा भी कोलेस्ट्रोल के स्तर को कम करने में मदद करती है।

दादी का कहना

सीने में जलन होना आम है। जब कोई अत्यधिक खा लेता है तो इससे काफी दर्द व असुविधा हो सकती है। रोशनी देवी कुछ ऐसे घरेलू उपचार बता रही हैं जो आराम दिला सकते हैं

घर से काम करने का मतलब है लंबे समय तक काम करना और ढेर सारा खाना। तालाबंदी के दौरान हमारे खाने की आदतें निश्चित रूप से दांव पर लग गई हैं। इसका नतीजा? सीने में जलन और ऐसिडिटी।

सीने की उस बेचैनी और दर्द भरे एहसास को कोई पसंद नहीं करता। इसका सबसे स्पष्ट इलाज है कि ज्यादा खाने से बचा जाए। इसका मतलब है कि ज्यादा खाने के बजाय अल्पाहारी बना जाए।

शराब और कॉफी पीने से भी सीने में जलन की समस्या बढ़ सकती है। या तो इनसे पूरी तरह से बचें या इनका सीमित सेवन करें।

दो बड़े चम्मच एप्पल साइडर विनेगर को 100 मिली पानी में मिलाएं। थोड़ा सा सिरका पीने से पेट का एसिड बेअसर हो जाएगा।

जलन को शांत करने के लिए भोजन से ठीक आधा घंटा पहले, लगभग एक चौथाई कप एलोवेरा जूस पीयें।

हालांकि कुछ लोगों का कहना है कि दूध जलन को बढ़ाता है। मगर कुछ लोग पाते हैं कि यह अद्भुत ढंग से कारगर होता है। वसा रहित या स्किम्ड दूध पीएं। अगर ठंडा दूध पीना आपको पसंद नहीं है, तो दही का सेवन करें।

सीने में जलन होने की संभावना से बचने के लिए अपने आहार में ताजे फल और सब्जियों को शामिल करना न भूलें।

स्वच्छता के पीछे का विज्ञान

सैनिटाइजर एक जरूरत बन गया है। मुसबा हाशमी से बातचीत करते हुए डॉ. अर्चना धवन बजाज बता रही हैं कि कैसे सैनिटाइजर का अतिरेक उपयोग फायदे से ज्यादा नुकसान कर सकता है।

महामारी के दौरान मास्क और सैनिटाइजर ने मुख्य भूमिका निभाई है। एक समय था जब दोनों त्वरित गति से अलमारियों से गायब हो रहे थे। क्यों? क्योंकि लोगों ने उनकी जमाखोरी शुरू कर दी थी। आवश्यकता, या यह कहें कि आशंका के कारण लोगों ने उनका भंडारण किया।

हालांकि, किसी भी चीज की अधिकता फायदे से ज्यादा नुकसान कर सकती है। इसलिए, यदि आप उन लोगों में से हैं जो संक्रमण से ग्रसित होने के डर से हर दो मिनट में सैनिटाइजर का उपयोग करते हैं, तो डॉक्टर कहते हैं, ऐसा करना कोई समझदारी की बात नहीं है।

स्त्री रोग विशेषज्ञ, प्रसूति और आईवीएफ विशेषज्ञ,नर्चर आईवीएफ डॉ अर्चना धवन बजाज बताती हैं, ''जहां सैनिटाइटर हमें कई प्रकार की बीमारियों से सुरक्षित रखने में मदद करता है, वहीं दूसरा पहलू यह है कि यह शरीर के माइक्रोबायोम को उन तरीकों से प्रभावित कर सकता है जो हमारे लिए बुरा हो सकते हैं। सैनिटाइजर हमारे शरीर के लिए फायदेमंद बैक्टीरिया को मारता है जिसके परिणामस्वरूप हमारे स्वस्थ जीवाणु समुदाय में उथल पुथल पैदा होती है। इसलिए, हैंड सैनिटाइजर का उपयोग सावधानी से किया जाना चाहिए और केवल तभी किया जाना चाहिए जब आपके पास साबुन व पानी की उपलब्धता न हो।''

डॉ. अर्चना कहती हैं कि हालांकि, हर दो मिनट में उनका उपयोग करने की आवश्यकता नहीं है। एक अच्छा नियम तो यह है कि अपने हाथों को प्रति घंटे लगभग एक बार साफ करें, जब तक कि आपकी नौकरी की कोई अन्यथा आवश्यकता न हो, व जब कभी आपके हाथ धोने के लिए साबुन और पानी उपलब्ध न हो।

कुछ लोग सैनिटाइजर पर इतना भरोसा करते हैं कि घर पर भी उन्हें सैनिटाइजर ही विकल्प नजर आता है। बकौल डा अर्चना, ''साबुन और गर्म पानी से हाथ धोना लगभग हमेशा एक बेहतर विकल्प होता है, हालाँकि, अस्पतालों में या जब आप सिंक तक नहीं पहुँच सकते, तो हैंड सैनिटाइजर का उपयोग करना उचित होता है। हालांकि, सैनिटाइजर के बार-बार उपयोग से एलर्जी, त्वचा पर चकत्ते हो सकते हैं और त्वचा पर पपड़ी जम सकती है।''

इतना ही नहीं, सैनिटाइजर में अल्कोहल, ट्राइक्लोसन सहित अनेक रसायन होते हैं और लंबे समय तक हैंड सैनिटाइजर का अत्यधिक उपयोग त्वचा के प्राकृतिक तेलों को सोख लेता है जो फिर एलर्जी का कारण बनता है। डॉ. बजाज बताती हैं, ''ट्राइक्लोसन एंटीबायोटिक प्रतिरोधी बैक्टीरिया के विकास के जोखिम को भी बढ़ाता है। ट्राइक्लोसन के उच्च स्तर के कारण बच्चे व किशोर एलर्जी और हे फीवर या परागज ज्वर से पीड़ित हो सकते हैं।

जब कोई व्यक्ति बार-बार हैंड सैनिटाइजर का उपयोग करता है, तो बैक्टीरिया और अन्य रोगजनक एंटीबायोटिक दवाओं के लिए प्रतिरोध का निर्माण करना शुरू कर देते हैं, जिससे प्रतिरक्षा प्रणाली के कमजोर होने के कारण संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। लंबे समय में हैंड सैनिटाइजर प्रतिरक्षा प्रणाली को प्रभावित कर सकता है, त्वचा को संवेदनशील बना सकता है और एलर्जी का कारण बन सकता है। यह शरीर में हार्मोन की गड़बड़ी भी पैदा कर सकता है।''

सैनिटाइटर के अत्यधिक उपयोग के बारे में डॉ. बजाज सावधानी बरतने के लिए कहती हैं कि उनमें उच्च मात्रा में अल्कोहल होता है, इसलिए गर्भवती महिलाओं व छोटे बच्चों में अधिक उपयोग से बचना चाहिए क्योंकि त्वचा से रक्त में अल्कोहल का अवशोषण हो सकता है।

इतना ही नहीं। कुछ लोग ऐसे भी हैं जो अपने फर्श साफ करने वाली सामग्री में सैनिटाइजर मिलाते हैं, डॉक्टरों का कहना है कि यह जरूरी नहीं है। डॉ. बजाज का मानना है, ''सफाई और संक्रमणमुक्त करने के बीच का अंतर यह है कि सफाई कीटाणुओं को हटाने में मदद करती है लेकिन उन्हें मारती नहीं है जबकि संक्रमणमुक्त करने का अर्थ है कि सतहों पर कीटाणुओं को मारने के लिए रसायनों का उपयोग करना। जब फर्श की बात आती है, तो पूर्णतया कीटाणुरहित करना शायद ही कभी आवश्यक होता है। अध्ययनों से पता चला है कि नियमित सफाई के अलावा कीटाणुरहित फर्श का न्यूनतम प्रभाव पड़ता है, हालांकि आप सामान्य से थोड़ी ज्यादा बार सफाई करना चाह सकते हैं।''

विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर जिले में स्थित विभिन्न दुकान, होटल, कारखाना एवं बाजारों में बाल श्रम को रोकने हेतु जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के मार्गदर्शन एवं निर्देशन पर श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास एवं पुलिस प्रशासन के संयुक्त संयोजन से दुर्ग जिले के विभिन्न स्थानों पर बाल श्रमिक को रोकने हेतु जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया।

राहुल शर्मा न्यायिक मजिस्ट्रेट /सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग ने बताया कि हर साल 12 जून को पूरी दुनिया में विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से श्रम न कराकर उन्हें शिक्षा दिलाने के लिए जागरूक करना है । भारत का संविधान मौलिक अधिकारों और राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत की विभिन्न अनुच्छेदों के माध्यम से कहता है कि 14 साल के कम उम्र का कोई भी बच्चा किसी फैक्ट्री या खदान में काम करने के लिए नियुक्त नहीं किया जाएगा और ना ही किसी अन्य खतरनाक नियोजन में नियुक्त किया जाएगा। बच्चों को स्वस्थ तरीके से स्वतंत्र व सम्मानजनक स्थिति में विकास के अवसर तथा सुविधाएं दी जाएगी और बचपन वा जवानी को नैतिक व भौतिक दुरुपयोग से बचाया जाएगा।

बाल श्रम (निषेध व नियमन) कानून 1986 यह कानून 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को 13 पेशा और 57 प्रक्रियाओं में, जिन्हें बच्चों के जीवन और स्वास्थ्य के लिए अहितकर माना गया है, नियोजन को निषिद्ध बनाता है। फैक्ट्री कानून 1948 यहां कानून 14 से 18 वर्ष तक के किशोर किसी फैक्ट्री में तभी नियुक्त किए जा सकते हैं जब उनके पास किसी अधिकृत चिकित्सक का फिटनेस प्रमाण पत्र हो। इस कानून में 14 से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए हर दिन साढ़े चार घंटे की कार्यावधि तय की गई है और रात में उनके काम करने पर प्रतिबंध लगाया गया है। कोई भी व्यक्ति जो 14 साल से कम उम्र के बच्चे से काम करवाता है अथवा 14 से 18 वर्ष के बच्चे को किसी खतरनाक व्यवसाय में काम देता है उसे 6 महीने से 2 साल तक की जेल की सजा हो सकती है और साथ ही 20 हजार से 50 हजार रुपए तक का जुर्माना भी हो सकता है।

बच्चों के माता-पिता/ अभिभावकों को अपने बच्चों को इस कानून के विरुद्ध काम करने की अनुमति देने के लिए सजा नहीं दी जा सकती है परंतु यदि किसी 14 वर्ष से कम आयु के बच्चे को व्यवसाय के उद्देश्य से काम करवाया जाता है या फिर किसी 14 से 18 वर्ष की आयु के बच्चे को किसी खतरनाक व्यवसाय या प्रक्रिया में काम करवाया जाता है तो यह प्रतिरक्षा लागू नहीं होती और उन्हें सजा दी जा सकती है। इन कानून के अलावा और भी ऐसे अधिनियम है (जैसे फैक्ट्रीज अधिनियम, शिपिंग अधिनियम, मोटर परिवहन, श्रमिक अधिनियम इत्यादि) जिनके तहत बच्चों को काम पर रखने के लिए सजा का प्रावधान है पर बाल मजदूरी करवाने के अपराध के लिए अभियोजन बाल मजदूर कानून के तहत ही होगा। व्यापारी एवं ठेकेदार से लोगों से आशा का बंधपत्र भी भरवाया गया। भविष्य में उनके द्वारा कभी भी 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के काम नहीं करवाया जाएगा और अगर किसी को 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से काम करवाते देखेंगे तो उनके द्वारा रोका जाएगा एवं उसकी शिकायत की जाएगी ।

बाल मजदूरी रोकने का सबसे महत्वपूर्ण उपाय है बाल मजदूरी के खिलाफ जागरूकता फैलाना ताकि लोग समझ सके कि बाल मजदूरी देश के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। उन्हें बताना होगा कि बाल मजदूरी के द्वारा भारत के भविष्य जो बच्चों में है वह मानसिक व शारीरिक रूप से कमजोर हो रहा है। बाल मजदूरी रोकने का दूसरा उपाय है शिक्षा का प्रचार-प्रसार क्योंकि अशिक्षित व्यक्ति बाल मजदूरी को नहीं समझता है। शिक्षा का प्रसार होगा तो बाल मजदूरी पर रोक लगेगी तथा लोग बाल श्रम के प्रति जागरूक होंगे। इस आयोजन में लोकेश पटले न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पीएलवी, श्रम विभाग के अधिकारी एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

मोबाईल मेडिकल यूनिट की विशेष उपलब्धि पर किया गया सेलिब्रेट

छत्तीसगढ़ राज्य में 10000 शिविरों में लगभग 05 लाख लोगो का निःशुल्क स्वास्थ्य उपचार

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com

निकाय क्षेत्रातर्गत मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत स्लम क्षेत्र में रहने वाले लोगों को गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श, जॉच, उपचार एवं दवाईयॉ उपलब्ध कराने के लिए चलित चिकित्सा वाहन उपलब्ध है। उक्त चलित चिकित्सा वाहन के माध्यम से रोजाना निकाय क्षेत्रों में 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक मोबाइल मेडिकल टीम मौजूद रहकर निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श, जॉच, उपचार एवं दवाईयॉ उपलब्ध कराया जा रहा है। इस प्रकार से स्लम क्षेत्रों में रहने वाले गरीबों के लिए मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत संचालित मोबाईल मेडिकल यूनिट संजीवनी साबित हुई है। गौरतलब है कि महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती के अवसर पर आगामी 2 अक्टूबर से प्रदेश में मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना प्रारूप की गई एवं 01 नवंबर 2020 को माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करकमलों से इस योजना की शुरूआत की गई है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के 14 नगर निगमों में करीब एक लाख 71 हजार परिवार स्लम क्षेत्रों में रहते हैं। इन परिवारों के लगभग 7 लाख 80 हजार लोगों के उपचार की सुदृढ़ व्यवस्था के लिए सरकार मौजूदा स्वास्थ्य सेवाओं के साथ ही मोबाइल मेडिकल टीम उपलब्ध करा रही है। स्लम क्षेत्रों के मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सा सेवा मुहैया कराने स्वास्थ्य विभाग अधिक से अधिक विशेषज्ञों को इस योजना से जोड़ रहा है। सभी नागरिकों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए सरकार मौजूदा स्वास्थ्य सेवाओं के साथ ही लोगों के बीच भी पहुंचकर जांच व उपचार कर निःशुल्क दवाईयां दे रही हैं। जिला अस्पतालों में ख्याति प्राप्त सुपरस्पेशिलस्टों की ओपीडी सेवा के बाद अब मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना में भी लोगों को विशेषज्ञों द्वारा चिकित्सीय परामर्श सुलभ हो रही है। योजना शुरू होने के बाद से अब तक नगर पालिक निगम, भिलाई-चरौदा क्षेत्रांतर्गत कुल 359 शिविरों में 18840 लोगों का निःशुल्क उपचार किया जा चुका है, वहीं पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में 10000 शिविरों में लगभग 05 लाख लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श, जॉच, उपचार एवं दवाईयॉ उपलब्ध कराई जा चुकी है। एमएमयू में उपलब्ध सुविधाओं एवं कड़ी निगरानी एवं योजना की डिजाईन का ही परिणाम है कि इस योजना को शहरों की जनता द्वारा अपनाया गया है एवं पांच लाख मरीजों का ईलाज का लक्ष्य योजना की टीम एवं राज्य शहरी विकास अभिकरण द्वारा पूर्ण किया गया है।

नगर के मध्य ह्रदय स्थल में स्थित कन्या शाला प्रांगण तालाब में तब्दील हो गया

पायनियर संवाददाता ➤ थान खमरिया
www.dailypioneer.com

नगर के भारत माता कन्या शाला प्रांगण मानसून के पहले दिन ही बारिश के पानी से लबालब हो गया है नगर के मध्य ह्रदय स्थल में स्थित कन्या शाला प्रांगण तालाब में तब्दील हो गया है स्कूल परिसर में यत्र तत्र कूड़े करकट एवं दलदल होने की वजह से जहरीले जीव जंतु का हमेशा डर लगा रहता है अभी कक्षा 12वीं की छात्राओं को उत्तर पुस्तिका लेने एवं उत्तर पुस्तिका जमा करने के लिए कन्या शाला आना जाना पड़ रहा है उनहे भारी परेशानी एवं दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

भारत माता कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में प्रतिवर्ष हजारों रुपए का फंड शासन द्वारा मिलता है शाला विकास निधि एवं अन्य कई प्रकार के मरम्मत एवं साफ सफाई के लिए शासकीय अनुदान मिलता है उसके बावजूद भी शाला परिसर की बदहाली का यह आलम संस्था प्रमुख की घोर लापरवाही को दर्शाता है विदित हो कि उस परिसर में चार स्कूले संचालित है कन्या प्राथमिक शाला ,बालक प्राथमिक शाला, कन्या मिडिल स्कूल एवं कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल नगर का एकमात्र बड़ा शिक्षण परिसर होने के बाद गंदगी का यह आलम नगर वासियों को शर्मसार करता है।

पति के दीर्घायु की कामना से सुहागिनों ने की वटवृक्ष की पूजा

पायनियर संवाददाता ➤ थानखम्हरिया
www.dailypioneer.com

नगर में अखंड सुहाग की कामना से सुहागिन महिलाओं ने बरगद के वृक्ष पर कलावा लपेटकर वट सावित्री पूजन किया। सुबह से ही सोलह श्रृंगार कर महिलाएं पति की लंबी आयु के लिए व्रत रख बरगद वृक्ष के समीप एकत्रित हुईं। देवालयों के परिसरों में लगे बरगद पेड़ के पास समूह बनाकर पूजन किया।

यह व्रत स्त्रियों के लिए सौभाग्यवर्धक, पापहारक, दुःखनाशक और धन-धान्य प्रदान करने वाला होता है। इस व्रत में वट वृक्ष का बहुत महत्व होता है। इस दिन बरगद के वृक्ष की पूजा करके महिलाएं देवी सावित्री के त्याग, पति प्रेम एवं पति व्रत धर्म का स्मरण करती हैं। इस पेड़ की बहुत सी शाखाएं नीचे की तरफ लटकी हुई होती हैं जिन्हें देवी सावित्री का रूप माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि वट वृक्ष की जड़ों में ब्रह्मा, तने में भगवान विष्णु एवं डालियों में त्रिनेत्रधारी शिव का निवास होता है इसलिए इस वृक्ष की पूजा से सभी मनोकामनाएं शीघ्र पूर्ण होती हैं। अग्नि पुराण के अनुसार बरगद उत्सर्जन को दर्शाता है।

अतः संतान प्राप्ति के लिए इच्छुक महिलाएं भी इस व्रत को करती हैं। अपनी विशेषताओं और लंबे जीवन के कारण इस वृक्ष को अनश्वर माना गया है। वट वृक्ष की छांव में ही देवी सावित्री ने अपने पति को पुनः जीवित किया था इसी मान्यता के आधार पर स्त्रियॉ सदा सुहागन की प्राप्ति के लिए इस दिन बरगद के वृक्ष की पूजा करती हैं। इस पर्व के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी मिलता है। वृक्ष होंगे तो पर्यावरण शुद्ध रहेगा और तभी जीवन संभव है।

बीएसपी संपदा अधिकारी के अवैध निर्माण की शिकायत डायरेक्टर इंचार्ज से की गई

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com

भारत रत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण स्मारक प्रतिष्ठान रूआबांधा ने भिलाई स्टील प्लांट के संपदा अधिकारी के अवैध/अतिरिक्त निर्माण की शिकायत डायरेक्टर इंचार्ज अनिर्बान दासगुप्ता से की। इसकी प्रतिलिपि सेल चेयरमैन को प्रेषित करते हुए प्रतिष्ठान ने अविलंब अनुशासनात्मक व लीज शर्तों का उल्लंघन मामले में बेदखली कार्रवाई कर अर्थदंड लगाने की मांग की है। प्रतिष्ठान के अध्यक्ष आर पी शर्मा ने अपने शिकायती पत्र में डायरेक्टर इंचार्ज बीएसपी को कहा है कि भिलाई इस्पात संयंत्र संपदा न्यायालय में पदस्थ संपदा अधिकारी रजनीश चंद्राकर बीएसपी के आवंटित आवास में अवैध निर्माण किया है। यह आवास सेक्टर-10, स्ट्रीट- 23 और क्वार्टर 4 ए में स्थित है। उन्होंने जानना चाहा है कि क्या भिलाई स्टील प्लांट मैनेजमेंट द्वारा इन्हें अनुमति दी गई है जो इन्होंने मनमाने तरीके से दो मंजिला अवैध निर्माण किया है। क्या यह लीज नियमों का उल्लंघन नहीं माना जाएगा? उन्होंने पूछा है कि ऐसी परिस्थिति में जिसने स्वयं लीज का उल्लंघन कर अवैध निर्माण किया है, उसे भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा संपदा न्यायालय में संपदा अधिकारी पदस्थ करना कहां तक न्याय संगत है? जबकि सारे अवैध मामले का न्याय देने वाला व्यक्ति स्वयं अवैध निर्माण किया है। ऐसे अधिकारी से न्याय की अपेक्षा करना उचित होगा क्या? उन्होंने कहा है कि ऐसी परिस्थिति में संपदा अधिकारी रजनीश चंद्राकर के विरुद्ध तत्काल प्रभाव से अनुशासनात्मक कार्रवाई का आदेश जारी किया जाए और इन पर अवैध निर्माण का मुकद्दमा दर्ज किया जाए। वहीं इनसे लीज उल्लंघन के एवज में आर्थिक दंड भी सख्ती से वसूला जाए।

अग्रवाल सम्मेलन की नयी कार्यकारिणी को दी गई बधाई

पायनियर संवाददाता ➤ थानखम्हरिया
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन छत्तीसगढ़ प्रदेश इकाई की नयी कार्यकारिणी का निर्वाचन पिछले दिनों रायपुर में संपन्न हुआ जिसमें सभी ग्यारह सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुये। प्रसन्नता व्यक्त करते हुये बेमेतरा जिला इकाई ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनायें दी। वर्ष 21 से 24 त्रिवर्षीय कार्यकाल के लिये जिन सदस्यों का निर्वाचन हुआ उनके नाम हैं।

संतोष अग्रवाल रायगढ़ (अध्यक्ष), आनंद कुमार बेरीवाल रायगढ़ (महामंत्री), बिशन कुमार गोयल रायपुर (कोषाध्यक्ष), बेनीप्रसाद गुप्ता बिलासपुर, सुधीर अग्रवाल दुर्ग, कृष्णकुमार अग्रवाल अंबिकापुर, सतपाल जैन रायपुर (सभी वरिष्ठ उपाध्यक्ष), दिलीप अग्रवाल भिलाई, प्रेमचंद अग्रवाल रायपुर, पवन कुमार अग्रवाल कोरबा तथा मुरारी लाल अग्रवाल पत्थलगॉव (सभी उप महामंत्री)। सम्मेलन की बेमेतरा जिला इकाई के अध्यक्ष पुरूषोत्तम अग्रवाल, महामंत्री सुरेश सिंघानिया, कोषाध्यक्ष गोपाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष हरिश्चंद्र डोकानिया, उप महामंत्री आशीष बंसल तथा सदस्यों आनंद अग्रवाल, अनिल सिंघानिया, नरसिंह केडिया, नटवर सिंघानिया, पवन मुरारका, पुरूषोत्तम सिंघानिया, राजेश अग्रवाल, साकेत अग्रवाल, संजय बंसल आदि ने शुभकामनायें दी है। पुरूषोत्तम अग्रवाल ने अपने बधाई संदेश में आशा व्यक्त की कि नयी कार्यकारिणी अपने दायित्वों पर खरा उतरेगी तथा अग्रवाल समाज को ऊँचाई देने सतत् क्रियाशील रहेगी।

स्वामी रामहर्षणदासजी की मनायी जायेगी जयंती

थानखम्हरिया। अनंत विभूषित पंचरसाचार्य प्रेमामूर्ति देवर्षि शिखर स्वामी श्रीरामहर्षणदासजी महाराज की जयंती 14 जून को प्रातः 10 बजे से श्रीरामहर्षण कुंज साजा में हर्षोल्लास के साथ मनायी जायेगी। पूज्य संत भगवानदास जी तथा महंत वैष्णवदास के पावन सानिध्य में संत शिरोमणि रानी मॉ के लाल प्रेम रामायण के रचयिता पूज्य स्वामी जी के जन्मोत्सव के बधाई गीतों का गायन 9 जून से नित्य रात्रि 7 से 8.30 बजे तक किया जा रहा है जिसमें श्रद्धालु रसिकजन प्रेम विभोर हो आनंद ले रहे हैं।

14 जून को सुबह सदुरूदेव की पूजा आरती पश्चात् बधाई गीत गाये जायेंगे न्यौछावरी लुटायी जायेगी।

सेल अधिकारियों-कर्मचारियों के पे और वेज रिवीजन, स्थानीय युवाओं को भर्ती में प्राथमिकता और सुविधाओं के विस्तर समेत अनेक मुद्दों पर हुई चर्चा

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से उनके निवास कार्यालय में स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड की चेयरमेन सोमा मंडल ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री बघेल और सेल की चेयरमेन मंडल के मध्य सेल के अधिकारियों का 2017 से पे-रिवीजन और कर्मचारियों का वेज रिवीजन लागू करने, बीएसपी के कर्मचारियों की नियुक्ति में छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों को वरियता प्रदान करने, उनका कौशल उन्नयन करने प्रशिक्षण देने, बीएसपी क्षेत्र में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों की स्थापना करने, सेक्टर-9 अस्पताल में सुविधाओं का विकास कर सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल का निर्माण करने, बीएसपी आवासीय क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति सीएसईबी के माध्यम से करने तथा भिलाई की धार्मिक-सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्थाओं को आवंटित भूमि के लीज नवीनीकरण की दर को घटाने के विषयों पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि सेल और छत्तीसगढ़ का विकास परस्पर जुड़ा हुआ है। अब तक इसी परस्परता और सहयोग से दोनों आगे बढ़ते हैं, समय के साथ-साथ यह वातावरण और भी बेहतर हुआ है। उन्होंने राज्य शासन की ओर सेल को हर आवश्यक सहयोग देने का आश्वसन दिया साथ ही उम्मीद व्यक्त की कि छत्तीसगढ़ प्रदेश और यहां के लोगों के हित से जुड़े मुद्दों पर सेल से भी पूर्व की भांति सहयोग मिलता रहेगा।

सेल की चैयरमेन ने भी राज्य सरकार की ओर से मिल रहे सहयोग के लिये आभार जताया। इस अवसर पर खनिज साधन विभाग के सचिव अन्बलगन पी. तथा स्टील एग्जीक्यूटिव फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बन्छोर भी उपस्थित थे।

बेरला तहसील का पटवारी निलंबित

बेमेतरा। जिले के बेरला तहसील के अन्तर्गत पटवारी हल्का नम्बर 29 ग्राम बांसा के पटवारी युवराज साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उनके विरुद्ध एक किसान द्वारा जमीन खरीदी-बिक्री की बिक्री नकल व सीमांकन के लिए अवैध रुप से राशि की मांग करने की शिकायत की गई थी। इसको गंभीरता से लेते हुए अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेरला द्वारा संबंधित पटवारी को शो-काज नोटिश जारी किया गया था। युवराज साहू द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण समाधान कारक नही होने के कारण उन्हे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि मे साहू का मुख्यालय तहसील कार्यालय बेरला नियत किया गया है। इस दौरान उन्हे जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी। नव पदस्थ कलेक्टर भोसकर विलास संदीपान ने कहा है कि कोई भी शासकीय कर्मचारी/अधिकारी यदि किसानों, ग्रामीणों एवं आम नागरिकों के काम करने मे हीलाहवाला करता है अथवा राशि की मांग करने पर संबंधित शासकीय सेवक के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जावेगी।

सर्वप्रथम बीएसपी के जम्बो कोविड केयर सेंटर में वृक्षारोपण कर किया

सेल चेयरमेन सोमा मण्डल ने बीएसपी का किया भ्रमण और भिलाई बिरादरी को और बेहतर करने के लिए किया प्रेरित

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com

सेल चेयरमेन सोमा मण्डल ने अपने भिलाई प्रवास के दूसरे दिन सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र का विस्तृत भ्रमण किया और संयंत्र के निष्पादन की समीक्षा की। दिनांक 12 जून, 2021 को सेल चेयरमेन सोमा मण्डल ने अपने भ्रमण का प्रारंभ सर्वप्रथम बीएसपी के जम्बो कोविड केयर सेंटर में वृक्षारोपण कर किया। इस अवसर पर सेल के डायरेक्टर (टेक्नीकल, प्रोजेक्ट्स व रा-मटेरियल) हरिनंद राय तथा संयंत्र के डायरेक्टर इंचार्ज अनिर्बान दासगुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। श्रीमति मण्डल ने बीएसपी के जम्बो कोविड केयर सेंटर की सुविधाओं का अवलोकन किया और भिलाई बिरादरी की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

अपने भ्रमण की अगले पड़ाव में श्रीमती मण्डल मेन गेट स्थित सेफ्टी एक्सीलेंस सेंटर में आवश्यक सुरक्षा निर्देषों के साथ संयंत्र का भ्रमण प्रारम्भ किया। इस भ्रमण के दौरान वे सर्वप्रथम संयंत्र के ओर हैंडलिंग प्लांट का अवलोकन किया। साथ ही उन्होंने नई सुविधा के रूप में लगने वाले बेस मिक्स प्लांट के साइट को भी देखा। उल्लेखनीय है कि बेस मिक्स प्लांट के माध्यम से विभिन्न रा मटेरियलस् को विशेषकर लौह अयस्क और फ्लक्स आदि को मिलाकर समरूप मिश्रण तैयार किया जाता है। इस अर्थ निर्मित कच्चे माल का उपयोग सिंटर प्लांट में बेहतर सिंटर के निर्माण में किया जाता है। इस प्रकार निर्मित सिंटर से सिंटर प्लांट की उत्पादन व उत्पादकता में वृद्धि होती है। इस अवसर पर सोमा मण्डल ने उपस्थित कार्मिकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भिलाई से सेल को अनेक उम्मीदें हैं। अब तक हमने बेहतर किया है अब हमें और बेहतर करना है। इसके लिए हम सभी को थोड़ा-सा अतिरिक्त योगदान देना होगा। तत्पश्चात सोमा मण्डल ने सिंटर प्लांट-3 का अवलोकन करने के साथ ही एसपी-3 में बरगद वृक्ष का पुनः रोपण कार्यक्रम को सम्पन्न किया। इसी क्रम में उन्होंने सिंटर प्लांट-2 का भी भ्रमण किया। संयंत्र भ्रमण के इस कार्यक्रम के दौरान सेल चेयरमेन सोमा मण्डल ने भिलाई इस्पात संयंत्र के माडेक्स इकाईयों के उत्पादन गतिविधियों से रूबरू हुई। इसके तहत ब्लास्ट फर्नेस-8, स्टील मेल्टिंग शॉप-3, बार एंड राड मिल (बीआरएम) तथा यूनिवर्सल रेल मिल (यूआरएम) का भ्रमण कर कार्मिकों व अधिकारियों की हौसला अफज़ाई की। संयंत्र भ्रमण के पश्चात् सेल चेयरमेन सोमा मण्डल ने भिलाई इस्पात संयंत्र के डायरेक्टर इंचार्ज के सभागार में बीएसपी के युनियन प्रतिनिधियों से मुलाकात कर वेज रिवीजन से लेकर श्रम कल्याण के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। विदित हो कि सेल चेयरमेन ने अपने प्रथम दिवस प्रवास के दौरान एमएसएमई एसोसिएशन, आफिसर्स एसोसिएशन तथा एससी/ एसटी एसोसिएशन के पदाधिकारियों से अलग-अलग मुलाकात की। सेल के डायरेक्टर (टेक्नीकल, प्रोजेक्ट्स व रा-मटेरियल) हरिनंद राय ने जूम के माध्यम से भिलाई इस्पात संयंत्र के निष्पादन, योजना तथा रणनीति पर विस्तृत चर्चा कर संयंत्र प्रबंधन को मार्गदर्शन प्रदान किया। इस बैठक में संयंत्र के डायरेक्टर इंचार्ज अनिर्बान दासगुप्ता सहित कार्पोरेट आफिस के ईडी (आपरेशन) देवदास एवं बीएसपी के संयंत्र के कार्यपालक निदेशक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ) डॉ. एस के इस्सर, कार्यपालक निदेशक (सामग्री प्रबंधन) राकेश, कार्यपालक निदेशक (परियोजनाएँ) ए के भट्टा, कार्यपालक निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) एस के दुबे, कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) अंजनी कुमार तथा मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (वित्त एवं लेखा) एस रंगानी विशेष रूप से जुड़े हुए थे। इसके अतिरिक्त सभी विभागों के मुख्य महाप्रबंधकों ने भी इस समीक्षा बैठक में डिजिटली अपनी भागीदारी प्रदान की।

ढोलिया, पेंडितरई,नरी ,मुलमुला रुट कें गांवों की बिजली का करें स्थाई समाधान अन्यथा होगा धरना प्रदर्शन

बेमेतरा। जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी के सब्र का बांध मानो टूट से गया उन्होंने विद्युत विभाग के कर्मचारियों से हाथ जोड़कर प्रार्थना करते हुए कहा ,मेरे जिला पंचायत क्षेत्र के गाँव ढोलिया, चारभाटा, पण्डरभट्ठा, मजगाव, पेड़ीतरई, नरी, कोसा, मुलमुला के बिजली लाइन को दुरुस्त करें, उन्होंने कहा कि जब से वो जिला पंचायत की सदस्य निर्वाचित हुई है तभी से वह यह मांग उठाते आ रही है,जब कभी थोड़ी हवा चली,बारिश हुई तो इस रूट के गांवों को घंटों अंधेरे में या बिना बिजली के गुजारना पड़ता है।

बिजली के अभाव में: पीने के पानी के लिए बस्ती का बोर चालू नही हो पाता कभी कभी वहां के युवाओं को मोबाइल तक चार्ज करने के लिए पड़ोसी गांव या बेमेतरा आना पड़ता है और यह जमीनी हकीकत है, नरी का एक दिव्यांग बालक होरी लाल हर दूसरे दिन फ़ोन कर सिर्फ बिजली जाने की शिकायत करता है अब तो आलम यह है कि उसका फ़ोन आने पर मैं बिना उसके फ़ोन को उठाये मैं दूसरे नंबर से बिजली आफिस के कर्मियों को फ़ोन कर कहती हूँ उस गांव की लाइन दुरुस्त करें। भूपेश बघेल की सरकार किसानों को राहत देने तमाम जतन कर रही है,वहीं अधिकारी कर्मचारियों की उदासीनता या समस्या टालू प्रवित्ति, हैरान करने वाली है,किसान जहां पानी गिरने से खुश होते हैं वहीं यह दुख और डर भी उनके मन मे समा जाता है कि फिर दो चार घंटों के लिए बिना बिजली के रहना होगा। कभी कभी महिलाये रोते हुए कहती हैं पीने का पानी नही भर पाये अब खाना कैसे बनाएं बिजली कब आएगी कोई भरोसा नही, जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से कहा है अगर लाइन पुरानी हो गई है ,ट्रांसफार्मर का लोड बढ़ाना है जो करना है करें पर बिजली की ये आंख मिचौली बर्दास्त नही होगी।

क्विक न्यूज

इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया का तीन दिवसीय चैलेंजिंग द चैलेंज विषय पर राष्ट्रीय अधिवेशन संपन्न

सक्ती। देश के चार्टर्ड अकाउंटेंट की प्रतिष्ठित संस्था इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स आफ इंडिया के चैलेंजिंग द चैलेंज विषय पर आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन का विधिवत शुभारंभ छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया। इस दौरान संगठन के पदाधिकारी एवं देश भर के विभिन्न स्थानों से सदस्यगण मौजूद रहे। जिसमें प्रतिष्ठित सीए दिनेश अग्रवाल ने भी भागीदारी करी तथा सीए दिनेश अग्रवाल बिलासपुर शाखा के अध्यक्ष पद का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं एवं सीए दिनेश अग्रवाल ने बताया कि इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स आफ इंडिया के चैलेंजिंग द चैलेंज विषय पर प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी विस्तार पूर्वक अपना मार्गदर्शन दिया तथा इस कार्यक्रम में देशभर के विभिन्न स्थानों से लोग शामिल हुए।

सस्ते दाम पर बाईक बेचने की सूचना पर खरीददार बनकर पहुंची पुलिस

रायगढ़। सस्ते दाम पर मोटर सायकल बेचने की मुखबिर से सूचना मिलने के बाद खरीददार बनकर पहुंची कोतवाली पुलिस के सामने बाईक चोरी का मामला सामने आया है। जिस पर पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते दोपहर थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर को केवड़ाबाड़ी बस स्टैण्ड के पास एक युवक सस्ते दाम पर बिना नम्बर प्लेट वाली मोटर सायकल के बिक्री के लिए ग्राहक तलाश करने की जानकारी मिली। थाना प्रभारी अपने स्टाफ को जाकर तस्दीक करने का निर्देशित किये। स्टाफ ग्राहक बनकर युवक से बाइक का मोलभाव किये और कागजात की मांग किया। तब उसने चन्द्रपुर से बाइक बिक्री करने आना और कागजात नहीं होना बताया। उसके बाद स्टाफ उसे कोतवाली स्टाफ बताकर कड़ी पूछताछ किया तो युवक उसे चोरी की बाइक होना बताया। आरोपी युवक अपना नाम संजीव बताया है। थाना कोतवाली पुलिस में आरोपी संजीव साहू पिता चद्रभान साहू उम्र 21 वर्ष निवासी गिरगिरा थाना चन्द्रपुर जिला जांजगीर चाम्पा के विरूद्ध 41(1ा) 379 के तहत कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है।

फर्जी केसीसी लोन निकालने के मामले में दो और पकड़ाए

- बैंक मैनेजर सहित कुल 8 लोग हो चुके गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com

केसीसी लोन के लिए दूसरे व्यक्ति को बैंक में खड़ा कर फर्जी तरीके से लोन निकालने के मामले में कोतवाली पुलिस दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर आज पर भेजा है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता हेतराम बघेल पिता घसिया बघेल उम्र 59 वर्ष साकिन नावापारा थाना कोतरारोड वर्ष 2014-15 में अपना बी-1 एवं पंचसाला खसरा 1,00,000 रूपये लोन निकलवाने हेतू अपने परिचित साधूराम बघेल को दिया था। साधू राम बघेल कागजातों को ओमकेश पटेल एवं नरेन्द्र दास महंत को लोन निकलवाने दिया, इनके द्वारा बैंक मैनेजर तपन चक्रवर्ती से मिलकर हेतराम बघेल के नाम फर्जी दस्तावेज कर बजरंग चौहान को बैंक में खड़ा कर 4,00,400 रूपये स्वीकृत कराकर लिये। जब बैंक से लोन पटाने के लिए हेतराम के पास नोटिस आया तब उसे उसके नाम पर किसी अन्य के द्वारा लोन निकाल लिए की जानकारी हुई और 22 मार्च 2018 को थाना कोतवाली में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया।

आवेदन पर आरोपी ओमकेश पटेल ग्राम बरपाली, नरेन्द्र दास महंत ग्राम कर्राजोर एवं बैंक मैनेजर तपन चक्रवर्ती के खिलाफ धारा 420,467,468,471, 34 भा.द.वि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दरम्यान आरोपी ओमकेश पटेल, ,नरेन्द्र दास महंत, तपन चक्रवर्ती, बजरंग चौहान, दीपक माली, साधूराम बघेल को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया था। बैंक लोन लेते समय आवेदक हेतराम बघेल के पहचानकर्ता के रूप में परमेश्वर महंत एवं परमेश्वर पटेल भी हस्ताक्षर किये थे जिनकी अपराध में संलिप्तता थी जो फरार थे। कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार 06 व्यक्तियों के विरूद्ध चालान पेश किया जा चुका है। फरार दोनों व्यक्तियों की गिरफ्तारी के लिए थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर लगातार स्टाफ उसके गांव भेजा जा रहा था। कल रात्रि थाने से सहायक उप निरीक्षक दिलीप बेहरा जो प्रकरण के विवेचना अधिकारी भी हैं हमराह प्रधान आरक्षक शंकर क्षत्रिय को साथ लेकर आरोपियों के घर दबिश दिए और उन्हें सकुनत से हिरासत में लेकर थाना लाया गया। पूछताछ में आरोपी परमेश्वर महंत एवं परमेश्वर पटेल बगैर देखे जाने पहचाने रूपयों के लालच में लोन के कागजातों में दस्तखत करना कबूल किया है। आरोपी परमेश्वर पटेल पिता रामकुमार पटेल उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम कर्राजोर थाना पुसौर ,परमेश्वर महंत पिता मंगतू महंत उम्र 62 वर्ष निवासी ग्राम बायंग थाना कोतरारोड़ को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों के विरूद्ध जल्द ही पूरक चालान पेश किया जाएगा।

प्रताड़ना से नवविवाहिता की मृत्यु के मामले में मां बेटे पर एफआईआर

- आरोपी युवक को पास्को एक्ट में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजी बरमकेला पुलिस

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com

नाबालिग किशोरी को पत्नी बनाकर रखने और इस दौरान मारपीट करके प्रताड़ित करने के मामले में नवविवाहिता की मृत्यु पश्चात पुलिस ने उसके पति और उसकी मां के खिलाफ आत्महत्या के दुष्प्रेरित करने का अपराध पंजीबद्ध करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल करा दिया है। मिली जानकारी के अनुसार थाना बरमकेला के मर्ग धारा 174 की जांच में मृतिका नाबालिग बालिका के परिजनों से पूछताछ कर जांच किया गया। मृतिका के वारिशान मृतिका को 18 वर्ष पूर्ण नहीं होना बताया गया तथा उसे घटना दिनांक के करीब 4-5 माह पहले से आरोपी युवक शादी का प्रलोभन देकर अपने घर पत्नी की तरह रखा था। जांच में मृतिका के वारिशान बताया कि बालिका के माता-पिता कमाने खाने बाहर गए हुए थे। बालिका अपने नानी के साथ रहती थी। इसी बीच पिकअप में गांव-गांव दूध लेने जाने वाला बेद व्यास पण्डा निवासी पैकिन (लेन्धा) बालिका को प्रेमजाल में फंसाकर उसे पिछले दुर्गा पूजा के समय बहला फुसलाकर अपने साथ अपने घर ले आया। करीब 4-5 माह से नाबालिग को पत्नि की तरह रखा था। बेद व्यास पण्डा की मां कुन्ती पण्डा बालिका को जातिगत ताने देकर प्रताड़ित करती थी तथा बेद व्यास पण्डा भी उसकी मां का पक्ष लेकर बालिका के साथ मारपीट करता था। दोनों के प्रताड़ना से तंग आकर किशोरी 24 मार्च की रात्रि साढ़े 8 बजे बेद व्यास के घर म्यार में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, मर्ग जांच पंचनामा कार्रवाई, पीएम रिपोर्ट पर से आरोपी बेद व्यास पण्डा और उसकी मां कुन्ती पण्डा के विरूद्ध धारा 363, 366, 366 क, 306, 34 भा.द.वि. एवं 4, 6 पाक्सो एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील जैन ने कोरबा के बालिका गृह में किया कन्यादान

पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, सामाजिक कार्यकर्ता सुनील जैन टोनी ने 13 जून को कोरबा जिले के बालिका गृह में आयोजित कन्या के विवाह समारोह के अवसर पर उसका अपनी ओर से कन्यादान किया, इस अवसर पर बालिका गृह की संचालिका श्रीमती रुकमणी नायर सहित अन्य सदस्यगण मौजूद रहे, तथा बालिका गृह की दो कन्याओ का पूरे विधि-विधान पूर्वक मंत्रोच्चार के साथ विवाह संपन्न हुआ, एवं इस अवसर पर अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील जैन ने कहा कि आज यह सौभाग्य मुझे ईश्वर ने दिया है, तथा बेटी का कन्यादान करना जीवन का सबसे अनमोल अवसर होता है,जो कि मुझे आज प्राप्त हो रहा है, एवं मैं इस अवसर पर बालिका गृह की संचालिका सहित सभी सदस्य गणों का आभार व्यक्त करता हूं, एवं नव युगल जोड़े को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना करता हूं।

छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट वेलफ़ेयर यूनियन महासमुंद के जिलाध्यक्ष बने प्रकाश सिन्हा, महासचिव आकाश अग्रवाल नियुक्त

पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती
www.dailypioneer.com

छग जर्नलिस्ट वेलफ़ेयर यूनियन महासमुंद कि जिला स्तरीय बैठक पिथौरा रेस्ट हाउस में सम्पन्न हुई । जिला स्तरीय बैठक प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम की अध्यक्षता एवं प्रदेश महासचिव सेवक दास दीवान की गरिमामयी उपस्थिति रही, पूर्व की जिला कार्यकारिणी को भंग कर शनिवार को नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया. यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम तथा प्रदेश महासचिव सेवक दास दीवान द्वारा नई जिला कार्यकारिणी का गठन में बसना के युवा पत्रकार प्रकाश सिन्हा को जर्नलिस्ट वेल्फेयर यूनियन का जिलाध्यक्ष बनाया गया वही पिथौरा के आकाश अग्रवाल को जिला महासचिव नियुक्त किया गया । इसी तारतम्य में रोमी सलूजा को प्रदेश कार्य समिति सदस्य, संतोष पटेल वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मयंक गुप्ता एवं लितेश परमार जिला उपाध्यक्ष, शीत गुप्ता, ललित मुखर्जी, ताराचन्द पटेल को जिला सचिव, अनुराग नायक जिला सहसचिव, ख्वाजा इमरान जिला कोषाध्यक्ष, जिला कार्यकारिणी सदस्य, उत्तर कुमार कौशिक,नारायण दुबे एवम सन्तोष गुप्ता को जिला संगठन सचिव के पद पर मनोनीत किया गया,जिला स्तरीय बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम ने नवनियुक्त पदाधिकारियो को बधाई देते हुए पत्रकार सुरक्षा और सहायता में संगठन हमेशा आगे रहने का वचन दिया। प्रदेश महासचिव सेवक दास दीवान ने यूनियन को मजबूत व सशक्त बनाने हम सभी को मिलकर कार्य करना है। नये संगठन निर्माण किये जाने की आवश्यकता क्यों पड़ी विस्तार से बताते हुए पत्रकार साथियों के हित मे काम करना है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष श्री सिन्हा ने प्रदेश पदाधिकारियों का आभार जताया,इस अवसर पर पिथौरा ब्लॉक अध्यक्ष बलराज नायडू बसना ब्लॉक अध्यक्ष देशराज दास अपनी टीम के साथ उपस्थित थे। बागबाहरा ब्लॉक की जिम्मेदारी रवि सेन को दी गई।

भाजपा व्यवसायी प्रकोष्ठ जांजगीर चांपा जिले की कार्यकारिणी घोषित

पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती
www.dailypioneer.com

भाजपा व्यवसायी प्रकोष्ठ जांजगीर-चांपा जिले के अध्यक्ष मणिकांत अग्रवाल ने प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रदीप सिंह की अनुमति एवम भाजपा जांजगीर-चांपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा की सहमति से अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की है, जिसमें रवि मित्तल, शिशुपाल सिंह, हेमंत सोनी, को सह संयोजक का दायित्व दिया गया है, वही अमित कलानोरिया मीडिया प्रभारी होंगे,साथ ही सह मीडिया प्रभारी का दायित्व रघुवीर दास वैष्णव, रामकिशन जायसवाल देखेंगे एवं सोशल मीडिया प्रभारी राकेश देवांगन गोल्डी सह सोशल मीडिया प्रभारी नितेश स्वर्णकार एवं नरेश थवाईत देखेंगे, एवं जिला कार्यकारिणी सदस्यों में विनय राठौर,रामचंद्र कश्यप, तेजपाल सिंह, आशीष कहरा,चेतन पटेल, कोमल साहू, डोल नारायण साहू, कृष्णा कुमार देवांगन, लीलाधर चंद्रा, शुभम सोनी, एवं सरोज यादव को बनाया गया है, साथ ही जांजगीर-चांपा जिले के अंतर्गत प्रत्येक मंडलों में संयोजको की भी नियुक्ति की गई है, जिसमें सुनील अग्रवाल पामगढ़, राजेश्वर गुप्ता चंद्रपुर, ललित चंद्रा मालखरोदा, गोपाल देवांगन अड़भार, शेखर अग्रवाल कोटमी को बनाया गया है। साथ ही जांजगीर-चांपा जिले के शेष बचे मंडलों में भी शीघ्र ही मंडल संयोजकों की नियुक्ति की जाएगी भाजपा व्यवसायी प्रकोष्ठ जांजगीर-चांपा जिले के संयोजक मणिकांत अग्रवाल ने व्यवसाई प्रकोष्ठ के छत्तीसगढ़ प्रदेश संयोजक प्रदीप सिंह की अनुमति से उपरोक्त घोषणा की है।

छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार की कथनी और करनी में अंतर, जनता ने समझ लिया सरकार के क्रियाकलापों को: अमर अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश के सभी जिलों में 12 जून को छत्तीसगढ़ की वर्तमान कांग्रेसनीत भूपेश बघेल की सरकार के ढाई वर्ष पूर्ण होने पर उनके क्रियाकलापों तथा विफलताओं को लेकर प्रत्येक जिला मुख्यालयों में एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें जांजगीर-चांपा जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व नगरीय प्रशासन मंत्री अमर अग्रवाल शामिल हुए,इस दौरान जांजगीर-चांपा लोकसभा सांसद गुहाराम अजगळे, भाजपा जांजगीर-चांपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा, जिला महामंत्री पुरुषोत्तम शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष गगन जयपुरिया, जिला मंत्री गोपी सिंह ठाकुर सहित अन्य वरिष्ठ नेतागण भी मौजूद रहे, तथा पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार का आधा कार्यकाल पूर्ण हुआ है, सरकार के कार्यों को लेकर उल्टी गिनती शुरू हो गई है, कांग्रेस सरकार के इस ढाई वर्ष के कार्यकाल को प्रदेश की जनता ने समझ लिया है, सरकार ने जिस तरह से अपने किए गए वायदों को तोड़ा,एवम प्रदेश की जनता से धोखाधड़ी, विश्वासघात और पूरे राज्य में अराजकता की स्थिति निर्मित की है, पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस सरकार की कथनी और करनी में स्पष्ट रूप से अंतर नजर आया है, सरकार ने जिस तरह से पवित्र गंगाजल को हाथ में लेकर घोषणा की एवम पूर्ण शराबबंदी की बात कह कर घरों में शराब की होम डिलीवरी करवाई तथा इस कृत्य की जितनी निंदा की जाए वह कम है,आज प्रदेश के महासमुंद में एक ही परिवार के 6 लोगों की आत्महत्या करने की खबरें आई जो कि मूल रूप से शराब के कारण ऐसा होना बताया जा रहा है प्रदेश में कानून व्यवस्था बदहाल हो चुकी है तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश में विगत 2 वर्षों का आकलन किया जाए तो प्रदेश में हत्या के 1828 मामले, हत्या के प्रयास के 1281 मामले, बलात्कार के 4933 मामले, चोरी के 12865 मामले,डकैती के 133 मामले और लूटपाट के 855 मामले दर्ज किए गए हैं। जो कि प्रदेश के लिए एक दुखद विषय है कि इस सरकार में कानून व्यवस्था किस तरह से चल रही है आज प्रदेश में राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र का गौरव प्राप्त कोरवा जनजाति की नाबालिग बच्ची से सामूहिक दुष्कर्म कर उनके पिता एवं बहन की नृशंश हत्या कर दी गई, तथा केशकाल में एक नाबालिग आदिवासी किशोरी से 7 लोगों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म किया गया।

पोकलेन व जेसीबी से किया जा रहा नदी का सीना छलनी

- जवाबदार जानकर भी बन रहे अनजान

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com

मांड नदी पर पुसल्दा घाट की लीज लेकर बरभौना पुलिया की दोनों दिशाओं में पोकलेन एवं जेसीबी के माध्यम से दिन-रात नदी का सीना छलनी किया जा रहा है। यह क्रम लंबे समय से चल रहा है, परंतु जवाबदार अधिकारियों को बार-बार सूचित करने पर भी किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जा रही। अपनी सीमा रेखा से काफी दूर-दूर तक, वह भी मशीनों द्वारा रेत का उत्खनन यह दोनों बातें अवैधानिक हैं। वहीं दिन रात मशीनों के द्वारा ही रेत निकाली जा रही है। साथ ही अवैध रूप से भंडारण भी किया जा रहा है। भंडार की गई रेत 200 से 300 रुपए प्रति ट्रैक्टर बिक्री की जाती है। वहीं लोडिंग के लिए जेसीबी का उपयोग कर हाईवा गाड़ियों से सप्लाई भी की जाती है। ऐसा नहीं कि जवाबदार अधिकारियों को यह सब मालूम ही ना हो, वरन् कई बार शिकायत करने पर भी किसी प्रकार के कार्रवाई ना होना संदेह की स्थिति निर्मित करता है।

बेरोकटोक दौड़ती हैं गाड़ियां- रेत से भरी गाड़ियां यूं तो जिन रास्तों से होकर गुजरती हैं, इस बीच उन्हें चेक पोस्ट तथा थाना एवं चौकियों का सामना भी करना पड़ता है। वहीं सूत्रों की मानें तो यहां सभी वाहन चालक क्षेत्र के कद्दावर नेता का हवाला देकर बेधड़क आगे बढ़ जाते हैं। शिकायत कर रहे अन्य जागरूक ग्रामीणों को भी लीज होने तथा नेता के संरक्षण का खौफ दिखाकर मूक कर दिया जाता है।

अधिकारी कर रहे टालमटोल

बरसात के दिनों में नदियों से रेत के उत्खनन पर प्रतिबंध होता है, बावजूद यह कार्य निर्बाध रूप से चल रहा है। माइनिंग इंस्पेक्टर उमेश भार्गव ने बताया कि 10 जून से ही राज्य के सभी रेत घाटों में कार्य रोक दिया गया है। हालांकि जब जिला खनिज उपसंचालक भूपेंद्र पांडे से बात की गई तो उन्होंने कहा कि 15 जून के बाद उत्खनन पर रोक लगाई जाती है, वहीं अभी तक आदेश प्राप्त नहीं हो पाया है। धर्मजयगढ़ एसडीएम संबित मिश्रा द्वारा अवैध उत्खनन तथा भंडारण को चेक करवाने की बातें कही गई हैं, वहीं खरसिया ब्लॉक में भी ठेकेदार द्वारा उत्खनन किया जा रहा है।

जांजगीर चांपा में भी लोगों ने उत्साह से सुना आकाशवाणी का लोकवाणी कार्यक्रम

- लोकवाणी -कोरोना संकट के बावजूद योजना के क्रियान्वयन में एक दिन की भी देरी नहीं- मुख्यमंत्री

पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आकाशवाणी से प्रत्येक माह प्रसारित होने वाली 'लोकवाणी' की 18वीं कड़ी में बातचीत की शुरूआत जय जोहार के अभिवादन के साथ करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ किसानों का, खेती-किसानी का राज्य है। हमारा मानना है कि किसान खुशहाल होगा, तभी प्रदेश खुशहाल होगा। विकास की इसी दूरगामी सोच के साथ हमने छत्तीसगढ़ में 21 मई 2020 को 'राजीव गांधी किसान न्याय योजना' की शुरूआत की है,आकाशवाणी की एफएम चैनल और विभिन्न टीवी चैनल में प्रसारित कार्यक्रम को जांजगीर-चांपा जिले के लोगों ने बड़े उत्साह के साथ सुना। जिले के विकासखंड नवागढ़ के ग्राम कन्हाईबंद के सर्वश्री बनवारी लाल, रमेश कुमार, बरेठ, भरत लाल राठौर, निलेश कुमार, अनिल कुमार, अश्वनी पटेल, रवि कश्यप और अमित कुमार बरेठ ने लोकवाणी कार्यक्रम का श्रवण कर राज्य सरकार के राजीव गांधी किसान या योजना की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह योजना सरकार की कृषक हितैषी सोंच को साफ-साफ दर्शाती है। इससे छत्तीसगढ़ में किसानों की आय बढ़ेगी और वे आर्थिक रूप से सक्षम बनेंगे। राजीव गांधी किसान न्याय योजना छत्तीसगढ़ के किसानों के विकास के लिए मील का पत्थर साबित

होगी,मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि हमने छत्तीसगढ़ में 21 मई 2020 को राजीव गांधी किसान न्याय योजना की शुरूआत की और साल भर के भीतर चार किस्तों में पूरी राशि 5 हजार 628 करोड़ रूपए का भुगतान 18 लाख 45 हजार किसानों के खाते में किया गया। जो लोग पहले चार किश्तों में राशि देने को लेकर आपत्ति कर रहे थे, उन लोगों ने कोरोना संकट को देखते हुए यह कहना शुरू कर दिया था कि खरीफ 2021 में धान बेचने वाले किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना का लाभ नहीं दिया जाएगा। कोरोना के कारण देश और प्रदेश की आर्थिक स्थिति पर निश्चित तौर पर बुरा असर पड़ा है। लेकिन मैंने स्पष्ट कहा कि इसका नुकसान किसानों को नहीं होने देंगे। इस तरह हमने राजीव गांधी किसान न्याय योजना 2021 के लिए बाकायदा बजट में 5 हजार 703 करोड़ का प्रावधान किया है और विगत वर्ष की तरह ही 21 मई अर्थात राजीव जी के शहादत दिवस पर, ठीक पिछली बार की तरह पहली किश्त की राशि 1500 करोड़ रूपए का भुगतान किसानों के खाते में कर दिया गया। इसमें 20 लाख 53 हजार 482 किसानों ने धान बेचा है तथा शेष लगभग डेढ़ लाख किसानों ने मक्का व गन्ना बेचा है। कोरोना महासंकट के बावजूद योजना के क्रियान्वयन में एक दिन की भी देरी नहीं की गई।

विगत दो वर्षों में किसानों की संख्या 5 लाख 50 हजार बढ़ी - मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि हमारी सरकार के कृषक हितैषी निर्णय के फलस्वरूप प्रदेश में लोगों ने खेती में निवेश भी बढ़ाया है। यहां विगत दो वर्षों में किसानों की संख्या 5 लाख 50 हजार बढ़ी है। कई प्रदेशों में लोग जब खेती को छोड़कर अन्य काम-धंधा अपना रहे है।

सक्ती विकासखंड के 45 प्लस छुटे हुए हितग्राहियों का होगा चिन्हांकित गांवों में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी जाकर करेंगे कोविड-19 टीकाकरण

पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती
www.dailypioneer.com

जांजगीर-चांपा जिले के विकासखंड शक्ति में 45 प्लस छुटे हुए हितग्राहियों का दिनांक 14 जून दिन-सोमवार से कोविड-19 टीकाकरण होगा, ज्ञात हो कि 45 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोग को टीकाकरण हेतु प्रारंभ में 6 गांव जहां 200 से अधिक हितग्राही टीकाकरण हेतु छूटे हुए हैं, उनका चयन किया गया है, यह गांव क्रमशः पलाड़ी खुर्द, सकरेली (बा), टेमर, अमलडीहा, नंदौर कला,एवम नंदेली हैं, स्वास्थ्य विभाग के द्वारा गांव के लिए अंतर विभागीय समन्वय से छुटे हुए लोगों के टीकाकरण के लिए विस्तृत माइक्रो प्लानिंग अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बीएस मरकाम के नेतृत्व में की गई है, प्रायः देखा जा रहा है कि ग्रामीण स्तर पर टीकाकरण के संबंध में बहुत सारी भ्रांतियां हैं, इन्हें दूर करना है तथा लोगों को अधिक से अधिक टीकाकरण हेतु प्रेरित करना है,कोविड-19 से ज्यादा खतरा 45 प्लस या उससे अधिक उम्र के लोगों को ज्यादा है, तथा इसका घातक असर इस उम्र के लोगों में देखा जा रहा है, इस कारणवश इस उम्र के लोगों को टीकाकरण करना अत्यंत जरूरी है, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शक्ति के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल कुमार चौधरी के मार्गदर्शन में 14 जून से बृहद रूप से राजस्व विभाग एवं अन्य विभागों के संयुक्त सहयोग से इस टीकाकरण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा एवं शक्ति विकासखंड के यहां चयनित 6 गांव में यह टीकाकरण होगा तो वही टीकाकरण का कार्य पूर्व निर्धारित सेंटरों में जिला स्वास्थ विभाग के निर्देशानुसार समय-समय पर परिवर्तित गाइडलाइन के अनुसार चलता रहेगा।

डबल रोल निभाना आसान नहीं रहा

सब टीवी के *जीजाजी छत पर कोई है* में दोहरी भूमिका निभाने वाली हिबा नवाब ने शालिनी सक्सेना के साथ अपने चरित्र के बारे में बात की और बताया कि कैसे उन्होंने तीन संगीत वीडियो पूरे किए

■ जीजाजी छत पर कोई है के बारे में बताएं?

जिन लोगों ने शो नहीं देखा है, उन्हें यह समझने की जरूरत है कि इसका *जीजाजी छत पर हैं* से कोई लेना-देना नहीं है। यह बिल्कुल नई और अलग सीरीज है। मेरा किरदार भी अलग है। मैं यहां इलायची की भूमिका में नहीं हूं। हालांकि, जिन लोगों ने देखना शुरू किया है, उन्हें लगता है कि मेरे दूसरे किरदार का इलायची से कुछ नाता है। यह बिलकुल सच नहीं है। लेकिन यह शो के लिए अच्छा है क्योंकि इसमें रहस्य का एक तत्व है।

■ यहां आपकी क्या भूमिका है?

यहां मेरी दोहरी भूमिका है। मेरा जीवित चरित्र मेरे द्वारा निभाई जाने वाली दूसरी भूमिका- भूत चंद्र प्रभा (चांदनी) की - से बहुत अलग है । हम जानते हैं कि वह किस तरह से अपने जमाने से अलग दौर के कपड़े पहनती है। मेरी दूसरी भूमिका, कनॉट प्लेस उर्फ सीपी शर्मा की है, वह चुलबुली है, वह दिल्ली से ताल्लुक रखती है, पंजाबी बाग में रहती है और अपने माता-पिता की मदद करती है। वे एक विवादित इमारत में रहते हैं जिसमें हर पार्टी संपत्ति अपने नाम करना चाहती है। सीपी शर्मा का उद्देश्य शादी करने के अलावा, क्योंकि वह विवाह योग्य है, यह सुनिश्चित करना है कि उसके माता-पिता को संपत्ति मिले। लेकिन चांदनी नहीं चाहती कि सीपी शादी करे। क्यों, यही रहस्य है।

■ आप दोहरी भूमिका निभाती हैं। कैसा अनुभव है?

जब आपकी दोहरी भूमिका होती है तो एक अभिनेता के रूप में तलाशने के लिए काफी कुछ होता है। दूसरा, यह थकाऊ भी होता है। मुझे टोपी की बूंद पर भूमिकाएं बदलनी हैं। चांदनी को निभाना एक कठिन भूमिका है, मुझे पूरी तरह से तैयार होना पड़ता है - ज्वैलरी और लहंगा पहनना। सीपी शर्मा 21वीं सदी की लड़की हैं। वेशभूषा में कंट्रास्ट बहुत बड़ा है। एक और चुनौती यह है कि दोनों पात्रों को अभिनय करना और अलग दिखना होता है।

■ आपने क्या तैयारी की?

हमने शूटिंग से पहले निर्देशक के साथ वर्कशॉप की थी। इसलिए, मुझे सीपी शर्मा की भूमिका निभाने की चिंता नहीं थी। यह एक ऐसा चरित्र है जो वास्तविक जीवन में सामने आता है। दिल्ली में मेरे बहुत सारे दोस्त हैं। शर्मा की भूमिका निभाने के लिए मुझे उनसे बहुत मदद मिली। चांदनी का किरदार निभाना एक चुनौती थी, वह भूत है और यहाँ एक रहस्य है। हमने अभ्यास किया। हमने वर्कशॉप के दौरान तय किया कि उसके चेहरे पर बिना किसी भाव के कर्कश आवाज होगी। लेकिन एक मोड़ है, चांदनी कभी-कभी शर्मा के शरीर में प्रवेश कर जाती है। यहाँ उसे शर्मा की तरह अभिनय करना पड़ता है लेकिन वह भूत है। दर्शकों के सामने इसे प्रस्तुत करना मुश्किल है, जिन्हें यह समझना पड़ेगा कि यह चांदनी है जो शर्मा के शरीर में है।

■ *जीजाजी छत पर हैं* के लिए आप कैसे चुनी गयीं?

मैंने पहले भी इस शो के निर्माताओं के साथ काम किया था। तब उन्हें मेरा काम पसंद आया था। उन्होंने मुझसे इलायची के लिए ऑडिशन देने के लिए कहा। मैं मान गयी और उन्होंने मुझे पसंद किया। पिछले एडिट सेकेंड प्रोडक्शन, *भाग बकूल भाग* में मेरा किरदार बहुत अलग था। मुझे विश्वास नहीं था कि मैं भूमिका में फिट हो पाऊंगी। लेकिन निर्माताओं ने सचमुच मेरी पूरी मदद की। तब मुझे एहसास हुआ कि मैं अलग-अलग भूमिकाएं करना चाहती हूं। मुझे खुशी है कि मैंने भूमिका को अपनाया।

■ आपको क्यों लगता है कि शो ने लोकप्रियता हासिल की?

सर्वोत्तम कास्टिंग। साथ ही, उनका रिश्ता, जो उन्होंने पिता और बेटियों के बीच दिखाया है, अच्छी तरह से दिखाया गया था। शो के प्रसारण की टाइमिंग भी एकदम सही थी। सोनी सब और एडिट सेकेंड प्रोडक्शन का संयोजन भी अद्भुत है। यह मेरे पसंदीदा शो में से एक है।

■ आपने अभिनय को कैसे चुना?

मेरा एक दोस्त टीवी में बाल कलाकार के तौर पर काम कर रहा था। गर्मी की छुट्टी थी तो मैंने भी हाथ आजमाने का फैसला किया। मैं मुंबई शिफ्ट हो गया। मैंने अपना स्कूल भी बदल लिया। लेकिन कुछ समय बाद मैं घर वापस जाना और एक्टिंग छोड़ना चाहती थी। चार साल बाद मैंने अपने पिता के मोबाइल पर एक मैसेज देखा। उस समय, मेरे पास एक भी मौका नहीं था। यह मौका चैनल वी के ऑडिशन के लिए था। अच्छी बात यह थी कि यह बरेली में था। मेरा चयन हो गया और उसके बाद जो है वो इतिहास है।

■ आपने कुछ संगीत वीडियो भी किए हैं। आप कैसे उसका हिस्सा बनीं?

मैं एक कार्यक्रम में थी। एक व्यक्ति मेरे पास आया और उसने मुझे एक म्यूजिक वीडियो करने का आफर दिया। मैं राजी हो गयी और दो नहीं बल्कि तीन म्यूजिक वीडियो में काम कर लिया।

■ क्या ऑडिशन शो के लिए अभिनेता चुनने का तरीका है क्योंकि लोगों के पास छुट्टी का दिन हो सकता है?

मेरे साथ एकाध बार ऐसा हुआ है। लेकिन ऑडिशन आगे का रास्ता है क्योंकि एक ही भूमिका के लिए बहुत सारे लोग ऑडिशन दे रहे होते हैं। हां, अभिनेताओं पर बहुत दबाव होता है। जाने-माने अभिनेताओं के लिए यह आसान है क्योंकि उनके काम को लोग देखते हैं। लेकिन नए लोगों के लिए यह एक चुनौती हो सकती है।

₵ का U

टेलीविजन और थिएटर अभिनेता स्मिता बंसल का कहना है कि उन्होंने अपने नए टेलीप्ले में अपने चरित्र की बारीकियों को समझने व अभिनय करने के लिए अपनी मातृ प्रवृत्तियों का इस्तेमाल किया।

प्रसिद्ध नाटककार जयवंत दलवी का टेलीप्ले, *चंदा है तू*, जी थिएटर द्वारा प्रस्तुत, मातृत्व व पालन-पोषण के प्रति एक श्रद्धांजलि है। डिश टीवी और डी2एच रंगमंच एक्टिव पर पूरे सप्ताह प्रदर्शित होने वाले टेलीप्ले में शारीरिक रूप से अक्षम बच्चे को अत्यंत सरलता के साथ पालने की चुनौतियों को दर्शाया गया है।

नाटक के नायक मिस्टर और मिसेज शुक्ला देखभालकर्ताओं के रूप में अपनी पवित्रता को बरकरार रखने की कोशिश करते हुए दायित्व निर्वाह के तरीके तलाशते हैं। वे अपना समय व ऊर्जा अपने बेटे की परवरिश में लगाते हैं और भले ही सामान्य जीवन जीना उनके लिए कठिन है, लेकिन नकारात्मक स्थिति को सकारात्मक में बदलने का उनका दृढ़ संकल्प ही इस कहानी को जान प्रदान करता है। इन उजाड़ समय में जब पारिवारिक बंधनों को बनाए रखना जीवन का मूल है, नाटक देखभाल कर्ताओं की निस्वार्थ भूमिका को रेखांकित करता है।

श्रीमती शुक्ला की भूमिका निभाने वाली स्मिता बंसल ने कहा, ''एक माँ की भूमिका निभाना मेरे लिए स्वाभाविक रूप से आया क्योंकि मेरी दो बेटियाँ हैं। मैं लगातार उनके बारे में चिंता करती हूं, मै उन्हें किसी भी तकलीफ में नहीं देख सकती, और उन्हें वो सर्वश्रेष्ठ देना चाहती हूं जो जीवन को उन्हें देना होता है। मैं उन्हें मुस्कुराते रहने के लिए कुछ भी करूंगी। इसलिए मिसेज शुक्ला का किरदार निभाना मुश्किल नहीं था। एक माँ की सहज भावना यही होती है और इसलिए मैंने उनके चरित्र को सही ढंग से निभाने के लिए खुद को इस बेशर्त प्यार और मातृ ऊर्जा में ढाल लिया। वह एक मजबूत महिला हैं जो अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों के साथ-साथ पेशेवर प्रतिबद्धताओं का प्रबंधन कर रही हैं। नाटक को पढ़ते हुए, मैं उनके समर्पण, बलिदान, साहस और अटूट प्रतिबद्धता से अभिभूत थी। ''

रिहर्सल और वर्कशॉप में भाग लेने के दौरान, स्मिता ने अपने चरित्र के भावनात्मक ग्राफ को ठीक करने के लिए कड़ी मेहनत की और उन्होंने बताया कि कलाकारों ने प्रत्येक चरित्र का सही सुर (परिभाषित नोट) प्राप्त करने में बहुत समय बिताया। साथ ही, एक बार जब हम सभी

एक-दूसरे से जुड़ने लगे, तो वहीं से केमिस्ट्री बनने लगी। एक बार जब आप जान जाते हैं कि तार एक विशेष भावना से जुड़े हुए हैं, तो आप यह यह बात निकाल देते हैं कि आप कौन हैं और चरित्र बन जाते हैं। बाकी सब अपने आप हो जाता है। जब तक हमने नाटक की शूटिंग की, हम सभी पिच-परफेक्ट और तैयार थे।

बंसल इस पूरी प्रक्रिया को 'जादुई' बताती हैं और उम्मीद करती हैं कि दर्शक **चंदा है तू** के साथ ढल जाएंगे और इसमें की गयी कड़ी मेहनत और समूचे प्यार की सराहना करेंगे।

छोटे पर्दे की दिलकश दास्तां

पूजा की रिकवरी की राह

जी टीवी का लोकप्रिय फिक्शन शो, कुमकुम भाग्य अपने दिलचस्प कथानक और अभि (शब्बीर अहलूवालिया), प्रज्ञा (श्रीति झा), रिया (पूजा बनर्जी), रणबीर (कृष्णा कौल) और प्राची (मुग्धा चापेकर) जैसे पात्रों के प्रामाणिक चित्रण के कारण दर्शकों का पसंदीदा रहा है। हालांकि कोविड-19 महामारी जारी है, मगर सभी कलाकार अपने सोशल मीडिया अकाऊंट्स के

माध्यम से फिट रहने और सकारात्मक संदेश फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। वास्तव में, पूजा बनर्जी, जो नियमित रूप से अपने प्रशंसकों को प्रेरित करती रही हैं और जरूरतमंद लोगों के संदेशों को आगे बढ़ा रही हैं, ने हाल ही में अपने जीवन की एक बड़ी दर्दनाक घटना से उबरने के बाद योग को फिर से शुरू करने की एक प्रेरणादायक कहानी साझा करने हेतु इंस्टाग्राम का सहारा लिया। हालांकि बहुत से लोग नहीं जानते होंगे, मगर कुछ साल पहले, पूजा बनर्जी को एक गंभीर दुर्घटना का सामना करना पड़ा था, जिसके कारण उन्हें अपने हाथ में अनेक फ्रेक्चर होने के कारण सर्जरी करानी पड़ी थी। जबकि वह सामान्य होने की उम्मीद लगभग खो चुकी थी, यह उसका निरंतर प्रयास और दृढ़ संकल्प था जिसने उन्हें हाथों में पुनः गति प्राप्त करने की मौका दिया। उस अनुभव और पल को याद करते हुए पूजा ने कहा : ''मैं एक रियलिटी शो के सेट पर दुर्घटना का शिकार हो गई थी और इस घटना के कारण मेरी बाहों में कई फ्रेक्चर हो गए थे। वास्तव में, मुझे उसी के लिए सर्जरी करवानी पड़ी और उन्होंने मेरे हाथ में दो छड़ और 8 पेंच डाल दिए। मैं इतने दर्द में थी कि मुझे लगा कि मैं कभी भी सामान्य स्थिति में नहीं आ पाऊंगी और अपने हाथों का सही इस्तेमाल नहीं कर पाऊंगी।

यहां तक कि जब मैंने पिछले साल कुमकुम भाग्य की शूटिंग शुरू की थी, तब भी मेरे लिए हाथों को हिलाना डुलाना प्रतिबंधित था। जब मैं ठीक होने की राह पर थी और तब तक मेरी ताकत लौट आ चुकी थी, तब भी मेरे लिए शूटिंग के दौरान ज्यादा देर तक चीजों को उठाना और पकड़ना बेहद मुश्किल था। लेकिन लगातार कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और स्वास्थ्य लाभ के माध्यम से, मैंने अपने दाहिने हाथ में लगभग 85 प्रतिशत और अपने बाएं हाथ में 100 प्रतिशत हरकत प्राप्त कर ली है। मैं अपने परिवार के सदस्यों, दोस्तों और अपने डॉक्टरों को धन्यवाद देना चाहती हूं, जिन्होंने इस यात्रा में मेरी मदद की और मुझे इतनी बड़ी घटना से उबरने में मदद की। मैं कह सकती हूं कि मैं अब लगभग ठीक हो गयी हूं, लेकिन अभी कुछ और कदम उठाने बाकी हैं।'' हालांकि पूजा निश्चित रूप से ठीक होने की राह पर हैं, मगर वह विशेष रूप से योग का अभ्यास करके अपनी फिटनेस की जांच करने में सक्षम होने पर बहुत अधिक खुश हैं। अपनी खुशी साझा करते हुए पूजा ने खुलासा किया कि लगभग डेढ़ साल बाद, मैंने काम करना शुरू कर दिया है और एक बार फिर से योग करने में सक्षम होना बहुत अच्छा लगता है, यह मुझे बहुत शांति व ऊर्जा प्रदान करता है। शुरुआत में मैं केवल वजन और थेरा बैंड के माध्यम से हाथों का अभ्यास करने की बुनियादी फिजियोथेरेपी पर ध्यान केंद्रित कर रही थी जिसे मैं कुमकुम भाग्य के सेट पर अपने साथ ले जाती थी। अब मैं डॉल्फिन प्लैंक, थोड़ा वजन प्रशिक्षण, योगासन, सूर्य नमस्कार और थोड़ा सा पुश अप करने में सक्षम हूं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मैंने अपने शरीर में आत्मविश्वास अर्जित किया है जोकि मैं दुर्घटना के बाद खो चुकी थी। यह निश्चित रूप से एक जबरदस्त यात्रा रही है।

तेजी से आगे बढ़ना

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के इश्क पर जोर नहीं ने अपनी शुरूआत के बाद से बहुत ही कम समय में अपनी दिलचस्प कहानी, कलाकारों के बारीक प्रदर्शनों व इसके प्रमुख पात्रों, अहान और इश्की (परम सिंह और अक्षिता मुद्गल द्वारा अभिनीत) के बीच तीव्र विरोधात्मक समीकरण के कारण दर्शकों का दिल जीत लिया है। जब अहान ने इश्की की जिम्मेदारी लेना शुरू किया और इश्की



उनकी प्रेम कहानी के भाग्य पर अत्यंत उम्मीद थी। दिलचस्प बात यह है कि यह शो में एक छलांग की ओर ले जाता है, जिसमें अहान न केवल अपने सबसे अच्छे दोस्त के जीवन को नष्ट करने बल्कि अपने परिवार की प्रतिष्ठा को भी दांव पर लगाने के लिए इश्की के खिलाफ भारी गुस्से का शिकार होता है। लेकिन क्या होगा जब दोनों एक बार फिर से आमने-सामने होंगे? क्या अहान अपने मतभेदों को भुलाकर इश्की को एक नई रोशनी में देख पाएगा? क्या इश्की खुद को सही ठहरा पाएगी? अहान की भूमिका निभाने वाले अभिनेता परम सिंह कहते हैं, ''मैं छलांग को लेकर उत्साहित हूं और दर्शकों के लिए अहान और इश्की के जीवन में इन नाटकीय बदलावों को देखना दिलचस्प होगा जैसे जैसे कहानी आगे बढ़ेगी। लोग कहते हैं कि समय सब कुछ ठीक कर देता है, लेकिन ने अहान के लिए अपने प्यार को कबूल किया, तो यह एक खूबसूरत प्रेम कहानी की शुरुआत थी। लेकिन अशांत परिस्थितियों को देखते हुए, अहान और इश्की अलग हो गए जबकि दर्शकों को एक चरित्र के रूप में अहान बहुत आसानी से माफ नहीं करता और भूल नहीं जाता है। तो यह एक रोमांचक यात्रा है जब अहान और इश्की के दो पात्र एक बार फिर आमने-सामने होते हैं। दर्शकों ने इस शो को जो प्यार और समर्थन दिया है, उससे मैं अभिभूत हूं और मुझे उम्मीद है कि यह आगे भी जारी रहेगा।'' इश्की की भूमिका निभाने वाली अक्षिता कहती हैं।

DHFL
Changing Roles Changing Lives
राष्ट्रीय कार्यालय : एचडीआईएल टावर्स, बी–विंग, छठा तल, अनंत कानेकर मार्ग, बान्द्रा (ईस्ट), मुंबई–400051
शाखा कार्यालय : दीवान हाउसिंग फाइनैंस कार्पोरेशन लिमिटेड, धीरज बाग, बिल्डिंग "ए" भू तल एवं प्रथम तल, ऐक्सिस बैंक के बगल में, मोनालिसा बिल्डिंग के सामने, आगरा रोड, हरि निवास सर्किल, नौपाडा, थाने (वेस्ट)–400 602

मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3(1) के अधीन। अधोहस्ताक्षरी वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के अधीन दीवान हाउसिंग फाइनैंस कारपोरेशन लिमिटेड (डीएचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी है। प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचनाएं जारी की थीं, जिनमें निम्नलिखित कर्जदार(रों) ("उक्त कर्जदार(रों)") से उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) में वर्णित राशियां, जो यहां नीचे भी दी गई हैं, चुकाने की मांग की गई थी। उपरोक्त के संबंध में, एतद्द्वारा, उक्त कर्जदार(रों) को, एक बार पुन:, डीएचएफएल को यहां नीचे दी गई राशियों का भुगतान, उक्त कर्जदार(रों) द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेज/प्रलेख, यदि कोई, के साथ पठित ऋण अनुबंध के अधीन देय, नीचे वर्णित तिथि(यों) से, भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक, लागू दर पर आगे ब्याज सहित, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने हेतु सूचना दी जाती है। उक्त कर्जदार(रों) द्वारा ऋण की सम्यक वापसी के लिए प्रतिभूति के रूप में निम्नलिखित आस्तियां डीएचएफएल के पास बंधक रखी गई हैं।

कर्जदार (रों)/गारंटर (रों) का नाम	मांग सूचना तिथि और राशि एनपीए तिथि सहित	प्रत्याभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन
(रायपुर शाखा का एलसी नंबर : 00003698) स्व. श्रीमती बेला देवी अग्रवाल मेमोरियल चैरिटेबल सोसायटी (कर्जदार) कृष्ण कुमार अग्रवाल (सह–कर्जदार 1) पवन कुमार अग्रवाल (सह–कर्जदार 2) राधा अग्रवाल (गारंटर 1)	30–04–2021/रू. 1,57,40,449/– (रूपए एक करोड़ सत्तावन लाख चालीस हजार चार सौ उन्चास मात्र) एनपीए (09–02–2021)	पीएच नंबर 20/32, खसरा नंबर 704/1(708/1, 709/1, 2 710, 711/3), प्लॉट नंबर 206/1, ग्राम सरकंडा देवकी नंदन दीक्षित वार्ड नंबर 58, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ :– 495006
(रायपुर शाखा का एलसी नंबर : 00003157) जसमीत सिंह मक्कड़ (कर्जदार) जसबीर कौर (सह–कर्जदार 1) जसबीर सिंह मक्कड़ (सह–कर्जदार 2)	30–04–2021/रू. 1,15,73,947/– (रूपए एक करोड़ पंद्रह लाख तिहत्तर हजार नौ सौ सैंतालीस मात्र) एनपीए (09–01–2021)	पीएच नंबर 42/89, खसरा नंबर 486/4 पार्ट, मौजा महासमुंद, तहसील महासमुंद, जिला रायपुर महासमुंद छत्तीसगढ़ :– 493445
(रायपुर शाखा का एलसी नंबर : 00003179) स्व. चंदेल शिक्षण समिति रतनपुर (कर्जदार) राजेन्द्र प्रसाद सिंह (सह–कर्जदार 1) विआयरत्ना वर्मा (सह–कर्जदार 2) सतभावन सिंह (गारंटर 1) हरीश चंद्र सिंह (गारंटर 2)	30–04–2021/रू. 1,13,02,104/– (रूपए एक करोड़ तेरह लाख दो हजार एक सौ चार मात्र) एनपीए (09–01–2021)	इंटेलीजेंट पब्लिक स्कूल, खसरा नंबर 610/1, 610/7 एवं 610/8, पीएच नंबर 37, गांधी नगर, रतनपुर, बिलासपुर मरवाही बाईपास, बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ :– 495442
(रायपुर शाखा का एलसी नंबर : 00002562) राजू सोनकर (कर्जदार) मथुरा देवी सोनकर (सह–कर्जदार 1)	30–04–2021/रू. 84,60,647/– (रूपए चौरासी लाख साठ हजार छह सौ सैंतालीस मात्र) एनपीए (10–12–2020)	खसरा नंबर 282/11, पीएच. नंबर 113/44, ग्राम पुरेना, महावीर नगर, वार्ड नंबर 15, कुकरेजा फार्म हाउस रोड, रायपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़ :– 492001
(रायपुर शाखा का एलसी नंबर : 00002412) हुकम चंद स्वर्णकार (कर्जदार) पद्मावती स्वर्णकार (सह–कर्जदार 1)	30–04–2021/रू. 53,36,673/– (रूपए तिरेपन लाख छत्तीस हजार छह सौ तिहत्तर मात्र) एनपीए (09–02–2021)	प्लॉट नंबर बी 24(9), सेक्टर–03, शहीद भगत सिंह, वार्ड नंबर 13, टाटीबंध, रायपुर, रायपुर छत्तीसगढ़ :– 492001
(रायपुर शाखा का एलसी नंबर : 00003571) रोहित कुमार अग्रवाल (कर्जदार) पवन अग्रवाल (सह–कर्जदार 1) पंकज कुमार अग्रवाल (सह–कर्जदार 2) अरविंद कुमार अग्रवाल (गारंटर 1) दर्शना देवी (गारंटर 2)	30–04–2021/रू. 49,93,037/– (रूपए उन्चास लाख तिरानवे हजार सैंतीस मात्र) एनपीए (09–01–2021)	खसरा नंबर 244/7, खाता क्रम संख्या 878, प्लॉट नंबर 04, नया पीएच. नंबर 109/39, मौजा दुबे कालोनी, डा. भीमराव अम्बेडकर वार्ड नंबर 27, रायपुर, छत्तीसगढ़ :– 492001
(रायपुर शाखा का एलसी नंबर : 00003374) शीला शर्मा (कर्जदार) दिनेश कुमार शर्मा (सह–कर्जदार 1) अनुज शर्मा (सह–कर्जदार 2) स्वाति शर्मा (गारंटर 1)	30–04–2021/रू. 49,90,316/– (रूपए उन्चास लाख नब्बे हजार तीन सौ सोलह मात्र) एनपीए (09–01–2021)	खसरा नंबर 598/6, 598/14 एवं 598/31, फ्लैट नंबर बी 604 का हिस्सा, ब्लॉक बी, छठा तल, रवीन्द्र नाथ टैगोर वार्ड नंबर 51, टीकरापारा, रायपुर, छत्तीसगढ़ :– 492001
(रायपुर शाखा का एलसी नंबर : 00002844) राज किशोर सिन्हा (कर्जदार) सुष्मिता सिन्हा (सह–कर्जदार 1)	12–05–2021/रू. 23,34,291/– (रूपए तेईस लाख चौंतीस हजार दो सौ इक्यानवे मात्र) एनपीए (10–03–2020)	प्लॉट नंबर 68, पीएच नंबर 19/29, खसरा नंबर 958/6, मौजा मोपका, तहसील तखतपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ :– 495001
(रायपुर शाखा का एलसी नंबर : 00002499) हरि भाऊ मतलाने (कर्जदार) सुनंदा मतलाने (सह–कर्जदार 1)	12–05–2021/रू. 21,40,954/– (रूपए इक्कीस लाख चालीस हजार नौ सौ चौवन मात्र) एनपीए (10–12–2020)	खसरा नंबर 1561/85, पीएच नंबर 14/19, ग्राम कैलाश नगर, एकता चौक, भिलाई, छत्तीसगढ़, दुर्ग, छत्तीसगढ़ :– 491001
(करनाल शाखा का एलसी नंबर : 00003809) दिनेश कुमार (कर्जदार) शर्मिल देवी (सह–कर्जदार 1)	17–05–2021/रू. 21,18,408/– (रूपए इक्कीस लाख अठारह हजार चार सौ आठ मात्र) एनपीए (09–02–2021)	खेवट नंबर 166, निकट अधमी रोड, ग्राम जलमाना, तहसील बापोली, पानीपत करनाल हरियाणा–132104
(कोची शाखा का एलसी नंबर : सीओके30694) जयंत टी (कर्जदार) अजिता जे मेनन (सह–कर्जदार 1)	12–05–2021/रू. 20,82,804/– (रूपए बीस लाख बयासी हजार आठ सौ चार मात्र) एनपीए (10–12–2020)	फ्लैट नंबर 6एफ, छठा तल, निकट रमजान होटल, कुम्बलम कोची केरल–682506
(रायपुर शाखा का एलसी नंबर : 00003671) विनीता हिन्दूजा (कर्जदार) जितेन्द्र हिन्दूजा (सह–कर्जदार 1)	12–05–2021/रू. 10,36,450/– (रूपए दस लाख छत्तीस हजार चार सौ पचास मात्र) एनपीए (10–12–2020)	एलआईजी फ्लैट नंबर 261, ब्लॉक नंबर 22, द्वितीय तल, दीनदयाल आवासीय योजना, कबीर नगर पीएच नंबर 107, वार्ड नंबर 02, रायपुर, छत्तीसगढ़ :– 492009

यदि उक्त कर्जदार डीएचएफएल को उपरोक्तानुसार भुगतान करने में विफल रहेंगे, डीएचएफएल अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अधीन उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रारंभ करेगी, जिसकी लागत और परिणामों की जोखिम के लिए उक्त कर्जदार पूर्णरूपेण जिम्मेदार होंगे। उपरोक्त आस्तियों का अंतरण डीएचएफएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना बिक्री, पट्टा या अन्य प्रकार से करने के संबंध में उक्त कर्जदारों पर अधिनियम के तहत रोक लगी है। कोई भी व्यक्ति, जो उक्त अधिनियम अथवा उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है अथवा उस हेतु अभिप्रेरित करता है, अधिनियम के अधीन दी गई व्यवस्था के अनुसार कारावास तथा/अथवा आर्थिक दण्ड का भागी होगा।

हस्ता./–
(प्राधिकृत अधिकारी)
दीवान हाउसिंग फाइनैंस कार्पोरेशन लिमिटेड

तिथि : 14–06–2021
स्थान : छत्तीसगढ

टेक्नो ने स्पार्क 7टी के साथ बजट सेक्शन में किया धमाका, जोन में सेगमेंट का पहला 48एमपी एआई डूअल रियर कैमरा

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

टेक्नो अपना सर्वश्रेष्ठ करने वापस आ गया है। कंपनी ने कम दाम के मोबाइल की श्रेणी में कई सेगमेंट-फर्स्ट फीचर देकर परंपरागत साँचे को तोड़ा है। इससे कंपनी को 5 हजार रुपये से 10 हजार रुपये तक मोबाइल फोन की श्रेणी में अपनी स्थिति को मजबूत करने का मौका मिला है।

नए स्पार्क टी के साथ टेक्नो 9 हजार रुपये से कम कीमत के स्मार्टफोन की श्रेणी में पहली ऐसी दिग्गज कंपनी बनी है, जो प्रोफेशनल फोटोग्राफी के लिए 48एमपी का बिग एआई रियर कैमरा ऑफर कर रही है। टेक्नो के 7 स्पार्क टी को भारत के समझदार युवाओं के लिए डिजाइन किया गया है, जिनकी सभी फोटो और विडियो को तुरंत शेयर करने की जरूरतों को पूरा करने के लिए स्मार्टफोन सबसे प्रमुख गैजेट बन गया है। यह नए दौर का स्मार्टफोन कई प्रोफेशनल मोड्स को सपोर्ट करता है, जिसमें विडियो बोकेह, टाइम लैप्स, स्लो मोशन, एआई पोर्ट्रेट, स्माइल शॉट समेत कई फीचर शामिल हैं, जिसमें हर क्लिक के साथ काफी कलात्मक और शानदार तस्वीरें और विडियो आती हैं।

टेक्नों के लोकप्रिय स्पार्क रेंज के स्मार्टफोन अपने बेहतरीन डिजाइन, डिस्प्ले, कैमरे के लिए जाने जाते हैं। कुल मिलाकर यह स्मार्टफोन अफोर्डेबल सेगमेट में कंप्लीट स्मार्टफोन का संपूर्ण अहसास दिलाते है। टेक्नोल स्पार्क 7टी अपनी श्रेणी में कई शानदार फीचर्स यूजर्स को देता है, जिसमें सेगमेंट में पहली बार 48एमपी का एआई डूअल रियल कैमरा, 6000 एमएएच की बेस्ट बैटरी, बड़े आकार में 6.52 इंच का एचडी+आईपीएस डॉट नॉच डिस्प्ले और 4 जीबी की रैम, बेहद कम कीमत आईएनआर 8999 में ऑफर की जा रही हैं। कस्टमर के साथ डील को और भी बेहतरीन बनाते हुए लॉन्चिग के दिन स्पार्क 7टी फोन खरीदने पर यूजर्स को फ्लैट 1000 रुपये का डिस्काउंट मिलेगा, जिससे उपभोक्ता उस दिन अपना स्मार्टफोन केवल 7,999 रुपये में खरीद सकेंगे।

35 वर्ष पुराने जर्जर पूल में अंचल की दुर्दशा का मंजर

सांकरदाहरा के लिए जर्जर व दुर्गम पुल मार्ग से सफर

- डोंगरगांव व खुज्जी विधानसभा सीमा में स्थित है पुल
- विधायकों से ग्रामीणजन कई बार कर चुके फरियाद

रज्जा राणा ◂ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

विधानसभा मुख्यालय डोंगरगांव नगर से महज 5 किमी दूर बेन्दरकटा गांव स्थित है। डोंगरगांव व खुज्जी-छुरिया विधानसभा की सरहद पर स्थित गांव बेन्दरकटा गांव विधानसभा के साथ 2 ब्लॉक को भी विभाजित करती है। उक्त गांव में लगभग 35 वर्ष पूर्व नहर में निर्मित पुल अंचल की दुर्दशा का मंजर बयाँ कर रही है। राज्य शासन में तीर्थस्थल का दर्जा प्राप्त प्रांत के मोक्षधाम सांकरदाहरा मार्ग स्थित उक्त पुल किसी भीषण हादसे को आमंत्रित कर रहा है।

अंचल के बुजुर्गों व जानकारों की माने तो राजनांदगांव जिले के सैकड़ो गांव के किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने की मंशा से चांदो की सीमा से होकर बहने वाली जीवन दायिनी शिव नाथ नदि पर तत्कालीन शासन प्रशासन के मंशानुरूप सिंचाई विभाग राजनांदगांव के द्वारा सन 1980-85 में कटबांध का निर्माण कराया गया था। अतएव नहर के केंद्र बिंदु से लेकर जिले के विभिन्न गांवों के किसानों के खेतों तक सिंचाई हेतु नहर नाली का भी विस्तार किया गया था। इसी कड़ी में विभिन्न गाँवों से होकर गुजरने वाली इस नहर के अंतर्गत आने वाली सड़को पर लोगों के आवागमन की सुविधा के लिए पूल पुलिया का भी निर्माण कराया गया था। अब उक्त पुल अंचल की दुर्दशा की मंजर बयाँ कर रहा है। उल्लेखनीय है कि इसी जर्जर व दुर्गम मार्ग से राज्य के पूर्वी दिशा के श्रद्धालु मोक्षधाम सांकरदाहरा पहुंचते हैं।

विधायकों से गुहार, जनप्रतिनिधि गैरजिम्मेदार

सांकरदाहरा को राज्य शासन में पर्यटन व तीर्थस्थल का दर्जा प्राप्त तो है लेकिन पूर्वी दिशा का एप्रोच मार्ग राज्य शासन की स्थिति बयाँ कर रहा है। बेन्दरकटा गांव की सरपंच हरिला देवेंद्र साहू एवम पंचों सहित ग्रामवासियो ने चर्चा में बताया कि वे डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू को अवगत कराते हुये जीर्णोद्धार हेतु गुहार लगा चुके हैं। बहरहाल पुल की दुर्दशा को दूर करने कोई विधायक या सांसद एक कदम भी नही चल सके हैं।

जर्जर पुल मार्ग से मोक्षधाम सांकरदाहरा

उल्लेखनीय है कि उक्त मार्ग मोक्षधाम सांकरदाहरा का पूर्वी मार्ग है। राज्य के पूर्व दिशा से आने वाले श्रद्धालु व पर्यटक इसी मार्ग से का साँकरदाहरा पहुंचते हैं। गौरतलब है कि पूल के बीचों बीच गड्ढा व इसके दोनों ओर की रेलिंग भी टूट चुके हैं। छड़ें टूट कर लटक रही है। विभागीय अनदेखी व मार्ग से गुजरने वाले जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते दो ब्लॉक के सरहद के दोनों छोर के ग्रामीणजन अपनी जान जोखिम में डालकर उक्त संकीर्ण व जर्जर पुल से आवागमन करने मजबूर हैं।

आंधी से गिरे बिजली के पोल 10 मवेशियों की मौत

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

तुमड़ीबोड के समीपस्थ ग्राम नाथूनवागांव में तेज आंधी तूफान से विद्युत पोल गिरने की वजह से तार के करंट की चपेट में आने से ग्राम के किसानों के 10 मवेशियों की मौत हो गई। जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव ने बताया कि इस घटना में 8 गाय एवं दो भैंस की मौत हो गई, जो कि नाथूनवागांव के किसान मोहन वर्मा, शेखर साहू एवं कमलेश साहू की है। इस घटना की सूचना मिलने पर जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव ने घटना स्थल पर पहुंचकर मृत मवेशी के मालिकों से मुलाकात की व स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने पशु विभाग, विद्युत विभाग के संबंधित अधिकारी एवं पटवारी को मृत मवेशियों का पंचनामा तैयार कर जल्द ही किसानों को उचित मुआवजा दिलाने हेतु निर्देशित किया। साथ ही विद्युत विभाग को टूटे तार को जल्द मरम्मत कर विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से चालू करने का भी निर्देश दिया।

नगर पालिक निगम एवं सभी विकासखंड में लोकवाणी का सुना गया

राजनांदगांव। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की रेडियो वार्ता लोकवाणी की 18वीं कड़ी को आज जिले के सभी विकासखंडों में जनसामान्य ने सुना। नगर पालिक निगम के टाऊन हाल में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने तथा छुरिया विकासखंड के ग्राम साल्हेटोला, लाटमेटा, विकासखंड डोंगरगढ़, डोंगरगांव, अम्बागढ़ चौकी, मानपुर सहित विभिन्न स्थानों पर लोकवाणी सुना गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना के विस्तार के संबंध में प्रदेशवासियों से बातचीत की।

कलेक्टर ने भारी वर्षा की चेतावनी को ध्यान में रखते हुए आपदा प्रबंधन की तैयारी रखने के दिए निर्देश

राजनांदगांव। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने नगर निगम आयुक्त एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी तथा तहसीलदार को आगामी भारी वर्षा की चेतावनी को ध्यान में रखते हुए आपदा प्रबंधन की तैयारी रखने के निर्देश दिए है। उन्होंने संबंधित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को अलर्ट रहने कहा है। दुर्घटना से बचने के लिए स्थानीय संसाधनों का उपयोग कर पुलों एवं रपटों के ऊपर पानी बहने की स्थिति में आवागमन रोकने, गौठानों में गोबर एवं वर्मी को सुरक्षित रखने तथा धान खरीदी केंद्रों में धान को कैप कव्हर से ढकने व प्रॉपर ड्रेनेज से सुरक्षित रखने के निर्देश दिए है।

घुमका में दो करोड़ की लागत से बनेगा नया अस्पताल भवन

दानदाता की जमीन पर बनेगा, बरसों से थी ग्रामीणों की मांग

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

घुमका में तीस बिस्तर अस्पताल के नये भवन निर्माण की हलचल शुरू हो गई है और नया भवन दान की जमीन पर बनाये जाने के लिए तमाम प्रकियाएं शुरु होने की खबर है। गौरतलब है कि घुमका के ज्यादातर ग्रामीणों की इसी स्थल पर सर्वसुविधायुक्त अस्पताल निर्माण की बहुप्रतीक्षित मांग पूरा बरसों से लटकी हुई थी। ख़बरों के अनुसार विभागीय तौर पर इसकी प्रारंभिक तैयारियां की जा रही है। क्षेत्र की बढ़ती आबादी और स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार की दृष्टि से इसकी जरूरत महसूस की जा रही है।

ज्ञात हो कि तकरीबन 75 साल पहले घुमका में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शुरू किया गया था तब गांव के मालगुजार स्व कानमल लुनिया की दान की जमीन और भवन में स्वास्थ्य केंद्र शुरू हुआ था। साल 2004 में उक्त भवन को नये स्थल में स्थानांतरित कर दिया गया। तब भी भवन निर्माण को लेकर काफी राजनीतिक उठापटक मचा प्रशासन और सम्बंधित परिवार ने पुराने भवन की जमीन पर अस्पताल भवन निर्माण की मंशा जाहिर किया था।

लेकिन तत्कालीन परिस्थितियों में अस्पताल भवन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नयन होकर नये स्थान में बना धीरे धीरे स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार होते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दन्त चिकित्सा विभाग और आयुष विभाग के तहत आयुर्वेदिक चिकित्सालय के साथ स्पेशलाईड थेरेपी सेंटर की सुविधाएं बढ़ती गई। अब उक्त नये परिसर में स्थानाभाव के चलते नये भवन की जरूरत महसूस की जा रही है। सप्ताह भर पहले जीवनदीप समिति की बैठक में नये भवन के निर्माण की चर्चा हुई। विभागीय सूत्रों के अनुसार उक्त भवन की लागत दो करोड़ रुपये बताया जा रहा है। ख़बरों के अनुसार नये भवन को दान की जमीन में बनाने की योजना है और स्थल चयन की प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली गई है। उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण से आसपास के 20 से 25 किलोमीटर के दायरे में बसे तकरीबन 50 गांव के ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सकता है। खण्ड चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के प्रस्ताव और मांगपत्र की प्रक्रिया के साथ तमाम औपचारिकताओं की पूर्ति के बाद होते छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कारपोरेशन की निगरानी में भवन तैयार किया जाना है।

कलेक्टर ने आशा नगर में कुष्ठ रोग प्रभावितों के लिए बनाए गये आवास का किया निरीक्षण

- शासन की 'आशा चढ़ी परवान-सपने होंगे साकार' प्रोजेक्ट के तहत कुष्ठ रोग से प्रभावितों के लिए दी जा रही आवास एवं अन्य सुविधाएं

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आशा नगर स्थित कुष्ठ रोग से प्रभावितों के लिए बनाए गए आवास का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां कुष्ठ रोग से प्रभावितों के लिए निर्मित आवास और वहां की सुविधाओं तथा अधोसंरचना

की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि कुष्ठ रोग से प्रभावित मरीजों का न केवल ईलाज किया जा रहा है, बल्कि उन्हें सुरक्षित आवास मूलभूत अधोसंरचनाओं के साथ उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने वहां सामुदायिक भवन एवं राशन की दुकान का निर्माण करने के लिए भी कहा। उल्लेखनीय है कि 'आशा चढ़ी परवान- सपने होंगे साकार' प्रोजेक्ट के तहत राजनांदगांव में कुष्ठ रोग से प्रभावित समुदाय के लिए शासन की ओर से विशेष कार्य किए जा रहे हैं। पिछले डेढ़ वर्षों में कार्य में तेजी लाते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना के बीएलसी घटक के अंतर्गत इनके लिए आवास बनाए गए हैं। आशा नगर में निवास करने वाले 61 कुष्ठ रोग प्रभावित परिवारों के जीवन स्तर को बढ़ाने के लिए शासन की ओर से सुंदर आवास के साथ ही अच्छा वातावरण, गार्डन, स्कूल, सड़क, सिवरेज लाईन की सुविधा उपलब्ध की गई है।

पूर्व सांसद अभिषेक 15 को वनांचल के दौरे पर

राजनांदगांव। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह 15 जून को वनांचल अंबागढ़ चौकी और छुरिया क्षेत्र के एक दिनी दौरे पर रहेंगे। वह दोनों ब्लॉक के कई परिवार से मुलाकात करेंगे। बताया जा रहा है कि कोरोना की वजह से कई परिवारों ने अपने सदस्य खो दिए हैं। सिंह शोक संतप्त परिवारों से मुलाकात करने के लिए पहुंचेंगे। बताया जा रहा है कि 15 जून को पूरे दिन दोनों ब्लॉक के दो दर्जन से अधिक परिवार से मिलेंगे, जिसमें पांगरी में स्व. अरूण बैद परिवार, अंबागढ़ चौकी में स्व. अशोक पांडे परिवार, सोनसायटोला में स्व. श्रवण निर्मलकर परिवार, हाथीकन्हार रोहित सिन्हा के घर पहुंचने के अलावा श्री सिंह अंबागढ़ चौकी स्थित भाजपा के शक्ति केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में भी शिरकत करेंगे। इसके अलावा बांधाबाजार, कुमर्दा, अछोली के कुछ परिवार वालों से मुलाकात करने घर जाएंगे। लंबे समय बाद श्री सिंह वनांचल में दौरा करने पहुंचेंगे।

उत्तिष्ठ भारत है यहां जन्मदिन पर रक्तदान किया जाता है

पायनियर संवाददाता ◂ छुरिया
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छुरिया ईकाई के कार्यकर्ता शेष साहू ने इस संकटकालीन परिस्थिति में अपने जन्मदिन पर केक ना काटकर रक्तदान करना उचित समझा और जिला चिकित्सालय पहुंचकर जरुरतमंद परिवार हेतु रक्तदान किया। इसी अवसर पर उनके साथी तेजराम साहू द्वारा भी रक्तदान किया गया। शेष साहू ने बताया कि वह वैक्सीनेशन के 60 दिनो बाद रक्तदान कर रहे हैं एवं अपने आपको बिल्कुल सुरक्षित महसूस करते हुए लोगों से भी रक्तदान फिर वैक्सीनेशन की अपील की। अभाविप कार्यकर्ता ने जन्मदिन पर रक्तदान कर ग्रामीण क्षेत्र में एक अच्छा मैसेज दिया जो कि काबिले तारीफ है। इसी क्रम में एक और कार्यकर्ता डामेशवर साहू द्वारा दो दिन पूर्व एक

जरुरतमंद परिवार हेतू रक्तदान किया गया। इस अवसर पर अभाविप राजनांदगांव, कवर्धा के विभाग संयोजक दिग्विजय मिश्रा व इंडियन आर्मी ब्लड बैंक के प्रमुख कमलेश प्रजापति कि उपस्थिति रही उन्होंने कार्यकताओं को जन्मदिन कि शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए मार्गदर्शित किया।

निधन

श्रीमती सरस्वती देवी

राजनांदगांव। स्थानीय गुलाब सिंह मार्ग, कलेक्ट्रेट परिसर के पीछे, स्थित राजपूत डेरा निवासी सरस्वती देवी का 82 वर्ष की आयु में लंबी बीमारी के उपरान्त, रविवार प्रातः 6:30 बजे निज निवास में निधन हो गया। स्व. सरस्वती देवी, रामनारायण सिंह की धर्मपत्नी एवं शिक्षा विभाग राजनांदगांव में पदस्थ वरिष्ठ पीटीआई

रणविजय प्रताप सिंह एवं भानुप्रताप सिंह की माताश्री थी। दिवंगत पुण्यात्मा अपने पीछे अपने पति, दो पुत्रों एवं दो पुत्रवधु, एक पुत्री एवं दामाद सहित नाती पोतो से भरापूरा परिवार छोड़ गई है। श्रीमती सरस्वती देवी की अंतिम यात्रा आज 13 जून 2021 रविवार को सुबह 11 बजे उनके निज निवास से स्थानीय मोतीपुर मुक्ति धाम के लिये रवाना हुई। शहर के वरिष्ठ नागरिक गण उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी।

फिर मिली 5 करोड़ की सौगात, महापौर ने जताया आभार

विकास कार्यों को मिलेगी रफ्तार, शहर को दो माह में मिले 10 करोड़

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

राज्य शासन द्वारा राज्य प्रवर्तित योजनांतर्गत एवं अधोसंरचना मद अंतर्गत नगर विकास के लिये सभी नगरीय निकायों को राशि जारी किये है। इसी कड़ी में नगर निगम राजनांदगांव को अधोसंरचना मद अंतर्गत वार्डो में विकास कार्य कराने 5 करोड रूपये प्रदान किये गये है। गत मई माह में भी राज्य प्रवर्तित योजना के तहत मुक्तिधाम उन्नयन, तालाब सौदर्यीकरण, खेल मैदान एवं उद्यान निर्माण के लिये लगभग 5 करोड रूपये भी दिये गये थे। शासन द्वारा राशि दिये जाने पर महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया एवं जिले के प्रभारी मंत्री मोहम्मद अकबर का आभार व्यक्त किया है।

महपौर श्रीमती देशमुख ने बताया कि राज्य शासन द्वारा शहरों में विकास कार्य कराये जाने सभी नगरीय निकायो को गत माह राज्य प्रवर्तित योजना के तहत राशि प्रदान किये है और इस माह अधोसंरचना मद अंतर्गत रोड-नाली निर्माण के लिये करोड़ो रूपये की राशि प्रदान की है। ताकि राज्य के प्रत्येक नगरीय निकाय में विकास कार्य कराया जा सके। इसी कड़ी में मई माह में नगर निगम राजनांदगांव को 5 करोड़ रूपये की राशि मुक्तिधाम उन्नयन, तालाब सौदर्यीकरण, खेल मैदान एवं उद्यान निर्माण के लिये

प्राप्त हुई थी और अब जून महिने में अधोसंरचना मद अंतर्गत रोड-नाली एवं अन्य निर्माण के लिये 5 करोड़ रूपये की राशि प्रदान की गई है।

उन्होंने कहा कि कोरोना काल जैसे गंभीर आपदा की घड़ी में भी राज्य सरकार द्वारा अपने संवेदनशीलता का परिचय देते हुये उस संक्रामक बिमारी से लोगों को राहत पहुंचाने, फ्री वैक्सीनेशन सहित अन्य राहत समाग्री प्रदान किये है और अब लॉकडाउन के पश्चात शहर विकास के लिये करोड़ो रूपये की राशि प्रदान कर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सहृदयता का परिचय दिया है। उन्होंने बताया कि कल 11 मई को मुख्यमंत्री ने जिले को 192 कार्य के लिये 556 करोड़ की सौगात दिये जिसके तहत 325 करोड़ रूपये की लागत से 57 कार्यो का लोकार्पण एवं 231 करोड़ रूपये की 135 कार्यो का शिलान्यास कर वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से उनके द्वारा सौगात दी गयी। इसके लिये मै उनका आभार व्यक्त करती हूं। महापौर श्रीमती देशमुख ने बताया कि अधोसंरचना मद अंतर्गत शासन द्वारा नगर निगम राजनांदगांव को 5 करोड रूपये की राशि प्रदान की गयी है, जिसमें जिला समनामी सेवा समिति राजनांदगावं में स्व. मिनीमाता सांस्कृतिक केन्द्र भवन निर्माण, सेनीटेशन पार्क में बाउण्ड्रीवाज निर्माण, तालाब में टोवाल निर्माण एवं प्रवेश द्वार निर्माण सहित वार्डो में नाली एवं सीमेन्ट कांक्रीटिंग रोड निर्माण कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि पार्षदों की मांग अनुसार निगम द्वारा प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया था। जिसपर स्वीकृति प्रदान करते हुये राज्य शासन द्वारा उक्त मद अंतर्गत मूलभुत सुविधा उपलब्ध कराने 5 करोड़ रूपये की राशि प्रदान की गयी है।

डोंगरे ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराकर मानवता का दिया परिचय

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

लखोली वार्ड क्रमांक 36 के पार्षद प्रतिनिधि व भाजपा के युवा नेता आशीष डोंगरे ने मानवता का परिचय देते हुए एबीस कंपनी के द्वारा दुर्घटना में घायल हुए मरीजों को बसंतपुर जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। श्री डोंगरे ने बताया कि एबीस कंपनी में काम करने वाले ग्राम रातापायली व रीवागहन के मजदूरों को छोड़ने के लिए कंपनी का मालवाहक शाम को अजुनी से रातापायली की ओर जा रहा था, उसी बीच ग्राम रातापायली के बीच बबूल पेड़ से टकराकर दुर्घटना हो गई और इसमें सवार लगभग 13 - 14 मजदूर लगभग बुरी तरह घायल हो गए। जिसमें 4 महिलाओं की मृत्यु हो गई। दुर्घटना

के बाद घायलों को डोंगरगांव अस्पताल भेजा गया, तत्पश्चात घायलों को बसंतपुर जिला चिकित्सालय के लिए रेफर किया गया। दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद उन्होंने ने तत्काल बसंतपुर जिला चिकित्सालय पहुंचकर घायलों को खुद भर्ती कराया और डॉक्टरों से बात कर उचित चिकित्सा व्यवस्था कर दवाइयां भी दिलवाई।

क्विक न्यूज

16 महिला किसानों बीजों का वितरण किया गया

तिल्दा नेवरा। शनिवार को जनहित छत्तीसगढ़ विकास समिति घुनघुट्टी पारा विख पाली जिला कोरबा छत्तीसगढ़ द्वारा जैविक सब्जी कि खेती हेतु संस्थान के उपाध्यक्ष ज्ञान चंद इंदुवा के सानिध्य में 16 महिला किसानों को, मक्का, लौकी, ग्वार फल्ली, कुम्हड़ा आदि बीजों का वितरण किया गया। जनहित छत्तीसगढ़ विकास समिति बिलासपुर लगातार बहनों कि आजिविका सुनिश्चित करने हेतु अपना प्रयास कर रहे हैं। जिसके तहत महिला सशक्तिकरण, स्वालंबन, राजनैतिक तथा आर्थिक रूप से बहनों को मजबूत किया जा सके यह क्रम छोटे-छोटे रुप में तिल्दा रायपुर, कोटा बिलासपुर जिले छत्तीसगढ़ में बहनों को मजबूत, शसक्त करने का प्रयास कर रहे हैं। इस सिजन में सहयोग मिलने से बहनों ने संस्थान को धन्यवाद तथा सराहना किए हैं।

मोदी भ्रष्टाचार मुक्त भारत का सपना अधूरा ही रहेगा : विकास शर्मा

जांजगीर। भ्रष्टाचार एक बीमारी की तरह है। आज भारत देश में भ्रष्टाचार तेजी से बढ़ रहा है। इसकी जड़े तेजी से फैल रही है। यदि समय रहते इसे नहीं रोका गया तो यह पूरे देश को अपनी चपेट में ले लेगा। भ्रष्टाचार का प्रभाव अत्यंत व्यापक है। जीवन का कोई भी क्षेत्र इसके प्रभाव से मुक्त नहीं है। यदि हम आज की बात करें तो ऐसे कई उदाहरण मौजूद हैं जो कि भ्रष्टाचार के बढ़ते प्रभाव को दर्शाते हैं। जैसे आईपील में खिलाड़ियों की स्पॉट फिक्सिंग, नौकरियों में अच्छी पोस्ट पाने की लालसा में कई लोग रिश्वत देने से भी नहीं चूकते हैं। आज भारत का हर तबका इस बीमारी से ग्रस्त है। मेरा नाम विकास शर्मा सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में क्षेत्र के विकास व जन जागरूकता के लिए हमेशा काम करते रहता हूं और क्षेत्र के व्यक्तियों को शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए हमेशा वचनबद्ध हूँ।

दर्रीघाट में ग्रामीणों ने लोकवाणी का प्रसारण उत्साह से सुना, कोरोना संकट के बावजूद योजना के क्रियान्वयन में एक दिन की भी देरी नहीं

पायनियर संवाददाता ⮜ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आकाशवाणी से प्रत्येक माह प्रसारित होने वाली 'लोकवाणी' की 18वीं कड़ी में आज राजीव गांधी किसान न्याय योजना के विस्तार पर प्रदेशवासियों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ किसानों का, खेती-किसानी का राज्य है। हमारा मानना है कि किसान खुशहाल होगा, तभी प्रदेश खुशहाल होगा। विकास की इसी दूरगामी सोच के साथ हमने छत्तीसगढ़ में 21 मई 2020 को 'राजीव गांधी किसान न्याय योजना' की शुरूआत की है। यह योजना हमारी सरकार की कृषक हितैषी सोच को साफ-साफ दर्शाती है। इससे छत्तीसगढ़ में किसानों की आय बढ़ेगी और वे आर्थिक रूप से सक्षम बनेंगे।उन्होंने कहा कि यह योजना छत्तीसगढ़ के किसानों के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि कोरोना महासंकट के बावजूद योजना के क्रियान्वयन में एक दिन की भी देरी नहीं की गई। हमारी सरकार के कृषक हितैषी निर्णय के फलस्वरूप प्रदेश में लोगों ने खेती में निवेश भी बढ़ाया है।

मस्तूरी विकासखंड के ग्राम पंचायत दर्रीघाट में भी ग्रामीणों ने उत्साह के साथ लोकवाणी का प्रसारण सुना। सरपंच श्रीमती पवन बाई ने इस कड़ी को बहुत उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि वे भी गांव में सभी को वृक्षारोपण के लिए प्रोत्साहित करेंगी। गांव के ही श्री शाशिशंकर ने कहा कि कोरो ना संकट के बावजूद मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने इस वर्ष भी यह योजना बिना किसी बाधा के चलाई है। हम सभी लोग उन्हें योजना के लिए धन्यवाद देते हैं। ग्राम पंचायत के सचिव श्री कैलाश पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा किसानों की बेहतरी के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। इस वर्ष राजीव गांधी किसान न्याय योजना में कुछ नए प्रावधान करते हुए और अधिक लाभ किसानों को पहुंचाने का प्रयास किया गया है। श्री सलीम बक्स सिद्दीकी ने कहा कि नए प्रावधान के तहत वृक्षारोपण करने वाले किसानों को प्रति एकड़ दस हजार रूपए की आदान सहायता प्रदान की जाएगी। इससे वृक्षारोपण को बढ़ावा मिलेगा। श्फागू राम यादव ने इस कड़ी को लाभप्रद बताया। फिरोज खान ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना को किसानों के लिए वरदान बताते हुए कहा कि कई प्रदेशों में लोग खेती छोड़ कर अन्य काम कर हैं। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लिए गए किसान हितैषी फैसलों के चलते ही यहां लोगों का रुझान खेती किसानी में बढ़ रहा है। ग्राम के राहुल अंचल, संतराम कश्यप, जनक राम, आकाश बर्मन, अशोक चौहान, रितु टंडन, राजकुमार कश्यप, कामेश्वर कश्यप, पंचराम, ओम प्रकाश, सनत केवर्त एवं फाग बाई ने भी लोकवाणी सुनकर इस कड़ी की सरहाना की।

बाईपास पर खड़े वाहनों से करते थे मोबाईल चोरी

■ जूटमिल पुलिस के हत्थे चढ़े दो अपचारी बालक

पायनियर संवाददाता ⮜ रायगढ़
www.dailypioneer.com

पिछले कुछ दिनों से पुलिस चौकी जूटमिल अन्तर्गत छातामुड़ा बाईपास में खड़ी ट्रेलर, ट्रकों से ड्राइवरों की मोबाइल चोरी की शिकायतें लेकर ड्रायवर चौकी आ रहे थे, जिस पर चौकी प्रभारी जूटमिल निरीक्षक अमित शुक्ला द्वारा थाने के आरक्षकों एवं अपने मुखबिरों को क्षेत्र में संदिग्धों पर निगाह रखकर मोबाइल चारों की पतासाजी का निर्देश दिया गया था। इसी पतासाजी के दौरान पुलिस ने बाईपास मार्ग पर खड़े वाहनों से चालकों की मोबाईल चोरी करने वाले दो अपचारी बालकों को पकड़ा है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को जूटमिल चौकी स्टाफ टाऊन पेट्रालिंग पर थे। इसी दौरान बाईपास के पास मुखबिर से इन्हें सूचना मिली की दो लड़के बीती रात संदिग्ध हालत में देखे गए हैं, जिन्हें मोबाइल चोर होने के संबंध में पेट्रोलिंग स्टाफ पूछताछ किया। दोनों बालक उम्र क्रमशः 16 एवं 17 वर्ष के हैं। एक किशोर पढ़ाई कर रहा है तथा दूसरा काफी पहले छोड़ चुका है। उन्होंने बताया कि पिछले एक माह से वे लगातार बाईपास में सुनसान जगह पर खड़ी वाहनों में कीमती सामान तलाशते और मोबाइल मिलने पर चोरी कर रख लेते थे। अपचारी बालकों से कड़ी पूछताछ में इन्होंने बजरंगपारा के एक बाड़ी से टुल्लू पंप तथा ट्रांसपोर्ट नगर के पास एक बोलेरो वाहन से बैटरी चोरी करना कबूल किए हैं। दोनों अपचारी बालको की निशादेही में '17 नग विभिन्न कंपनियों के मोबाइल एक बैटरी एवं एक पुल्लू पंप' उनके घर से बरामद किया गया है। आरोपियों से कुल जब्ती चोरी की सम्पत्ति की कीमत करीब 1,78,000' है। अपचारी बालकों से जप्त हुए चोरी की संपत्ति के स्वामी का पता लगाया जा रहा है। मामले में दोनों अपचारी बालकों के विरुद्ध चौकी जूटमिल में धारा 41(1ब) 379 की कार्रवाई कर दोनों विधि उल्लंघनकारी बालकों को किशोर बाल न्यायालय पेश किया गया है।

बैजलपुर के लोकवाणी का प्रसारण उत्साह से सुना गया

पायनियर संवाददाता ⮜ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आकाशवाणी से प्रत्येक माह प्रसारित होने वाली 'लोकवाणी' की 18वीं कड़ी का प्रसारण आज रविवार को बेमेतरा जिले के नगरपंचायत साजा सहित पूरे जिले में उत्साह के साथ सुना गया। इस कार्यक्रम मे मुख्यमंत्री ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना के विस्तार पर प्रदेशवासियों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ किसानों का, खेती-किसानी का राज्य है। हमारा मानना है कि किसान खुशहाल होगा, तभी प्रदेश खुशहाल होगा। विकास की इसी दूरगामी सोच के साथ हमने छत्तीसगढ़ में 21 मई 2020 को 'राजीव गांधी किसान न्याय योजना' की शुरूआत की है। यह योजना हमारी सरकार की कृषक हितैषी सोच को साफ-साफ दर्शाती है। इससे छत्तीसगढ़ में किसानों की आय बढ़ेगी और वे आर्थिक रूप से सक्षम बनेंगे। उन्होंने कहा कि यह योजना छत्तीसगढ़ के किसानों के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगी। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि कोरोना महासंकट के बावजूद योजना के क्रियान्वयन में एक दिन की भी देरी नहीं की गई। हमारी सरकार के कृषक हितैषी निर्णय के फलस्वरूप प्रदेश में लोगों ने खेती में निवेश भी बढ़ाया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा किसानों की बेहतरी के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। इस वर्ष राजीव गांधी किसान न्याय योजना में कुछ नए प्रावधान करते हुए और अधिक लाभ किसानों को पहुंचाने का प्रयास किया गया है। नए प्रावधान के तहत वृक्षारोपण करने वाले किसानों को प्रति एकड़ दस हजार रूपए की आदान सहायता प्रदान की जाएगी, इससे वृक्षारोपण को बढ़ावा मिलेगा। इसी क्रम में बेमेतरा जिले के ग्राम-बैजलपुर के युवा देवा साहू, प्रदीप साहू, गोविंद राम, ने गांव के एक बरगद के पेड़ के नीचे बैठकर लोकवाणी का श्रवण किया। युवाओं ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लिए गए किसान हितैषी फैसलों के चलते ही यहां के लोगों का रुझान खेती किसानी में बढ़ रहा है। इसके लिए उन्होने प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उपस्थित कर्मचारियों एवं नगरवासियों ने भी लोकवाणी सुनकर इस कड़ी की सरहाना की और इस कड़ी को लाभप्रद बताया।

भारत तिब्बत सहयोग मंच के जांजगीर चाम्पा जिलाध्यक्ष बने सुदीप उपाध्याय, जांजगीर के अधिवक्ता अनुराग तिवारी बनाये गए युवा विभाग के प्रदेश महामंत्री

पायनियर संवाददाता ⮜ सक्ती
www.dailypioneer.com



भारत तिब्बत सहयोग मंच के राष्ट्रीय संयोजक इंद्रेश के मार्गदर्शन एवं चंद्रशेखर साहू (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन) के निर्देशन में प्रदेश अध्यक्ष कैलाश गुप्ता की अनुशंसा से प्रदेश महामंत्री चंद्रशेखर बघेल के द्वारा प्रांतीय टोली के विस्तार के साथ जांजगीर-चांपा जिलाध्यक्ष की घोषणा की गई, जिसके अनुसार सुदीप उपाध्याय को जांजगीर चाम्पा जिलाध्यक्ष बनाया गया। साथ ही भारत तिब्बत सहयोग मंच के युवा विभाग में प्रदेश महामंत्री के रूप में अनुराग तिवारी को जवाबदारी दी गई,सुदीप उपाध्याय छात्र नेता के रूप में ठाकुर छेदीलाल शासकीय महाविद्यालय के सचिव व उपाध्यक्ष के रूप में दायित्व निर्वहन कर चुके है, वही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र नेता रूप में अपनी सशक्त पहचान बनाने वाले अनुराग तिवारी पूर्व में भाजयुमो के जिला महामंत्री व नगर पालिका परिषद जांजगीर - नैला में एल्डरमेन के पद पर कार्य कर चुके है,एवम अधिवक्ता भी है, तिवारी ठा. छेदीलाल शास. महा. के जनभागीदारी समिति के सदस्य तथा जिला स्तरीय शासकीय कौशल विकास समिति के सदस्य के रूप में कार्य कर चुके हैं, उनकी नियुक्ति पर भाजपा नेता प्रशांत सिंह ठाकुर, अभिमन्यु राठौर, जितेंद्र देवांगन, राहुल सेन, पंकज अग्रवाल, राकेश राठौर, नरेंद्र राठौर, प्रमोद कहरा, प्रकाश कहरा, हेमंत पैगवार, शिव कश्यप, सोमा राठौर, प्रदीप राठौर ने हर्ष व्यक्त किया है।

बुजुर्ग के लिए मसीहा बने भूपदेवपुर टीआई

पायनियर संवाददाता ⮜ रायगढ़
www.dailypioneer.com

करीब 75 वर्ष के गरीब बुजुर्ग राकेश त्रिवेदी के आंखों की रौशनी चले जाने के बाद उसकी खुशियां अंधेरे में गुम हो गई थी। उसे खाने पीने से लेकर हर तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। ऐसे समय में इंसानियत का फर्ज अदा करते हुए भूपदेवपुर थाना के थाना प्रभारी उत्तम साहू ने बेसहारा को सहारा देते हुए पहले तो लॉक डाउन के 56 दिनों तक उसके लिए भोजन की व्यवस्था कराया और जब कोरोना कंट्रोलिंग की स्थिति में पहुंची तो बुजुर्ग को शहर के सिद्धेश्वर नेत्रालय में ले जाकर अपने खर्चे से मोतियाबिंद का ऑपरेशन भी कराया। ऑपरेशन के बाद बुजुर्ग राकेश के आंखों की रौशनी वापस लौट आई है। उसकी खुशियों का ठिकाना नहीं हैं। अब वह पहले की तरह सामान्य जिंदगी जी रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 75 साल के बुजुर्ग राकेश त्रिवेदी यू तो मुंगेली का रहने वाला हैं, लेकिन परिवारिक कलह के बाद जब से उसने घर छोड़ा है। 55 साल गुजरने के बाद भी अब तक वापस घर नहीं लौटा हैं। भूपदेवपुर क्षेत्र के होटल ढाबो में काम कर अपना गुजारा कर रहा था,लेकिन कोरोना संकट के बाद लॉक डाउन होने से होटल ढाबे बंद हो गए।उसके सामने रोजी रोटी का संकट आन खड़ा हो गया। अस्थाई ठिकाने के तौर पर उसने भूपदेवपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म को ही अपना आशियाना बना रखा था। वह मरने की स्थिति पर था,उसकी जिंदगी वीरान हो चुकी थी। ऐसे में थाना प्रभारी उत्तम साहू ने उसे जिस तरह सहारा दिया बुजुर्ग की जिंदगी फिर से खुशियों की किरणों के साथ खिलखिला उठी है।

छग में पूर्ण शराबबंदी को लेकर आम आदमी पार्टी सरायपाली का वर्चुअल धरना प्रदर्शन

सरायपाली। आम आदमी पार्टी विधानसभा अध्यक्ष आशिक हुसैन पार्टी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि कार्यकर्ताओं के साथ वर्चुअल प्रर्दशन करते हुए मुख्यमंत्री और आबकारी मंत्री के खिलाफ हत्या का अपराध कायम करने थाना प्रभारी सरायपाली को ज्ञापन सौंपा तथा जानकारी दी है कि ग्राम बेमचा के निवासी माता उमा साहू और पांच बेटियों ने शराबी पति की वजह से तंग आकर आत्महत्या करने पर मजबूर हो गए। इसका वजह पूर्ण रूप से कांग्रेस सरकार का शराब नीति है।जब कांग्रेस विपक्ष में था और भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ में शराब बेचने का गोरखधंधा चालू किया तब कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में छत्तीसगढ़ के माताएं बहने से वादा किया कि हम पूर्ण शराबबंदी छत्तीसगढ़ में करेंगे और लोगों से शराब की लत को छुड़ाने के लिए उनके इलाज के लिए दुरुस्त व्यवस्था करेंगे। लेकिन जैसे ही कांग्रेस सरकार सत्ता में आए अपना पुराना असली रंग दिखाना चालू कर दिया शराबबंदी के जगह पूरे छत्तीसगढ़ में शराब को कैसे सुगमता से आम जनता को परोस कर शराबी बनाया जाए।

सरपंच ,सचिव एवं व्यापारी की मिलीभगत बिना जीएसटी बिल का हो रहा उपयोग

पायनियर संवाददाता ⮜ मालखरौदा
www.dailypioneer.com

सरकारी कामों में खर्च की जाने वाले राशी में अफरा तफरी करने की नीयत से सरपंच, सचिव व्यापारीयों से मिलकर बिना जीएसटी बिल का उपयोग कर अवैध कमाई में जुट गए है। जांजगीर चाम्पा जिले के मालखरौदा ब्लाक अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत करिगावं का है जहां 14 वे वित्त की राशि से ग्राम विकास के नाम पर खर्च करने के बहाने सरपंच सचिव एवं व्यापारी मिल कर अवैध कमाई करने में लगें है मालखरौदा के एक व्यापारी चन्द्रा हार्डवेयर से ग्राम पंचायत करिगांव के सचिव एवं सरपंच ने 3 बिल पर एक लाख रुपए की सामग्री खरीदी की। आपको बता दे एक लाख की खरीदारी में जो बिल लगाया वह बिना जीएसटी का है। और तीनों बिल एक ही तारीख को जारी किया गया है। इससे साफ साफ समझा जा सकता है कि ग्राम विकास के नाम पर लाखों की खरीदी में बिना जीएसटी बिल लगाकर सरपंच ,सचिव एवं व्यापारी मालामाल हो रहे है।

ले सकते है हम समान बिना जीएसटी के समान- करिगांव सचिव- मामले को लेकर जब ग्राम पंचायत करिगांव सचिव से बात किया गया तो उनका कहना है कि हम बिना ल्स्ज्ञ के भी समान ले सकते है लेकिन आपको बता दे कि यह नियम के खिलाफ है बिना ल्स्ज्ञ के लाखों का समान नहीं लिया जा सकता है लेकिन ग्राम पंचायत करिगांव के सरपंच सचिव नियम को दरकिनार करते हुए पंचायत मे बिल लगया गया है।

पूरे प्रदेश में आज दस हज़ार कैंप पूरा हुआ,शासन ने जारी किए आंकड़े

सात माह में बिलासपुर में मेडिकल मोबाइल यूनिट में पचास हजार से अधिक मरीजों का इलाज, हर एक मोबाइल यूनिट के आधार पर बिलासपुर में सबसे अधिक मरीजों का इलाज

पायनियर संवाददाता ⮜ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत मेडिकल मोबाइल यूनिट के ज़रिए गरीबों के इलाज करने में यूनिट की उपलब्धता के आधार पर बिलासपुर नगर निगम ने पूरे प्रदेश में सबसे अधिक मरीजों का इलाज़ किया है। प्रदेश के अन्य नगरीय निकायों की तुलना में बिलासपुर नगर निगम ने सिर्फ़ चार मोबाइल यूनिट के ज़रिए ही नवंबर माह से अब तक 53136 मरीज़ों का इलाज किया है,जो बाकी शहरों की अपेक्षा में प्रति यूनिट मरीजों की संख्या अधिक है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा ÷मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना÷ के तहत राज्य के सभी नगर निगमों में स्लम एरिया के निवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के उद्देश्य से मेडिकल मोबाइल यूनिट के ज़रिए निःशुल्क इलाज की सुविधा 1 नंवबर 2020 को छत्तीसगढ राज्य के स्थापना दिवस के अवसर पर शुरू किया गया था। इस योजना के तहत पूरे प्रदेश में अब तक दस हज़ार शिविर आयोजित कर लिया गया है जिसमें पांच लाख मरीजों का इलाज किया जा चुका है। प्रदेश के बड़े शहर जैसे रायपुर में 15 मोबाइल यूनिट में लगभग एक लाख छब्बीस हज़ार मरीज,दुर्ग में 4 मोबाइल यूनिट में लगभग तैतीस हज़ार मरीज़,जगदलपुर में 4 मोबाइल यूनिट में 28 हज़ार मरीजों का तो वहीं बिलासपुर में सिर्फ़ 4 मेडिकल मोबाइल यूनिट के ज़रिए 53136 मरीजों का इलाज करते हुए नगर निगम ने कीर्तिमान स्थापित किया है। यूनिट की उपलब्धता के लिहाज से बिलासपुर ने सबसे अधिक मरीजों का इलाज़ किया है। बिलासपुर में नगर निगम द्वारा अब तक शहर के कुल 48 स्लम क्षेत्रों में 182 दिन शिविर लगाया गया है। इसके अलावा कोरोना का टीका भी मोबाइल यूनिट के ज़रिए लगाया गया है।पूरे प्रदेश में दस हज़ार शिविर पूरा होने पर राज्य शासन ने आज आंकड़े जारी किए। कमिश्नर बोले आगे भी उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रहेगा इस अवसर पर कमिश्नर अजय त्रिपाठी ने कहा झुग्गी निवासियों को मिलने वाली इस सुविधा का और भी बेहतर ढंग से हम क्रियान्वयन करेंगे,अधिक से अधिक लोगों को इस सुविधा का लाभ मिलें यही प्रयास रहेगा। लोगों को मिला लाभ-महापौर इस अवसर पर महापौर श्री रामशरण यादव ने कहा की मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की इस महत्वाकांक्षी योजना से निश्चित तौर पर लोगों को लाभ मिल रहा हैं,आगे भी अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिलें इसके लिए योजना के तहत काम करेंगे। मेडिकल टीम को इस उपलब्धि के लिए महापौर श्री यादव ने बधाई दी। 48 हज़ार से अधिक लोगों को दवाई और 8 हज़ार लोगों का टेस्ट मेडिकल मोबाइल यूनिट में उपलब्ध लैब में अब तक 8727 लोगों का निःशुल्क टेस्ट किया गया है,तो वहीं योजना के तहत 48672 लोगों को निःशुल्क दवाईयां भी बांटी गई है। दाई-दीदी क्लिनिक में 11 हज़ार से अधिक लोगों का इलाज मान.मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा महिलाओं के लिए विशेष तौर पर दाई-दीदी क्लिनिक की भी शुरुआत की गई है,जिसमें बिलासपुर शहर में अब तक 163 कैंप के ज़रिए 11858 महिलाओं का इलाज किया गया है।

कोरोना से सम्बंधित दवाओं और मशीनों पर जीएसटी रेट में भारी कटौती सवेंदनशील निर्णय : सीए अमित चिमनानी

पायनियर संवाददाता ⮜ सक्ती
www.dailypioneer.com

कोरोना से सम्बंधित दवाओं और मशीनों पर जीएसटी रेट कम करने भारत सरकार के वित्त मंत्रालय ने एक 8 सदस्यों की कमिटी बनाई थी जिसकी सिफारिश पर दवाइयों और मशीनों व अन्य चीज़ों पर जीएसटी रेट में भारी कमी की गई है,सीए ब्रांच के पूर्व अध्यक्ष व महालेखाकार के पूर्व सलाहकार जीएसटी एक्सपर्ट सीए अमित चिमनानी इसे जनता को राहत देता कदम बताकर विस्तार से जानकारी में बताया कि मेडिकल ग्रेड आक्सीजन, ऑक्सीजन कंसनट्रेटर, वेंटीलेटर, वेंटिलेटर मास्क बी पेप मशीन हाई फ्लो नजल कैनुला, कोविड टेस्टिंग किट पल्स आक्सीमीटर, रेमडीसीवीर इंजेक्शन पर जीएसटी में 7 प्रतिशत कई कमी की गई है अब इनपे 12 प्रतिशत की जगह केवल 5 प्रतिशत जीएसटी लगेगा,वही ब्लैक फंगस और कोरोना में इस्तेमाल होने वाली इंजेक्शन टॉकलीज़ुमेड, अम्फोटेरिसिन ब्क को टैक्स फ्री कर दिया गया है। हैंड सेनेटाइजर, ओर बुखार नापने के इक्रिप्मेंट में 13 प्रतिशत जीएसटी कम की गई है अब इनमें 18 प्रतिशत की जगह केवल 5 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। वहीं एम्बुलेंस पर जीएसटी में 16 प्रतिशत कमी की गई है इस पर 28 प्रतिशत की जगह केवल 12 प्रतिशत जीएसटी लगेगा, सीए अमित चिमनानी ने बताया कि देश का हर वर्ग इस निर्णय से लाभ ले सकेगा और अब इन सब चीज़ों के इस्तेमाल में उसके काफी पैसे बचेंगे।

राजधानी रायपुर और नये जिले जीपीएम के लिए विकास की प्राथमिकताएं एक जैसी : सीएम बघेल

रायपुर और गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिलों में 681 करोड़ रूपए के कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ के लोगों के जीवन में बदलाव लाने के साथ-साथ जिलों में मजबूत अधोसंरचना का विकास एवं नागरिक सुविधाओं की बढ़ोतरी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजधानी रायपुर हो या नया जिला गौरेला-पेंड्रा-मरवाही दोनों के विकास के लिए राज्य सरकार की प्राथमिकताएं एक जैसी हैं। नये जिले के विकास के लिए संसाधनों की कमी नही होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी रायपुर सहित सभी जिलों का विकास उसकी गरिमा के अनुरूप किया जा रहा है। रायपुर जिले के शहरी क्षेत्रों से उनके आसपास के गांवों के रोड़ नेटवर्क को मजबूत करने का काम लगातार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री बघेल यहां अपने निवास कार्यालय में रायपुर और गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले में 681 करोड़ रूपए से अधिक लागत के 752 विकास कार्यों के लोकार्पण-भूमिपूजन के वर्चुअल कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। रायपुर जिले में 561 करोड़ 32 लाख रूपये के 391 विकास कार्यों में से 100 करोड़ 32 लाख रूपये के 28 कार्यों का लोकार्पण और 461 करोड़ रूपए के 363 कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इसी प्रकार गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले में 120 करोड़ 8 लाख रूपए की लागत के 361 कार्यों में 67 करोड़ 26 लाख रूपये के लागत से

300 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं 52 करोड़ 81 लाख रूपये के 61 कार्यों का लोकार्पण शामिल हैं। वर्चुअल कार्यक्रम में मुख्यमंत्री बघेल ने रायपुर के बाल आश्रम में समाजसेवी श्रीमाल और पत्रकारिता के पुरोधा गोविंदलाल वोरा की प्रतिमा का भी अनावरण किया। उन्होंने कहा कि समाजसेवी नेमीचंद श्रीमाल और पत्रकारिता के पुरोधा गोविंदलाल वोरा ने समाज सेवा के क्षेत्र में जो योगदान दिया है उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। छत्तीसगढ़ में दाऊ कल्याण सिंह से लेकर नगर माता बिन्नी बाई तक त्याग, दान और परोपकार की परंपरा रही है। नेमीचंद श्रीमाल जी और गोविंद लाल वोरा जी ने उसी परंपरा को आगे बढ़ाया। उनकी प्रतिमाएं लोगों को हमेशा परोपकार के लिए प्रेरित करती रहेंगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने दोनों जिलों में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में रायपुर स्मार्ट योजना क्षेत्र में 74 करोड़ 38 लाख रुपए की राशि से निर्मित होने वाली चौबीसों घंटे-सातों दिनों जल प्रदाय की सुविधा वाली योजना सहित अनेक कार्यो का भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि सड़कों, पुल-पुलियों, बिल्डिंगों के मामले में गौरेला-पेंड्रा-मरवाही भले ही आज पीछे हो, लेकिन राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना और सुराजी गांव योजना का लाभ लेने में पीछे नहीं है। गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत बैगा तथा अनुसूचित जनजाति के 723 किसानों को 300 हेक्टेयर में कोदो की खेती के लिए निःशुल्क बीज का वितरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ सहित गौरेला-पेंड्रा मरवाही जिले में भी कोरोना के खिलाफ बहुत सफलता के साथ लड़ाई लड़ी गई। गौरेला-पेंड्रा मरवाही जिले में वनवासी भाइयों को पिछले दो वर्षों में 1676 लोगों को 603 हेक्टेयर भूमि के व्यक्तिगत वन अधिकार पट्टे तथा 51 सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्रों के जरिए 38,650 हेक्टर से अधिक भूमि पर लोगों को वन संसाधन के अधिकार दिए गए हैं। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान को गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में भी अच्छी सफलता मिली है। वर्ष 2019-20 में इस जिले के बच्चों में कुपोषण का प्रतिशत 23.12 था, जो 2020-21 में घटकर 20.46 प्रतिशत हो गया है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ.चरणदास महंत ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों से वंचितों, गरीबों, आदिवासियों, किसानों, महिलाओं में आत्मविश्वास पैदा किया है। छत्तीसगढ़ के लोगों में जागरूकता आई है। अब वे मुखर होकर बोलने लगे हैं। यहीं छत्तीसगढ़िया की असली पहचान है। कृषि एवं जल संसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे ने कहा कि कोरोनाकाल में दिवंगत शासकीय सेवकों के आश्रितों को एक माह के भीतर अनुकंपा नियुक्ति दिलाना, मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता का परिचायक है। उन्होंने कहा कि गोधन न्याय योजना और स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल जैसी योजनाओं से छत्तीसगढ़ में क्रांतिकारी बदलाव आएगा। कार्यक्रम में राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री का नवगठित जिले गौरेला-पेंड्रा-मरवाही के प्रति विशेष लगाव रहा है। यह जिला नया होने के बावजूद तेजी से विकास कर रहा है।

दो दिन तक प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर भारी से अति भारी बारिश की चेतावनी

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

सामान्य से छह दिन पहले आया मानसून आज छत्तीसगढ़ में पूरी तरह छा गया है। इसके प्रभाव से रायपुर सहित प्रदेश के सभी जिलों में अधिकांश स्थानों पर बरसात जारी है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के लिए प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर भारी से अति भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है। कई स्थानों पर वज्रपात की भी संभावना है। रायपुर मौसम विज्ञान केंद्र के विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया, दक्षिण-पश्चिम मानसून मध्य प्रदेश के कुछ और हिस्सों में आगे बढ़ गया है। मानसून अब संपूर्ण छत्तीसगढ़, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, झारखंड, बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश के अधिकांश भागों, पश्चिम उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों, संपूर्ण उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गिलगित-बाल्टिस्तान और मुजफ्फराबाद तक पहुंच गया है। उत्तरी हरियाणा, चंडीगढ़ और उत्तरी पंजाब के कुछ हिस्सों में भी मानसून पहुंच गया है। अभी मानसून की उत्तरी सीमा दीव, सूरत, नंदुरबार, भोपाल, नौगांव, हमीरपुर, बाराबंकी, बरेली, सहारनपुर, अंबाला और अमृतसर है। मौसम विभाग के मुताबिक दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। छत्तीसगढ़ में सामान्य तौर पर मानसून 16 जून को आता है। इस मौसम विभाग ने 10 जून तक आने की संभावना जताई थी। मानसून के केरल तट तक पहुंचने में विलंब हुआ तो यहां पहुंचने की संभावना को आगे बढ़ा दिया गया। त्वरित अनुमानों को धता बताते हुए मानसून 9-10 जून की रात में सक्रिय होकर रायपुर तक पहुंच गया। शनिवार को इसकी सक्रियता पेण्ड्रा रोड तक सीमित थी। मौसम विभाग के मुताबिक बंगाल की उत्तर-पश्चिमी खाड़ी और पश्चिम बंगाल और उत्तरी ओडिशा के आसपास के तटीय क्षेत्रों पर एक निम्न दबाव का क्षेत्र कल से बना हुआ है। संबंधित चक्रवाती परिसंचरण मध्य ट्रोपोस्फेरिक स्तर तक फैला हुआ है और ऊंचाई के साथ दक्षिण-पश्चिम की ओर झुका हुआ है। इसके अगले 2-3 दिनों के दौरान ओडिशा, झारखंड और उत्तरी छत्तीसगढ़ में पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है। बताया गया, एक द्रोणिका मध्य पाकिस्तान से बंगाल की उत्तर-पश्चिम खाड़ी और पश्चिम बंगाल के आसपास के तटीय क्षेत्रों और दक्षिण हरियाणा, दक्षिण उत्तर प्रदेश में उत्तर ओडिशा के बीच कम दबाव के क्षेत्र तक, पूर्वोत्तर मध्य प्रदेश, उत्तरी छत्तीसगढ़ और झारखंड होते हुए समुद्र तल से 1.5 किमी ऊंचाई तक स्थित है। वहीं एक पूर्व-पश्चिम द्रोणिका 4.5 किमी से 5.8 किमी तक उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी से पश्चिम मध्य अरब सागर तक दक्षिण छत्तीसगढ़, उत्तरी तेलंगाना, उत्तरी आंतरिक कर्नाटक और दक्षिण कोंकण होते हुए स्थित है।

मौसम विभाग के मुताबिक 14 जून को प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

45+पत्रकारों एवं उनके परिजनों के लिए टीकाकरण प्रेस क्लब में 14 को

रायपुर। रायपुर प्रेस क्लब में पत्रकार साथियों (केवल सदस्य) एवं उनके परिजनों के लिए 45+टीकाकरण का आयोजन 14 जून को 10 बजे से आयोजित किया गया है। शिविर में जिन 45 वर्ष के ऊपर आयु वर्ग के सदस्यों को अभी तक टीका नही लग पाया है उन्हें पहला टीका व जिन सदस्यों ने पहला टीका लगवा लिया है और 84 दिवस पूर्ण हो चुके है उन्हें दुसरा टीका लगाया जाएगा। सदस्य गण प्रेस क्लब कार्यालय सचिव शिव दत्ता से मोबाइल नंबर 9826174441 पर एसएमएस कर जल्द से जल्द नाम दर्ज कराएं। सीमित टीका उपलब्ध होने के कारण पहले नाम दर्ज कराने वालों को ही प्राथमिकता होगी।

कोरोना से मृत व्यक्तियों के 32 परिवारों को मिली आर्थिक मदद : राजेन्द्र नायक

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ मरार पटेल समाज के प्रदेशाध्यक्ष राजेंद्र नायक पटेल के मार्गदर्शन में प्रदेश के पदाधिकारियों की वर्चुअल बैठक आयोजित कर प्रदेश में मरार समाज के व्यक्तियों का कोरोना निधन होने पर उनके परिवार को पांच-पांच हजार रूपये की सहायता राशि प्रदान की गई। कोरोना महामारी की वजह से समाज के अनेक लोगों की जान जा चुकी है। कोरोना काल में अपनों को खोने की वजह से कई परिवारों पर आर्थिक संकट भी आया है। वहीं इसकी वजह से कई बच्चे अनाथ हो गए हैं। इन सभी की मदद के लिए मरार समाज आगे आकर ऐसे 32 परिवार को सहायता राशि सौंपी गई है। वर्चुवल कार्यक्रम को प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र नायक पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि मरार समाज ने कोरोना काल में अनेक समाज के ख्याती प्राप्त व्यक्तियों को खोया है तथा हम ऐसे निर्धन परिवार के सदस्यों को खोया है जो अपने परिवार के लिए जीविका का एक मात्र साधन थे ऐसे निर्धन व्यक्तियों के सहयोग के लिए पूरे प्रदेश में मरार समाज ने एक मुहिम की शुरूवात का समाज के लोगों से आर्थिक सहयोग की अपील कर राशि एकत्रित कर कोरोना से मृत निर्धन परिवार के 32 सदस्यों को पांच-पांच हजार की सहायता राशि प्रदान कर उनके परिवारों को सबल प्रदान किया है। यह हमारे मरार समाज के लिए गर्व की बात है इससे पूरे प्रदेश में मरार समाज गरीबों के मदद के लिए तत्परता के साथ सहयोग किया जायेगा।

अब नक्सली सड़कों पर, सरकार ने डाले हथियार : कौशिक

पायनियर संवाददाता ◂ कोरबा
www.dailypioneer.com

नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा है कि प्रदेशभर में रेत माफिया, शराब माफिया, ड्रग माफिया, कोल माफिया पूरी तह हावी है, सक्रिय हैं। इसी तरह से राज्य सरकार नक्सलियों के आगे हथियार डाल चुकी है। जो नक्सली भाजपा की सरकार में बैकफुट पर थे वे मुख्य सड़कों पर आ धमके है।

कोरोना से भी निबटने में भी भूपेश सरकार पूरी तरह फेल रही। वैक्सिनेशन कार्यक्रम मे प्रदेश फिसड्डी साबित हुआ है। प्रदेश सरकार के ढाई साल के कार्यकाल की उपलब्धि गिनाते हुए कौशिक ने मीडिया से यह बात कही। उन्होंने आरोप लगाया कि टीकाकरण को लेकर खुद

सरकार के जवाबदार लोगो ने जो भ्रम फैलाया उसका नतीजा यह रहा कि महज आठ लाख लोगों के टीकाकारण में राज्य सरकार के पसीने छूट गए, उनके सारे दावों की पोल खुल गई। इस अव्यवस्था की वजह से वैक्सीनेशन कार्यक्रम को केंद्र को अपने हाथों में लेना पड़ा।

भूपेश सरकार से संरक्षण प्राप्त अस्पतालों में लोगो को आयुष्मान योजना का लाभ नही मिल सका, कोरोना इलाज के नाम पर लोगो को लूटा गया। उन्होंने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि ना ही शराबबंदी हुई और ना ही बेरोजगारो को पच्चीस सौ रुपये भत्ता दिया गया। कोरोना काल में देखा गया कि पूर्ण शराब बंदी के वादे के बीच जहां उन्हें दवाइयां पहुंचानी चाहिए थी वहां दवा तो नही लेकिन शराब जरूर पहुंचाया गया।

किसानों को छलने वाली सरकार ने दो वर्षों तक बोनस वितरण की बात कही थी लेकिन आज इस पर शासन और कांग्रेस के नेताओ ने चुप्पी साध ली है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि छात्र पांच सवालों को हल करने की स्थिति में नहीं है। आज उनतक ना किताबे पहुंच सका, ना गणवेश और ना ही सायकल। नदियों में स्कूली ड्रेस बहाए जा रहे है।

कांग्रेस संचार विभाग में फेरबदल सुशील आनंद मुख्य प्रवक्ता आरपी को यूथ कांग्रेस व एनएसयूआई के मीडिया की जिम्मेदारी 5 विधायक बनाये गये हैं पार्टी के नये प्रवक्ता

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

कांग्रेस मिशन 2023 के लिए अभी से ही तैयारी में जुट गयी है। सरकार की आवाज को बुलंद करने के लिए कांग्रेस ने संचार विभाग में बदलाव किया है। पार्टी ने जहां 5 विधायकों को कांग्रेस पार्टी का नया प्रवक्ता बनाया है। मीडिया विभाग के चेयरमैन शैलेश नितिन त्रिवेदी ने ये जानकारी दी है। उन्होंने कहा है कि संचार विभाग में नयी जिम्मेदारी दिये जाने से भाजपा के खिलाफ आक्रमण में हमें धार मिलेगी। वहीं सुशील आनंद शुक्ला अब पार्टी के मुख्य प्रवक्ता होंगे। संचार विभाग के सदस्य आरपी सिंह अब सदस्य के साथ-साथ एनएसयूआई और यूथ कांग्रेस के मीडिया व सोशल मीडिया प्रभारी बनाये गये हैं। सुशील आनंद शुक्ला अब कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता के साथ-साथ प्रवक्ताओं का कार्डिनेशन भी देखेंगे। जिन विधायकों को पार्टी का प्रवक्ता बनाया गया है, उनमें भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव, कसडोल से विधायक व संसदीय सचिव शकुंतला साहू, विधायक व संसदीय सचिव बिनोद चंद्राकर, रामकुमार यादव और कुंवर निषाद शामिल हैं।

कांग्रेस सरकार के ढाई साल पूरे होने पर 5 दिवसीय कार्यक्रम, सीएम भूपेश गिनाएंगे 30 महीने की उपलब्धि

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के ढाई साल 17 जून को पूरे होने जा रहा है। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने सोमवार 14 जून से 5 दिवसीय कार्यक्रम तैयार किया है। इसका मकसद संगठन को फिर से तैयार करना है।

राजीव भवन में सोमवार को दोपहर 12 बजे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम राज्य और संभाग स्तरीय बूथ प्रबंधन समिति की बैठक लेंगे। मंगलवार को सभी प्रदेश पदाधिकारी मोर्चा-संगठन और प्रकोष्ठ-विभाग के प्रदेश अध्यक्षों का प्रशिक्षण होगा। इसी दिन प्रदेश कांग्रेस प्रभारी पीएल पुनिया पदाधिकारियों को संबोधित भी करेंगे। वही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी अपनी सरकार के 30 महीने की उपलब्धि पदाधिकारियों को बताएंगे. मंगलवार के कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए प्रदेश कांग्रेस प्रभारी पीएल पुनिया सोमवार को शाम 4 बजे रायपुर पहुंचेंगे। वरिष्ठ कांग्रेस जनों से चर्चा करेंगे।

बुधवार को महंगाई के विरोध में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम, महिला प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष फूलोदेवी नेताम और राज्यसभा सांसद छाया वर्मा पत्रकार वार्ता लेंगे. इसी दिन प्रदेश और जिला के प्रवक्ताओं का प्रशिक्षण होगा. गुरुवार को समस्त बूथ, ब्लॉक और जिला स्तर पर एक ऑडियो लॉन्च किया जाएगा। इसी तरह शुक्रवार को महंगाई के विरोध में सांकेतिक चक्काजाम सभी राष्ट्रीय और राजकीय सड़क मार्गों पर 5 मिनट तक किया जाएगा।

पं. नेहरू के बाद सीएम भूपेश बने बच्चों के चचा, लोकवाणी में कहा-भतीजा-भतीजी मन ल मोर डहर ले जय जोहार

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू के बाद सीएम भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ के बच्चों के चाचा बन गए है। सीएम ने रविवार को अपने मासिक कार्यक्रम 'लोकवाणी' में प्रदेश के बच्चों का खासतौर पर जिक्र करते हुए भतीजा-भतीजी कहा। बता दें कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को मामा कहा जाता है। अब छत्तीसगढ़ में भी रिश्तों की एक नई परंपरा शुरू होती दिख रही है। दरअसल, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लोगों से कनेक्ट होने के लिए लोकवाणी का आयोजन करते हैं। रविवार को राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत वादे और बदलाव को लेकर चर्चा की। उन्होंने कार्यक्रम की शुरुआत से पहले छत्तीसगढ़ी में कहा कि लोकवाणी के सुनइया सब्बो सियान मन ल, दाई-दीदी मन ल, भतीजा-भतीजी मन ल, अउ सब्बो-संगवारी मन ल मोर डहर ले जय जोहार। आप मन के सहयोग अउ मया के सेती हमर लोकवाणी के एक-एक कड़ी आगू बढ़त जावत हे। आप मनके गोठ-बात ल सुनथंव, त मोला नवा-नवा जानकारी मिलथे। हमर सरकार ह आप मन बर जेन योजना बनाके काम करत हे, ओकर बारे म जमीनी जानकारी मिलथे। आप मन के बिचार अउ सुझाव घलोक मिलथे, एकर बर आप जम्मो मन ल धन्यवाद।

रमन जाने जाते थे 'चाउर वाले बाबा'

पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह भी ऐसे ही एक नाम से देश विख्यात थे। वे अपनी पीडीएस स्कीम को लेकर 'चाउर वाले बाबा' के नाम से प्रसिद्ध हुए थे। कहा जाता है कि गरीबों को राशन मुहैया करवाने के लिए उन्होंने पीडीएस स्कीम की सबसे पहले शुरुआत की थी। बाद में केन्द्र की सरकार ने इस योजना को खूब सराहा और देश भर में इस योजना के तहत गरीब परिवारों को राशन उपलब्ध कराया। जिसके कारण रमन सिंह को पूरे देश भर में 'चाउर वाले बाबा' के नाम से पहचानने लगे।

नंदिनी महिला स्व-सहायता समूह को वर्मी कम्पोस्ट और स्टेशनरी के काम में एक लाख रूपए से ज्यादा की आमदनी

विनय कुमारी राजीव गांधी किसान न्याय योजना की पहली किश्त में मिले 1 लाख रूपए खेती-किसानी में लगाएंगी

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश के नये जिले गौरेला-पेंड्रा-मरवाही के ग्रामीण भी राज्य शासन की योजनाओं का लाभ लेने में आगे हैं। शासकीय योजनाओं से मिली सहायता से ये ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। इस जिले के गौरेला विकासखण्ड के अंधियारखोर बरगांव की विनय कुमारी ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को लोकार्पण और भूमिपूजन के वर्चुअल कार्यक्रम में बताया कि उन्हें राजीव गांधी किसान न्याय योजना का लाभ मिला है। विनय कुमारी ने बताया कि समर्थन मूल्य पर 635 क्विंटल धान बेचा था, राजीव गांधी किसान न्याय योजना की प्रथम किश्त के रूप में उन्हें एक लाख 4 हजार रूपए की राशि मिली है। इसका उपयोग वे खेती-किसानी के लिए करेंगी। गौरेला जनपद के देवरगांव के दरबारी लाल बैगा ने बताया कि वे अपने खेत में धान की खेती करते थे, इस बार उन्होंने धान के बदले कोदो लगाने का फैसला किया है। इसका

बीज कृषि विभाग से मिल रहा है। वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन करने वाले पेण्ड्रा जनपद के बारीउमराव गांव के नंदिनी महिला स्व-सहायता समूह की शांति मरावी ने बताया कि उनके समूह द्वारा 153.8 किलो वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन किया था। वर्मी कम्पोस्ट की बिक्री से उन्हें 51 हजार 238 रूपए की राशि मिली है। उन्होंने यह भी बताया कि उनके समूह द्वारा स्टेशनरी का काम भी किया जा रहा है। रजिस्टर और फाईल समूह द्वारा बनाई जाती है। उन लोगों ने 3 लाख 17 हजार की स्टेशनरी सामग्री की बिक्री की, जिसमें उन्हें 50 हजार 250 रूपए का लाभ मिला। उन्होंने गांव-गांव में महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की ग्रामीण महिलाएं योजनाओं का लाभ ले रही हैं। उनमें आत्मविश्वास दिखाई दे रहा है। महिलाएं व्यापार भी कर रही हैं और आर्थिक दृष्टि से मजबूत भी हो रही हैं। राज्य सरकार का यह प्रयास है कि छत्तीसगढ़ की हर महिला हुनरमंद बनें, ताकि हमारा छत्तीसगढ़ समृद्ध हो। मरवाही विकासखण्ड के ग्राम डोंगरिया के आदि शक्ति किरण महिला स्व-सहायता समूह की तंत्रिका बाई केवरा ने बताया कि मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत उनका समूह 4.04 एकड़ में फलदार वृक्षों जामुन, कटहल, अमरूद जैसी प्रजातियों के पौधे लगा रहे हैं। अभी 195 पौधे लगाए हैं और भी पौधे लगाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना में यदि साल भर बाद पौधे जीवित रहते हैं तो उन्हें 10 हजार प्रति एकड़ के मान से 3 साल तक प्रोत्साहन राशि मिलेगी। उसके बाद जब फल आएंगे, उनकी बिक्री करके भी वे अतिरिक्त लाभ कमाएंगे। पेण्ड्रा विकासखण्ड के साल्हेटोली की मंगली बाई बैगा ने बताया कि उन्हें आधा हेक्टेयर जमीन पर वन अधिकार मान्यता पत्र मिला है। मुख्यमंत्री ने उनसे पूछा कि जिस भूमि का उन्हें अधिकार मिला है उसका क्या करेंगी? मंगली बाई ने बताया कि जमीन पर वे कोटो-कुटकी बोएंगी। मुख्यमंत्री ने दरबारी लाल को बताया कि जो किसान धान के बदले दूसरी फसल ले रहे हैं। उन्हें राजीव गांधी किसान न्याय योजना में प्रति एकड़ 10 हजार रूपए की इनपुट सब्सिडी मिलेगी। बघेल ने उनसे कहा कि कोदो का उन्हें धान से ज्यादा रेट मिलेगा। कोदो का समर्थन मूल्य 3 हजार रूपए प्रति क्विंटल है। उल्लेखनीय है कि गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत बैगा तथा अनुसूचित जनजाति के 723 किसानों को 300 हेक्टेयर में कोदो की खेती के लिए निःशुल्क बीज का वितरण किया जा रहा है। शासकीय हाई स्कूल पेण्ड्रा की कक्षा 8वीं की छात्रा मुस्कान सोनवानी ने बताया कि उन्हें स्थायी जाति प्रमाण पत्र मिल गया है।

धान के बदले वृक्षारोपण करने पर प्रति एकड़ 10 हजार रूपए की सहायता दी जायेगी

कांकेर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लोकवाणी के 18वें कड़ी में प्रदेश के किसानों से 'राजीव गांधी किसान न्याय योजना के संबंध में चर्चा किये। 21 मई 2020 को छत्तीसगढ़ में 'राजीव गांधी किसान न्याय योजना' की शुरुआत की थी, इस योजना के तहत पूरी राशि का भुगतान चार किस्तों में करने की घोषणा की थी, इस बीच कोरोना महामारी की चुनौती आई। इसके चलते योजना के भविष्य को लेकर कयास लगाना शुरू हो गया था। लेकिन मुख्यमंत्री बघेल ने आशंकाओं को निर्मूल साबित किया और योजना के दूसरे वर्ष की पहली किस्त 21 मई 2021 को किसानों के खाते में डाल दी। राज्य सरकार का पहला फैसला था, किसानों की कर्ज माफी और उन्हें धान का दाम 2500 रुपए प्रति क्विंटल देना। पूर्व प्रधानमंत्री, आधुनिक भारत के स्वप्नदृष्टा, भारतरत्न स्वर्गीय राजीव गांधी जी के शहादत दिवस 21 मई 2020 को हमने राजीव गांधी किसान न्याय योजना की शुरुआत की तथा पहली किस्त के रूप में 1500 करोड़ रुपए किसानों के खाते में डाले तथा सालभर के भीतर चार किस्तों में पूरी राशि 5 हजार 628 करोड़ रुपए का भुगतान 18 लाख 45 हजार किसानों के खाते में कर दिया गया। 'राजीव गांधी किसान न्याय योजना 2021' के लिए बाकायदा बजट में 5 हजार 703 करोड़ का प्रावधान किया।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403